आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 150, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत 14

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज 13

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हरेला पर्व पर किया पौधरोपण

- पर्यावरण व जल संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया लोकपर्व हरेला

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर राज्य भर में पौधरोपण किया गया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत विशिष्टजनों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। राज्य में हरेला पर्व पर दो करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने हरेला पर्व पर राजभवन परिसर में लुकाट प्रजाति के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर राजभवन परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी परिसर में लुकाट सहित नीम, पुलम, कटहल, रंगीन प्रजाति के आम, अमरूद व जामुन के पौधों का वृक्षारोपण किया।

छोलिया नर्तक दल ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए और इस पर्व की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में प्रकृति को महत्व देने की हमारी परंपरा रही है, प्रकृति के विभिन्न रूपों की हम पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व हमारी लोक संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण के साथ जुड़ाव का भी प्रतीक है। सभी की जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वातावरण मिल सके इसके लिए हम सभी को वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है।

स्कूलों और पंचायतों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरेला पर्व पर मालदेवता देहरादून में 'शहीदों के नाम पौधरोपण' कार्यक्रम में भागीदारी कर वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने जम्मू के कठुआ में शहीद हुए उत्तराखंड के जवानों एवं बिनसर वन्यजीव विहार में वनाग्नि दुर्घटना में मृतक वन्य कर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप पौधा रोपण किया। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास करने वाले स्कूलों एवं वन पंचायतों को सम्मानित भी किया। प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला पर्व सुख, समृद्धि, शान्ति, पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व जीवन को प्रकृति के साथ जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रतिज्ञा लेनी होगी कि हम प्राकृतिक धरोहर एवं विरासत को संरक्षित कर भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देंगे। इस बार राज्य में हरेला पर्व की थीम पर्यावरण की रखवाली, घर-घर हरियाली, लाये समृद्धि और खुशहाली निर्धारित की गई है। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में सभी को योगदान देने के लिए अपील की।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) पौधरोपण करते हुए। ● अमृत विचार

एक नजर

उच्चतम न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उनके शपथ ग्रहण करने के बाद उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या फिर से 34 हो जाएगी, जो कि अधिकतम संख्या है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' के जरिए इन नियुक्तियों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर से शीर्ष न्यायालय में नियुक्त होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। न्यायमूर्ति महादेवन वर्तमान में मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।

पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर खोला जाएगा

पुरी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को फिर खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय मंगलवार को यहां एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के डीएम सिद्धार्थ शंकर स्वैन की उपस्थिति में हुई बैठक में लिया। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को खोला था। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि हम 18 जुलाई को सुबह 9:51 बजे से दोपहर 12:15 बजे के बीच फिर से ताले खोलेंगे।

पत्नी का हत्यारा पति 16 साल के बाद गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस-दो पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में 16 साल से फरार आरोपी पति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया, गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले संजय ने 2008 में पत्नी की हत्या कर दी थी और तब से वह फरार था। सूचना के आधार पर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

मुठभेड़: कैप्टन समेत चार जवान शहीद

आतंकियों से लोहा लेते जम्मू-कश्मीर के पुलिसकर्मी की भी मौत

डोडा में आतंकवादियों से गोलीबारी में हुए थे घायल

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कर्मी की भी मौत हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। पिछले तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। व्हाइट कोर के नाम से पहचाने जाने वाली सेना की 16वीं कोर ने 'एक्स' पर कहा कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा के उत्तरी क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया था। रात लगभग नौ बजे आतंकवादियों से भारी गोलीबारी हुई।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद सेना के चार जवानों के पार्थिव शरीर (ऊपर)। शहीद कैप्टन ब्रजेश थापा, सिपाही बिजेंद्र, सिपाही अजय कुमार सिंह और नायक डोकरी राजेश। (बाएं से)।

ड्रोन-हेलीकॉप्टर से आतंकियों की तलाश

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस ने सोमवार रात को ही अतिरिक्त बल को रवाना कर दिया था और मंगलवार की सुबह अधिक संख्या में जवानों के साथ क्षेत्र में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो को तैनात किया गया है, जबकि नजर रखने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों से अब तक सामना नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर भारत में दाखिल हुए और पिछले कुछ महीनों से वन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। नौ जुलाई को किश्तवाड़ जिले की सीमा से लगे घढ़ी भगवाह जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग गए थे। इससे पहले 26 जून को जिले के गंडोह इलाके में दिनभर चले अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इसी तरह, 12 जून को भीषण गोलीबारी में पांच सैन्यकर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी के घायल होने के बाद डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए गए थे।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तारी

- सीबीआई ने पटना और हजारीबाग में की कार्रवाई
- अब तक छह प्राथमिकी दर्ज कुल 14 गिरफ्तारियां

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पर्चा लीक मामले में एक प्रमुख आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ट्रंक से कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था। उन्होंने बताया कि बोकारो के रहने वाले कुमार को पटना से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ पर एजेंसी की अपनी प्राथमिकी, परीक्षा में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच से संबंधित है।

उत्तराखंड ने सतत विकास में पूरे देश में बनाया पहला स्थान: मुख्यमंत्री धामी

जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा व विधायक मोहन सिंह महरा। ● अमृत विचार

- प्रदेश के पांचवे धाम जागेश्वर में श्रावणी मेले का सीएम धामी ने शुभारंभ किया
- सरकार विकास के साथ विरासत को भी संजोने का भी कर रही काम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: पांचवे धाम जागेश्वर में श्रावणी मेला शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रावणी मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम का विकास मास्टर प्लान के तहत किया जा रहा है। जिसमें पहले चरण का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ विरासत को भी संजोने का काम कर रही है। नीति आयोग की रैंकिंग में उत्तराखंड ने सतत विकास के क्षेत्र में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विधि विधान से जागेश्वर धाम में महामृत्युंज व अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रावणी मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जागेश्वर के विकास में सरकार कोई कोर कसर नहीं रखेगी। मास्टर प्लान के तहत मंदिर परिसर के पूर्ण स्वरूप को संरक्षित करते हुए इसे विश्व स्तरीय बनाया जाएगा। सरकार ने इसके लिए 146 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा उन्होंने वृद्ध जागेश्वर मंदिर को मानसखंड योजना से जोड़ने, आरतोला स्थित पार्किंग क्षमता को बढ़ाने समेत धार्मिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र में आगे बढ़ाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि जागेश्वर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धार्मिक यात्रा ने पर्यटन को बढ़ाने के लिए प्रेरणा का काम किया है। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, सीएम ने जागेश्वर में हरेला पर्व के अवसर पर पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सरकार ने ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर का प्रशिक्षण स्थगित कर वापस बुलाया

मुंबई, एजेंसी

- 23 जुलाई तक आईएएस अकादमी में रिपोर्ट करने के निर्देश

सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गदरे द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अकादमी ने खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है तथा उन्हें तत्काल वापस बुलाया गया है। इस बीच पूजा खेडकर ने पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवसे पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वाशिम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मेडिकल प्रमाणपत्रों की सत्यता जांचेगी पुलिस

पुणे। पुणे पुलिस पूजा खेडकर द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच करेगी। वर्तमान में वाशिम जिले में तैनात 2023 बैच की अधिकारी खेडकर ने संघ लोक सेवा आयोग को कई मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे, जिनमें से एक दृष्टि संबंधी दिव्यांगता को दर्शाता है। मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय ने प्रमाणपत्रों की जांच के संबंध में पुलिस और जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

गैस सिलेंडर लीक होने से रसोई में लगी आग, महिला की मौत

संवाददाता, जसपुर

- मां को बचाने में बेटा झुलसा अस्पताल में भर्ती

अमृत विचार : यहां मोहल्ला नई बस्ती में गैस सिलेंडर लीक होने से रसोई में आग लग गई। जिसमें झुलसकर महिला की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नगर के वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला नई बस्ती मंसूरी नगर निवासी अमजद की पत्नी शबनम ने मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे रसोई में गैस जलाने के बाद चाय बनने के लिए रखी थी। इसके बाद वह दुकान से चीनी, चाय पत्ती व बिस्कुट आदि लेने के लिए चली गई। इसी बीच सिलेंडर से गैस का रिसाव हो गया। इस कारण आग रसोई में फैल गई। रसोई के पास बिछी चारपाई और बिस्तर भी आग की चपेट में आने से धधकने लगे। इस चारपाई पर अमजद की मां नसीमा बेगम सोई हुई थी। नसीमा बेगम बचाव के लिए चिल्लाने लगी। चीख-पुकार सुनकर अमजद दुकान छोड़कर मौके पर पहुंचा तो तब नसीमा आग से घिर चुकी थी।

अमजद ने मां को बचाने के लिए आग बुझाने में जुट गया। जलते सिलेंडर व चारपाई को अमजद ने जैसे-तैसे घर से निकालकर बाहर फेंका। लेकिन तब तक नसीमा बेगम की मौत हो गई। आग बुझाने की कोशिश में अमजद भी झुलस गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में दो फायर यूनिट मौके पर पहुंचीं। आग से झुलसे अमजद को अस्पताल भिजवाया गया।

आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक के परिसरों पर छापा

नई दिल्ली/ पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार काडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को बिहार, दिल्ली और पुणे में कई परिसरों पर छापेमारी की। हंस वर्तमान में बिहार ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। पटना में हंस और यादव के घरों सहित करीब 22 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पटना पुलिस ने बलात्कार, ब्लैकमेल करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिछले साल जनवरी में हंस और यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

पति को छूट के खिलाफ अपील सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

वैवाहिक बलात्कार

बीएनएस की धारा 63 के अनुसार बालिग पत्नी से यौनाचार बलात्कार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न से संबंधित याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर मंगलवार को सहमत हो गया कि क्या अपनी बालिग पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने वाले पति को बलात्कार के अपराध वाले मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की दलीलों का संज्ञान लिया कि संबंधित याचिकाओं को कुछ प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि उन पर 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। हाल ही में लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भी एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, बशर्ते वह नाबालिग नहीं है। बीएनएस की धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद-दो में कहा गया है कि किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, यदि पत्नी की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं है। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधान पर आपत्ति जताने वाली कई याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जिसके तहत बालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बनाने के मामले में पति को अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत ने 17 मई को इस मुद्दे पर बीएनएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली एक समान याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था।

एक महिला ने दाखिल की है याचिका

नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, एक जुलाई से प्रभावी हुए हैं, जिन्होंने पुराने आपराधिक कानूनों का स्थान लिया है। पीठ ने कहा था, हमें वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों को सुलझाना है। इससे पहले, केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं, और सरकार इन याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करना चाहेगी। इनमें से एक याचिका इस मुद्दे पर 11 मई, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के खंडित फैसले से संबंधित है। यह अपील एक महिला द्वारा दायर की गई है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ताओं में से एक थी।

संसद सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे संसदीय सौंध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है।

नैनी झील की गहराई व स्थलाकृति जानने को बाथिमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू

भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस की हाइड्रोग्राफर्स टीम कर रही झील का सर्वेक्षण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सुप्रसिद्ध नैनी झील का बाथिमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू हो गया है। इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण के जरिये नैनी झील की गहराई, पानी के नीचे की स्थलाकृति के बारे में सटी जानकारी जुटाकर डाटा तैयार किया जायेगा। जिससे नैनी झील के संरक्षण और भविष्य के प्रबंधन पर निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

झील का सर्वेक्षण भारतीय नौसेना पोत आईएनएस सर्वेक्षक की एक अलग सर्वेक्षण टीम (हाइड्रोग्राफर्स) कर रही है। जिसका नेतृत्व आईएनएस सर्वेक्षण के कमान अधिकारी कैप्टन (भा. नौसेना) त्रिभुवन सिंह कर रहे हैं। वह डीएसबी कैंपस के पुरातन छात्र व 5 यूके नेवल एनसीसी के कैडेट भी रह चुके हैं। इसके अलावा टीम में लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक बिष्ट और पांच नाविक शामिल हैं। भारतीय नौसेना की एक मात्र एनसीसी इकाई 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कमान अधिकारी कैप्टन चंद्र विजय नेगी के निर्देशानुसार यूनिट के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है। टीम को सटीक और कुशल डेटा संग्रह के लिए एक बड़ी फ्लैट-बॉटम नाव भी उपलब्ध करवाई है। साथ ही उपकरणों की सुरक्षा और सर्वेक्षण उपकरणों के रखरखाव के लिए सुरक्षित स्थान भी आवंटित किया गया है। नैनी झील के किनारे प्रमुख विशेषताओं की स्थिति तय करने के लिए जीपीएस सेट और झील के नीचे के नमूनों का संग्रह करने के लिए अत्याधुनिक इको साउंडर्स का उपयोग कर एक विस्तृत बाथिमेट्रिक चार्ट तैयार किया जाएगा। इस दौरान नेवल एनसीसी के चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव ने कॉर्डिनेटर के रूप में टीम के साथ अच्छा सामंजस्य बनाया। वहीं नेवल बोट का संचालन नेवल एनसीसी यूनिट के दीपक चंद और शेर सिंह चौहान ने किया।

नैनी झील का सर्वेक्षण करती नौसेना की टीम। ● अमृत विचार

बेटी के अपहरण का डर दिखाकर पिता से मांगे दस लाख

नैनीताल: मल्लीताल निवासी एक व्यक्ति से साइबर ठगों ने उसकी बेटी का अपहरण हो जाने की बात कहकर दस लाख की मांग कर डाली। पिता ने डर से पांच हजार की रकम भी बताए खाते में डाल दी। मगर बेटी के मोबाइल पर बात करने के बाद उसने कोचिंग में होने की बात कही तो उसे ठगी का अहसास हुआ।

मल्लीताल वेलड्राफ कंपाउंड निवासी तेज सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि बीते 11 जुलाई को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। दूसरी ओर से बात कर रहे व्यक्ति ने उसकी बेटी का अपहरण हो जाने की बात कही। साथ ही फिरौती के रूप में दस लाख की मांग की। पहले तो उसे यकीन नहीं हुआ, मगर बात कर रहे व्यक्ति ने बेटी व सभी परिवार जनों के नाम भी बता दिए। जिससे वह घबरा गया और इतनी रकम नहीं होने की बात कही। यह सुन दूसरी ओर से व्यक्ति ने फिलहाल जितना पैसा है वही एक खाते में डालने को कहा। उसने बताए हुए खाते में पांच हजार रुपये डाल दिए। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि शिकायत को साइबर सेल को भेज दिया गया है।

शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करे सरकार: हाईकोर्ट

- हाईकोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा विभाग में नौकरी पाने वालों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने प्राइमरी व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले साढ़े तीन हजार शिक्षकों की नियुक्ति के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को दो माह के भीतर शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को सुनवाई में राज्य सरकार ने प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि प्रदेश के 80 प्रतिशत शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच हो चुकी है, बाकि 20 प्रतिशत शिक्षकों ने राज्य से बाहर के संस्थानों से शिक्षा व योग्यता हासिल की है, इसलिए समय दिया जाए। साथ ही बताया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्त शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही जारी है। स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी हल्द्वानी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य के प्राइमरी व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में करीब साढ़े तीन हजार अध्यापक जाली दस्तावेजों से नियुक्त हैं, जिनमे सें कुछ अध्यापकों की एसआईटी जांच की गई। इनमें खचेड़ू सिंह, ऋषिपाल, जयपाल के नाम सामने आए, लेकिन विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इनको क्लीन चिट दी गयी और ये अभी भी कार्यरत हैं। संस्था ने मामले की एसआईटी जांच की मांग की। पूर्व में राज्य सरकार ने शपथ पत्र पेश कर कहा था कि इस मामले की एसआईटी जांच चल रही है। अभी तक 84 अध्यापक जाली दस्तावेजो के आधार पर नियुक्ति लेने वाले मिले हैं, जिन पर विभागीय कार्यवाही चल रही है।

कृष्णापुर-नैनीताल सड़क पर मांगी स्टेटस रिपोर्ट

नैनीताल : हाईकोर्ट ने नैनीताल के कृष्णापुर व कूड़ा खड्ड को जोड़ने वाली याचिका पर सुनवाई की। निर्देशों के बाद भी स्टेट्स रिपोर्ट नहीं देने पर लोनिवि अभियंता पर 20 हजार का जुर्माना लगाया और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। मामले के अनुसार कृष्णापुर के पूर्व सभासद डीएन भट्ट ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि कृष्णापुर को नैनीताल से जोड़ने वाला मार्ग रईस होटल के समीप हुए भूस्खलन में बह गया था। क्षेत्र के स्कूली बच्चे, कर्मचारी व अन्य लोग जेल की ओर से पैदल नैनीताल आ रहे हैं, किंतु वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों व गर्भवती महिलाओं को वाया वीरभट्टी ज्योलीकोट होते हुए नैनीताल जाना पड़ रहा है। कृष्णापुर व वीरभट्टी के बीच भी मार्ग बारिश में बंद हो जाता है, जिससे इमरजेंसी में सड़क मार्ग तक पहुंचना मुश्किल होता है। इस क्षेत्र की आबादी 4 हजार से अधिक है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार लोनिवि ने हल्द्वानी रोड में कूड़ा खड्ड से कृष्णापुर को संपर्क मार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव बनाया था। पिछले वर्ष 29 जून को हाईकोर्ट ने सरकार से इस बारे में चार हफ्ते के भीतर स्टेट्स रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए थे पर यह रिपोर्ट अब तक पेश नहीं हुई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लोनिवि के संबंधित अभियंता पर 20 हजार का जुर्माना लगाया। साथ ही निर्देश दिए कि जुर्माना जमा होने के बाद स्टेट्स रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए।

बाइडेन के हस्ताक्षर से तिब्बती लोग खुश

संवाददाता, नैनीताल

- तिब्बत नीति को किया मजबूत सुधरेंगे रिश्ते, मिठाई बांटी
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने तिब्बत समाधान अधिनियम पर किए हस्ताक्षर

अमृत विचार: अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा तिब्बत-चीन विवाद अधिनियम के समाधान को बढ़ावा (सुलझाने) देने के कानून पर 12 जुलाई को हस्ताक्षर करने का नैनीताल में तिब्बती समुदाय ने स्वागत किया है। इसको लेकर तिब्बती समुदाय के लोगों ने तिब्बती बाजार क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

जानकारी देते हुए तिब्बती समुदाय के यशी थूप्पेन ने बताया कि 2002 के तिब्बती नीति अधिनियम में और संशोधनों के माध्यम से अमेरिका की तिब्बत नीति को मजबूत करता है और इसका उद्देश्य समाधान की सुविधा प्रदान करना है। तिब्बत और चीन के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। इस पर भी विराम लगेगा। 2002 की इस नीति को रिज़ॉल्व तिब्बत अधिनियम के रूप में जाना जाता है। जिसके तहत पीआरसी सरकार और दलाई लामा, उनके प्रतिनिधियों या तिब्बती समुदाय के लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेताओं के बीच बिना किसी पूर्व शर्त के ठोस बातचीत को बढ़ावा देने या बातचीत की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए गतिविधियों का पता लगाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका के इस फैसले से तिब्बत पर समझौता वार्ता के साथ ही तिब्बत के संबंध में बातचीत के जरिए समाधान करने के लिए अन्य देशों का भी सहयोग मिलेगा। इस दौरान तिब्बती समुदाय के सैकड़ों लोगों ने अमेरिका के फैसले के बाद तिब्बती बाजार क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी खुशियां जाहिर की।

भीमताल में सांसद ने किया हरेला मेले का उद्घाटन

- विधायक राम सिंह कैड़ा तथा दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा समेत बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: भीमताल में दशकों से आयोजित हो रहे हरेला मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय सांसद व पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा तथा दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा आदि जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया।

अपने संबोधन में सांसद अजय भट्ट ने हरेला मेले को पर्यावरण को समर्पित पर्व बताया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे रोपने का आह्वान किया। उन्होंने राम मंच के लिए सांसद निधि से पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं विधायक कैड़ा ने अपने संबोधन में बताया कि हरेला मेले को राज्य मेला का दर्जा देने के लिए वह प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि ब्लाक रोड में जल भराव से निपटने के लिए बरसात के तुरंत बाद टाइल्स बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सरस्वती शिशु मंदिर और गायिका दीक्षा ढोंढियाल ने मंच में प्रस्तुति देकर समां बांधे रखा।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, गोपाल रावत, मनोज भट्ट, निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा, देवकी पांडे, नितेश बिष्ट , अनिल चनौतिया आदि रहे।

भीमताल में हरेला मेले के उद्घाटन मौके पर सांसद अजय भट्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा व अन्य।

सार-संक्षेप

छाता पाकर स्कूली बच्चों के चेहरे खिले

हल्द्वानी : राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमौरी में सुनीता बिष्ट ने बच्चों को छाता भेंट किए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुनीता ने व्यक्तिगत रूप से चलाए जा रहे शैक्षिक सहयोग ज्ञान पुंज के माध्यम से विद्यालय के 30 बच्चों को प्रभारी प्रधानाचार्या जया पांडे की उपस्थिति में रंग-बिरंगी छाताएं वितरित कीं। छाता मिलने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ ने इस कार्य के लिए सुनीता की सराहना की।

बिना सत्यापन व गंदगी करने पर दस लोगों का चालान

नैनीताल। तल्लीताल बूचड़खाना क्षेत्र में कबाड़ का काम करने वाले लोगों द्वारा गंदगी करने व बिना सत्यापन निवास करने की शिकायत पर तल्लीताल पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान कई बाहरी लोग बिना सत्यापन क्षेत्र में रहते हुए मिले। साथ ही रास्ते में भारी गंदगी पसरी हुई मिली। पुलिस ने दस लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है। मंगलवार को तल्लीताल पुलिस ने बूचड़खाना क्षेत्र में सत्यापन व चेकिंग अभियान चलाया। जहां पुलिस को कबाड़ का काम करने वाले लोगों के आवास के बाहर व गोदाम से रास्ते तक कबाड़ व गंदगी फैली मिली। इस संबंध में लोगों से पूछताछ के बाद कबाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। जिसमें से तीन लोगों का पुलिस सत्यापन नहीं मिला। पुलिस टीम ने बिना सत्यापन रह रहे लोगों को कड़ी फटकार लगाई। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि बिना सत्यापन व सार्वजनिक मार्ग में गंदगी करने पर असगर अली, आसमा बीबी, नूर मोहम्मद, फातिमा बीबी, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद नसीम, भूरा समेत दस लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

देहरादून में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते लोग।

गौलापार डिग्री कॉलेज का न किया जाए समायोजन

चोरगलिया : भाजपा के गौलापार मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल ने देहरादून में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी शहर किशनपुर गौलापार को एमबीपीजी कॉलेज में समायोजन न करने की मांग की। साथ ही इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। कहा कि गौलापार डिग्री कॉलेज को एमबीपीजी में समायोजन की बात से क्षेत्र के लोगों में काफी नाराजगी है। इस पर शिक्षा मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बच्चों को स्काउटिंग के इतिहास से अवगत कराया

भीमताल : राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख धारी के स्काउट का मंगलवार को दीक्षा संस्कार कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एवं स्काउट मास्टर गौरी शंकर कांडपाल ने बच्चों को स्काउटिंग के इतिहास और उसके कार्य से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य नारायण सिंह मेहरा व विशिष्ट अतिथि पुष्पेश सांगा ने किया। विद्यालय के सीनियर स्काउट पंकज कुमार, हिमांशु शर्मा और सुमित कुमार ने नए छोटे स्काउट्स को गांठ बंधन का अभ्यास कराया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। यहां सुमित भट्ट, सूरज खनवाल, दिव्यांशु, सचिन बेलवाल मौजूद रहे।

दीक्षा संस्कार कार्यक्रम में मौजूद स्काउट।

सांसद भट्ट के समक्ष रखीं लोगों ने तमाम समस्याएं

सांसद अजय भट्ट को समस्या ओं से अवगत कराते लोग।

संवाददाता भीमताल

अमृतविचार : पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने भीमताल आगमन पर सांसद अजय भट्ट का स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

बताया कि भीमताल में पार्किंग को स्वीकृत हुए काफी समय हो गया है लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं होने से जनता परेशान है। वहीं गर्मियों में पानी की समस्या को भी प्रमुखता से रखते हुए केन्द्र में जायका के तहत प्रस्तावित योजना को स्वीकृत कराने की मांग की। इस मौके पर झील की सफाई के साथ ही अन्य समस्या से भी अवगत कराया। वहीं भाजपा नेता नितेश बिष्ट ने पांडे गांव में पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि विभागीय जल के अलावा क्षेत्र की जनता के पास पानी के लिए और कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग भी की। इस दौरान के डी जोशी आदि भी साथ थे।

सड़क किनारे बनाई दुकानों को किया ध्वस्त

नैनीताल, अमृत विचार : सड़क किनारे वन विभाग की भूमि पर बनाई गई नई दुकानों को वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया। सोमवार को टीम ने बेलुवाखान के पास बनाई गई दो दुकानों को ध्वस्त किया। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग में वन भूमि में जो भी नई दुकानें बनाई जाएंगी उन्हें भी शीघ्र ध्वस्त कर दिया जाएगा।

मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

व्यापार मंडल सदस्यों का होगा आठ लाख का बीमा

नैनीताल : मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल का पंजीकरण होने के बाद संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन की अध्यक्षता में पहली कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें व्यापारी हित व नगर हित में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में पुनीत टंडन ने सर्वसम्मति से सभी सदस्यों का आठ लाख रुपये तक का जीवन बीमा कराने का प्रस्ताव पारित किया। कहा कि किसी भी व्यापार से कोई वार्षिक शुल्क व प्रीमियम नहीं लिया जायेगा। साथ ही मासिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये रखा गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। टंडन ने कहा कि संगठन की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में श्याम टंडन, जुनैद, विश्वदीप टंडन, आशीष, देव कंसल, पवन, गिरीश, सुमित खन्ना, अमरप्रीत सिंह, ओबरॉय उर्फ नोनू, तरुण कांडपाल, विकास जयसवाल, शिव शंकर मौजूद रहे।

आज का मौसम

हल्की धूप के साथ बीच-बीच में बारिश होगी

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.23 | सूर्यास्त 07.12

एक नजर

आज सुबह 9 से 2 बजे तक ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

हल्द्वानी : सड़क चौड़ीकरण के तहत रोडवेज स्टेशन से कालू सिद्ध मंदिर तक कई पेड़ों की लॉपिंग व रिलोकेट किया जाना है। इसको लेकर विद्युत विभाग बुधवार को काम करेगा। सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक बद्रीपुर, आनंद बाग, तहसील, कोतवाली, रामलीला मोहल्ला, रेलवे बाजार, पटेल चौक, बनभूलपुरा, किदवई नगर, केडी चौराहे से नगर निगम तक आपूर्ति ठप रहेगी।

संदिग्ध हालात में मौत

हल्द्वानी : लालकुआं के बिंदुखत्ता स्थित इंदिरानगर निवासी कैलाश चंद जोशी (44 वर्ष) पुत्र मोहन चंद जोशी की संदिग्ध हालात में सोमवार की रात मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के मुताबिक सोमवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे जब कैलाश घर पहुंचे तो कुछ ही देर बाद अचानक उसके मुंह से झाग निकलना शुरू हो गया। परिवार वाले आनन-फानन में एसटीएच लेकर पहुंचे तब तक उनकी मौत हो गई थी।

ज्वैलर्स से रंगदारी वसूलने दिल्ली से आए लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गे समेत दो आरोपी गिरफ्तार

स्लीपर सेल की तरह काम करने वाले स्थानीय गुर्गे को भी पुलिस ने दबोचा, मांगी थी एक लाख की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के प्रतिष्ठित ज्वैलर्स अंकुर अग्रवाल से रंगदारी वसूलने आया लॉरेंस विश्नोई गैंग का गुर्गा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने गैंग के एक स्थानीय गुर्गे को भी पकड़ा है, जो गैंग के लिए स्लीपर सेल की तरह काम करता था। इसी ने ज्वलैर्स अंकुर की रेकी कर जानकारी पंजाब व दिल्ली में बैठे गैंग के अन्य साथियों तक पहुंचाई।

मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि बीती 3 जुलाई को सुरेश संस ज्वैलर्स के स्वामी अंकुर अग्रवाल को उनके व्हाट्सएप पर लॉरेन्स विश्नोई गैंग के सदस्य ने फोन किया। उसने उन्हें धमकाया और खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा अंकित सिरसा बताते हुए एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। कहा कि अगर रकम नहीं मिली तो उसे भी गोली मार दी जाएगी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश शुरू की गई। जिस व्हाट्सएप नम्बर से धमकी आई, उसका डेटा निकाला तो दिल्ली और पंजाब की लोकेशन मिली। टीमों को दिल्ली व पंजाब रवाना कर दिया गया। पंजाब पहुंचने पर टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट की टीम को पता लगा कि जिस नंबर से धमकी आई थी वह नंबर पंजाब की किसी महिला का है। पुलिस ने तुरंत व्हाट्सएप कंपनी से उस फोन की जानकारी मांगी, जिस पर व्हाट्सएप नंबर चल रहा था। उक्त नम्बर की तलाश की गई तो नम्बर किसी सोनू कुमार का पाया गया। पता लगा कि सोनू लॉरेंस विश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य है और खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा अंकित सिरसा बताता है।

पुलिस ने डेरा बस्ती पंजाब में सोनू के घर दबिश दी तो सामने आया कि पंजाब पुलिस उसे पहले ही तीन पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। एसआई दीपक बिष्ट ने सोनू से पूछताछ की। जिसमें रामापार्क उत्तमनगर नई दिल्ली, मूल निवासी सुवालालकापुरा मुरैना मध्य प्रदेश के देवेन्द्र जाटव उर्फ रॉकी और हल्द्वानी के नागेन्द्र चौहान का नाम सामने आया।

इधर, सोनू की गिरफ्तारी की वजह से रॉकी और नागेन्द्र का सोनू से संपर्क नहीं हो पाया तो रॉकी व नागेंद्र ने प्लान बदल दिया। रंगदारी वसूलने रॉकी हल्द्वानी निकल पड़ा। उसे नागेन्द्र से मिलना था तभी पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने 15 जुलाई की रात रॉकी को टांडा जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद तल्ला गोरखपुर हीरानगर निवासी नागेंद्र सिंह चौहान पुत्र स्व. राजेंद्र सिंह चौहान को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश चन्द्र जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी देवेन्द्र सिंह राणा, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल चन्दन, राजेश बिष्ट, अरविंद, नरेन्द्र धामी, अनिल टम्टा व धीरेन्द्र सिंह अधिकारी थे।

पुलिस की हिरासत में लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गे। ● अमृत विचार

04 लाख के कर्ज में डूबा छात्र नेता बन गया विश्नोई गैंग का गुर्गा

03 जुलाई को ज्वैलर्स के व्हाट्सएप पर फोन कर दी धमकी

लॉरेंस अन्नदाता है, कर्ज से मुक्ति दिलाएगा विश्नोई गैंग

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : कर्ज ने कभी छात्र नेता रहे नागेन्द्र को लॉरेंस विश्नोई गैंग का गुर्गा बना दिया। नागेन्द्र कर्ज चुकाने के बाद रईसों वाली जिंदगी चाहता था, लेकिन अब वह सलाखों के पीछे हैं।

बताया जाता है कि नागेन्द्र का साइबर कैफे है, लेकिन उसके खर्चे बहुत थे। इसी वजह से दुकान की कमाई कम पड़ने लगी। खर्चों को पूरा करने के लिए उसने उधार लेना शुरू किया और चार लाख के कर्ज में डूब गया। कर्ज चुकता नहीं किया तो देनदार पीछे पड़ गए। इस बीच फेसबुक के जरिए नागेन्द्र की लॉरेंस के गुर्गे रॉकी से दोस्ती हो गई। फेसबुक मैसेंजर के जरिये मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ और बातचीत शुरू हुई। दोनों खुले तो एक दिन नागेन्द्र ने रॉकी के सामने अपना दुखड़ा रो दिया। रॉकी ने नागेन्द्र ने कहा कि उसके जैसे लोगों के लिए लॉरेंस अन्नदाता है और विश्नोई गैंग उसे कर्ज से उबार सकता है, बल्कि रईसों वाली जिंदगी भी दे सकता है। रॉकी ने उससे हल्द्वानी के धन्नासेठों की लिस्ट बनाने और उनके मोबाइल नंबर देने को कहा। इन्हीं धन्नासेठों में से एक था ज्वैलर्स अंकुर अग्रवाल। ज्वैलर्स का नंबर देने के बाद रॉकी ने नागेन्द्र का संपर्क सोनू से कराया। नागेन्द्र को ज्वैलर्स की रेकी की और हर जानकारी रॉकी और सोनू को दी।

कई और भी हैं गुर्गे

हल्द्वानी : पुलिस का मानना है कि भले ही पहली बार लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गों की गिरफ्तारी हल्द्वानी से हुई हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गैंग के और गुर्गे शहर व आसपास में नहीं होंगे। इस संभावना को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इसे देखते हुए एलआईयू को भी सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही पंजाब जेल में बंद मुख्य अभियुक्त सोनू कुमार की न्यायालय से कस्टडी लेकर गहनता से पूछताछ की जाएगी।

रंगदारी वसूलने को असलहे लेकर भेजता था सोनू

हल्द्वानी : इस मामले का अहम किरदार सोनू जेल में है। उसे पंजाब पुलिस ने 12 जुलाई को गिरफ्तार किया और जब हल्द्वानी पुलिस पंजाब पहुंची तो पंजाब पुलिस ने मदद नहीं की। पता लगा कि उसे तीन तमंचों के साथ गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, सोनू रंगदारी मांगता था और जब डील तय हो जाती थी तो वह अपने गुर्गों को असलहे देकर रंगदारी वसूलने भेजता था। माना जा रहा है कि सोनू को गिरफ्तारी की भनक लग चुकी थी और उसने मिलीभगत कर खुद को पंजाब पुलिस से गिरफ्तार करा लिया।

सुयालबाड़ी में आबादी के निकट आए तेंदुए के शावक को रेस्क्यू करते वन कर्मी।

सुयालबाड़ी में आबादी के निकट पहुंचा तेंदुए का शावक

हल्द्वानी, अमृत विचार : मानसून सीजन में तराई के साथ-साथ पर्वतीय क्षेत्रों में भी वन्यजीव आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। सुयालबाड़ी में आबादी के समीप तेंदुए का शावक मिला। जिसे वन विभाग ने सुरक्षित रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया। सुयालबाड़ी की ग्राम प्रधान हंसा सुयाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह ग्रामीणों कोगांव से सटे जंगलों में तेंदुए का शावक दिखाई दिया। इस पर ग्रामीणों में खलबली मच गई। उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। नैनीताल वन डिवीजन के नथुवाखान रामगढ़ से वन टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया। साथ ही ग्रामीणों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है। ग्रामीणों को आशंका है कि शावक की तलाश में मादा तेंदुआ गांव की ओर आ सकती है।

ठेकेदारों ने सीएम का जताया आभार

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांट्रेक्ट वेलफेयर सोसायटी ने सिंचाई विभाग के ईई बीसी नैनवाल पर की गई कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार जताया।

यूनियन के ठेकेदारों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा। अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि पूर्व ईई की कार्य प्रणाली की वजह से ठेकेदारों का करोड़ों रुपये का भुगतान अटका हुआ था। जिस वजह से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो रही थी। सीएम की ओर से ईई पर की गई कार्रवाई के बाद अब उम्मीद है कि उनके भुगतान समय पर होंगे। इस दौरान दीक्षांत पलड़िया, नीरज मिश्रा, घनश्याम तिवारी, सुरेश मेहरा, अजय पांडे, उमेश पनेरू, मुकेश जोशी, नरेश पनेरू, ओम प्रकाश शर्मा, दीपांश भट्ट, हेम चौसाली आदि रहे।

चिलचिलाती गर्मी ने किया परेशान, नहीं हुई बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बारिश नहीं होने से चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। दिन के समय तेज धूप से लोग परेशान हैं।

पिछले एक सप्ताह से शहर में बारिश का क्रम कम हुआ है। कम बारिश से तापमान में फिर से उछाल आ गया है। आसमान में बादल तो छाए हैं, लेकिन बीच-बीच में धूप भी निकल रही है। वातावरण में आर्द्रता बढ़ने से चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। रात के समय भी तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। जबकि जुलाई के पहले सप्ताह में बारिश की वजह से तापमान में काफी कमी आई थी। मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था, लेकिन शाम तक पूरे जिले में कहीं भी बारिश नहीं हुई। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, पहाड़ों में भी पारे में उछाल आ रहा है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

20 तक येलो अलर्ट जारी

हल्द्वानी : नैनीताल जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी है। 20 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार अगले चार से पांच दिनों तक कुमाऊं मंडल में कहीं भी भारी बारिश का रेड अलर्ट होने की संभावना नहीं है।

नाले में जाल बिछाने को लेकर दो मोहल्लों के लोग आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कमेटिया नाले में सिंचाई विभाग जाल डाल रहा है। इसको लेकर मंगलवार को दमुवाढूंगा और बिठौरिया के लोगों में बहस हो गई। नतीजा यह काम बंद कर दिया गया है।

दरअसल, बारिश में कमेटिया नाला उफान पर आता है, जिससे बिठौरिया में गंदगी का अंबार लग जाता है। इलाके में बाढ़ जैसे हालात के साथ ही कूड़ा, मलबा और आरबीएम फैल जाता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नाले में सिंचाई विभाग ने जगह-जगह जाल डालना शुरू किया, ताकि कूड़े-कचरे को बिठौरिया पहुंचने से रोका जा सके। इधर, काम शुरू होते ही मित्रपुरम दमुवाढूंगा के लोग सामाजिक कार्यकर्त्ता मन्नू गोस्वामी के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी पर बिठौरिया के लोग जाल बनाने के पक्ष में उतर गए। विवाद बढ़ता देख मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के जेई संजय जोशी ने काम रुकवा दिया। मित्रपुरम के लोगों का कहना था जाल उनके क्षेत्र में डाला जा रहा है। नाला उफान पर आने से उनके घरों में पानी घुस गया था। जाल डाला गया तो पूरा मलबा एक जगह एकत्रित होगा और फिर परेशानी होगी। इस दौरान धाना बिष्ट, बच्ची बोरा, गंगा लटवाल, हंसी साह, प्रेमा बिष्ट, महेंद्र सिंह, तरुण बिष्ट, कुंवर सिंह बोरा आदि थे।

दमुवाढूंगा में नाले पर जाल बिछाने को लेकर बहस करते लोग। ● अमृत विचार

उत्थान मंच में लोकगीतों की धूम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में चल रहे हरेला पर्व में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। सांस्कृतिक संध्या में जैसे ही गायकों ने लोकगीत गाए तो लोग झूमने को मजबूर हो गए।

गायक मोहन चंद्र जोशी मोहंदा ने हाई गोड़ै, निराई रे पहाड़ों... इज तेरी नरे लौगि रे...आहि ऐरौ हरयाव कूछा त्यार त्यार गीत गाए। गोविंद बल्लभ बहुगुणा ने आफत लाकू चौमास...पहाड़ों में बरसनई विपदाओं पहाड़ गीत गाए। इनके अलावा नारायण सिंह ने ऊलीवे रौ हरर्याव...जो देश कि गद्दी में बैठी गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालक डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने मानसखंड केदारखंड चारधाम की घात....उत्तराखंड चालीसा गाया। उत्तराखंड चालीसा सुनकर लोग भावविभोर हो गए। इनके अलावा दामोदर जोशी, सुदंर लाल मदन, विनायक जोशी, प्रकाश चंद्र तिवारी, टीएस कांडपाल, इंदिरा तिवारी, पुष्पालता जोशी, लता पंत कवि भी मंच पर पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, महासचिव यूसी जोशी, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, सचिव देवेंद्र तोलिया, कमल किशोर, संदीप भैसोड़ा, चंद्र शेखर परगाई, धर्म सिंह बिष्ट, रितिक आर्य, ललित सिंह बिष्ट, ललित कांडपाल, यशपाल टम्टा थे।

मंच के सदस्यों को सम्मानित करते पर्वतीय उत्थान मंच के पदाधिकारी व सदस्य।

तीनपानी में 14 घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी, अमृत विचार : बरेली रोड पर ट्रांसफार्मर का तार टूटने की वजह से करीब 14 घंटे तक बिजली कटौती हुई। तीनपानी, टीपीनगर, अशोक विहार, खन्ना फार्म क्षेत्र में सोमवार की रात करीब 10 बजे बिजली कट गई। पूरी रात लोग बिजली कटौती से परेशान रहे। उमस भरी गर्मी में लोगों का रात काटना मुश्किल हो गया। स्थानीय निवासी तारा जोशी ने बताया कि सुबह करीब सात बजे बिजली विभाग को सूचना नहीं थी। सुबह 10 बजे के बाद कर्मचारी पहुंचे और उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की एक तार टूटने की वजह से ऐसा हुआ है। टीपीनगर सब स्टेशन की एसडीओ शुभा जोशी ने बताया कि समस्या को ठीक करवा दिया गया था।

लिपिक के घर चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

खुलासा

- पूरा माल नहीं हुआ बरामद तीसरे चोर की तलाश में पुलिस
- घर से चोरी हुई थी 10 लाख की नगदी और लाखों के जेवर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस ने सेवानिवृत्त लिपिक के घर चोरी करने वाले शातिर चोरों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पूरा माल बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शातिरों को दबोचने के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले है।

मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि कार्तिकेय कॉलोनी मुखानी निवासी पूर्व लिपिक मोहन सिंह सूर्या के मकान में बीती छह जुलाई की रात चोरी हुई थी। पूर्व लिपिक के बेटे नितिन सूर्या की तरफ ने 11 जुलाई 2024 को घर से लाखों के जेवरात और 10 से 12 लाख रुपये कैश चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शातिरों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो संदिग्ध नजर आए। संदिग्ध बनभूलपुरा स्थित हनीफ होटल में ठहरे थे। होटल के रिकॉर्ड से पहचान संबंधी दस्तावेज मिले, जिसमें आरोपियों के पते की जानकारी मिली। टीमें उत्तर प्रदेश के सम्भल पहुंची तो पता चला कि आरोपी दोबारा हल्द्वानी के लिए रवाना हो चुके हैं। सोमवार रात दोनों शातिरों को मुखानी थाना क्षेत्र के पूरनपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें चंदौसी सम्भल उत्तर प्रदेश निवासी अफजल पुत्र इंसान अली और सैमरी राना राजपुरा निवासी आशिफ अली पुत्र अब्दुल मजीद है। आरोपियों के पास से पुलिस ने सोना व चांदी के कुछ जेवरात बरामद कर लिए हैं। वहीं चोरी हुए करीब 10 से 12 लाख रुपये की नकदी में से केवल 4600 रुपये ही पुलिस को मिले हैं। पूछताछ में नबाब अली पुत्र इकबाल निवासी सैमरी घाना का नाम सामने आया है, वह अभी भी फरार है। पुलिस टीम में एसआई बलवंत सिंह व विजय मेहता, इसरार नबी, रविंद्र खाती, मनीष खाती, सुनील आगरी, धीर सुगड़ा, एसओजी से सिपाही राजेश बिष्ट और चंदन नेगी थे।

मुखानी में चोरी करने वाले शातिर चोर पुलिस की हिरासत में। ● अमृत विचार

व्यवस्था | प्रशासनिक अधिकारियों ने नैनीताल रोड के चौड़ीकरण के निरीक्षण में कार्यदायी संस्था लोनिवि को दिए निर्देश

ले आउट के मुताबिक ही रखें सड़क का एलाइनमेंट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल रोड के चौड़ीकरण में काठगोदाम नरीमन चौक पर एलाइनमेंट में बदलाव हो रहा था। जिला प्रशासन ने स्वीकृत ले आउट के अनुसार ही सड़क बनाने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी व एसडीएम परितोष वर्मा ने मंगलवार को नरीमन चौक से मंगल पड़ाव तक सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण किया। वे सर्वप्रथम नरीमन चौक पर पहुंचे तो पाया कि सड़क की बाउंड्री पर कुछ पेड़ आ रहे हैं। जिस पर उन्होंने लोनिवि को इनकी लॉपिंग कराने को कहा। इसके अलावा सड़क का एलाइनमेंट भी ले आउट के अनुसार नहीं था, इसको सुधारने के लिए कहा। फिर वह बेस अस्पताल पहुंचे, जहां गेट पर ही लगे दो बिजली के ट्रांसफार्मरों को शिफ्ट किया जाना है।

उन्होंने विद्युत विभाग को बेस अस्पताल की चौहद्दी से सटे सार्वजनिक शौचालय को ध्वस्त कर वहां शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्युत विभाग का पोल शिफ्टिंग को लेकर काम चल रहा है। नए पोलों को 12 मीटर की परिधि के बाहर लगाया जा रहा है, सभी पोल शिफ्ट होने के बाद लाइन शिफ्टिंग की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

बेस अस्पताल का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व एसडीएम परितोष वर्मा।

सड़क चौड़ीकरण में ये भवन भी होंगे ध्वस्त

- काठगोदाम स्थित पर्यटक आवास केंद्र (टीआरसी) के खिड़की-दरवाजे हटा दिए गए हैं। जल्द ही इमारत ध्वस्तीकरण का काम शुरू होगा।
- कालाढूंगी रोड तिराहे पर स्थित एक धार्मिक स्थल की शिफ्टिंग को लेकर मंडलायुक्त दीपक रावत फैसला लेंगे।
- काठगोदाम में डाकघर के समीप स्थित एक धार्मिक स्थल को भी पीछे की ओर शिफ्ट किया जाएगा। जिसके लिए प्रबंधन ने सहमति दे दी है।
- स्पोर्टस स्टेडियम का पुराना गेट का ध्वस्तीकरण भी होगा और पीछे शिफ्ट होगा।

जीएसटी के दायरे में लाए जाएं पेट्रोल और डीजल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने केंद्र सरकार से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने और हिमालयी राज्य उत्तराखंड को विशेष पैकेज देने की मांग की है।

मंगलवार को व्यापार मंडल की हुई बैठक में कुमाऊं मंडल के प्रवक्ता हरजीत चड्ढा ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार का 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बजट सत्र होगा। इस सत्र में केंद्र सरकार बजट पेश करेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें, टैक्स, बीमा से ट्रांसपोर्टर परेशान हैं। जीएसटी लागू होने के बाद टायर, बैट्री, ऑटो स्पेयर पार्ट्स सब महंगे हो गए हैं।

राज्य सरकार से मांग है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए। साथ ही छोटे राज्य उत्तराखंड के लिए विशेष पैकेज दिया जाए, ताकि यहां दम तोड़ रहे व्यापार को संजीवनी मिल सके। सिर्फ ट्रांसपोर्ट ही नहीं बल्कि हर वर्ग का व्यापारी केंद्र सरकार से उम्मीदें लगाया हुआ है। इस दौरान दया किशन शर्मा, रोहित रौतेला, ललित रौतेला, सौरभ अग्रवाल, बृजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

20 जुलाई तक शुल्क जमा कराएं छात्र-छात्राएं

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य सरकार ने सभी विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रवेश काउंसलिंग की फीस जमा करने की अंतिम तिथि 16 से 20 जुलाई करने का फैसला किया है।

इसी क्रम में एमबीपीजी कॉलेज में बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए शुल्क जमा करने की अवधि बढ़ा दी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 20 जुलाई तक शुल्क जमा कर सकते हैं। प्रवेश प्रभारी डॉ. अमित सचदेव ने कहा कि प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राएं 20 जुलाई तक हर हाल में शुल्क जमा कर दें, इसके बाद शुल्क जमा नहीं होगा।

नैनीताल में भाई को हरेला चढ़ाती बहन। ● अमृत विचार

एमबीपीजी कॉलेज के सामने पार्क में पौधरोपण करते विधायक बंशीधर भगत व अन्य।

पार्क में पौधरोपण करते मंडलायुक्त दीपक रावत और डीएम वंदना।

जी रया जागि रया, यो दिन यो मास भेटनै रया

हर्षोल्लास से मनाया हरेला पर्व, नगर निगम के पार्क में विधायक, मंडलायुक्त व डीएम ने लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हरेले का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह पूजा-अर्चना के बाद 9-10 दिन पहले बोए गए हरेले को काटकर मंदिरों में चढ़ाया गया। इसके बाद हरेला शिरोधारण किया गया। शहर और आसपास के तमाम मंदिरों में लोगों ने हरेला चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। बुजुर्गों ने जी रया जागि रया, यो दिन यो मास भेटने रया जैसे आशीर्वचन दिये। बच्चों ने भी एक-दूसरे के सिरों पर हरेला चढ़ाकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए।

नैनीताल रोड स्थित नगर निगम के पार्क में कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प एक वृक्ष मां के नाम को जीवंत रूप देने के लिए सब वचनबद्ध हैं। पर्यावरण प्रदूषण मुक्त बनाने को प्रत्येक मनुष्य को जीवन में 30 पेड़ अनिवार्य रूप से लगाने चाहिए। उन्होंने सभी से जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए जोर दिया। मंडलायुक्त दीपक रावत ने सभी को हरेला पर्व की शपथ दिलाते हुए कहा कि कुमाऊं मंडल में मानसून सीजन में 30 लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। दफ्तरों व सड़क किनारे लता, बेल, फूल लगने से आने वाले वर्षों में हल्द्वानी को फूलों के शहर के रूप में नई पहचान मिलेगी। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण वाले क्षेत्र, सरकारी भूमि, सड़कों के दोनों तरफ लता, बेल वाले फूल लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत उन्होंने पेयजल निगम कार्यालय में पौधरोपण से की। डीएम वंदना सिंह ने भी सभी से पौधे रोपने और संरक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर विभिन्न वनस्पतियों के संरक्षण के लिए ओखलकांडा के जय दुर्गा स्वयं सहायता समूह, वनाग्नि बुझाने वाले वन कर्मचारियों और हल्द्वानी शहर को स्वच्छ बनाने वाले सफाई निरीक्षकों, पर्यावरण मित्रों और सफाई नायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्या, ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी, सीडीओ अशोक पांडे, एसई मृदुला सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, ईई एके कटारिया, ज्योति पालनी, तहसीलदार सचिन कुमार, खेल उपनिदेशक राशिका सिद्दीकी, एसडीओ ममता चंद, शशि सिंह आदि मौजूद रहे।

वन अनुसंधान केंद्र में पौधरोपण करते सीसीएफ संजीव चतुर्वेदी।

आईटीआई निदेशालय में पौधा लगातीं अपर निदेशक ऋचा सिंह।

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय में हुआ पौधरोपण

हल्द्वानी : हरेला पर्व के अवसर पर प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय में अपर निदेशक ऋचा सिंह ने डहरिया स्थित परिसर में फल एवं छायादार पौधे रोपे। साथ ही सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने एक-एक पेड़ कार्यालय व आवास पर लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, सहायक लेखा अधिकारी दिनेश चंद्र लोशाली, ललित मोहन, धीरज लोहनी, मंजू किमाड़ी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बल्दियाखान में पौधरोपण करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट व अन्य।

प्राकृतिक संरक्षण की सोच को दिखाता है हरेला पर्व

भीमताल : हरेला पर्व के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने मनोरा रेंज के बल्दियाखान में फलदार व चौड़ी पत्ती के पौधों का वन विभाग के अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ रोपण किया। उन्होंने सभी से पौधों के संरक्षण की अपील की। इसके बाद महिलाओं ने हरेला पूजन किया। डॉ. बिष्ट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की कल्पना तभी साकार है, जब सभी अधिकाधिक पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण का संकल्प लें। कहा कि हरेला पर्व पर्यावरण संरक्षण के लिए बुजुर्गों की एक दूरदृष्टि सोच है। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, प्रधान जानकी चनियाल, मुख्य वन संरक्षक टीआर बिजूलाल, डीएफओ नैनीताल डॉ. चंद्रशेखर जोशी, एसडीओ राजकुमार, साक्षी रावत, वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा, मीनू पांडे, मनोज चनियाल, राजेंद्र कोटलिया, धीरेंद्र जीना, राजेंद्र कठायत, डीके तिवारी मौजूद रहे।

मोतीनगर में पौधरोपण करते एनसीसी अधिकारी डॉ. सुरेश भट्ट।

हरेला पर एयरविंग कैडेटों ने लगाए पौधे

हल्दूचौड़ : हरेला पर्व के मौके पर राइंका मोतीनगर में एयर विंग एनसीसी कैडेटों ने एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य कृष्णानंद जोशी ने कहा कि वैश्विक तापवृद्धि के कारण आज दुनिया भर में मौसम चक्र में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। पेड़ लगाकर क्लाइमेट चेंज संबंधी चुनौती से निपट सकते है। एनसीसी अधिकारी डॉ. सुरेश भट्ट ने कहा कि प्रत्येक एनसीसी कैडेट एक वृक्ष के संरक्षण का संकल्प लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका अदा कर सकता है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी विमल कुमार, केडी तिवारी, धर्म सिंह, ओमप्रकाश गौतम, चंद्रपाल सिंह, मदन गोस्वामी, कादंबरी पांडे मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

दुग्ध संघ परिसर में पौधरोपण करते अध्यक्ष मुकेश बोरा व अन्य।

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने रोपे फल-छायादार पौधे

हल्द्वानी/लालकुआं : नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की ओर से हरेला पर्व के अवसर पर अध्यक्ष मुकेश बोरा एवं महाप्रबंधक अनुराग शर्मा ने लालकुआं स्थित परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपे। इसके अलावा सभी चिलिंग केंद्रों व दुग्ध समितियों में भी पौधरोपण हुआ। इस दौरान फैक्ट्री प्रबंधक हरीश चंद्र आर्य, प्रभारी उपार्जन सुभाष बाबू, प्रभारी वित्त उमेश पढालनी, प्रभारी विपणन/प्रशासन संजय सिंह भाकुनी, प्रभारी स्टोर खलील अहमद, प्रभारी एएच रमेश मेहता, प्रभारी अभियंत्रण हरीश बोरा, सुरेश चंद्र, प्रभारी एमआईएस भुवन सनवाल, विजय चौहान, इंद्रा बम, विमल कुमार, राजू दुम्का, उमेश राणा आदि मौजूद रहे।

6 हजार पेड़ लगाकर देखभाल करेंगी समितियां

भीमताल : चिलिंग सेंटर हेडिया गांव से जुड़ी लगभग तीन सौ समितियां आने वाले दिनों में प्रत्येक समिति में वृक्षारोपण करेंगी और उनकी देखभाल भी करेंगी। इस बात की जानकारी दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने चिलिंग सेंटर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कही। बताया कि इस बार छ हजार पेड़ों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से ढाई हजार पेड़ फलों के लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं सबकी देखभाल की जाएगी। इस दौरान प्रभारी कृपाल सिंह, देवेन्द्र बोरा, चंद्र मोहन जीना, भीमा, रेखा आदि मौजूद थे।

पतलोट में पौधरोपण करतीं छात्राएं, साथ में प्रधानाचार्य आशुतोष साह।

इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने लगाए 120 पौधे

भीमताल : अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट में प्रधानाचार्य आशुतोष साह के नेतृत्व में हरेला पर्व मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में 120 पौधे लगाए। प्रधानाचार्य साह ने ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियरों का पिघलना, क्लाइमेट परिवर्तन, ताप परिवर्तन आदि पर चिन्ता व्यक्त करते हुए पौधरोपण को भविष्य के सुरक्षित होने के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर सत्येन्द्र नाथ तिवारी, बुशरा फिरदौस, कंचन चौहान, मुन्नी देवी, शेर सिंह बिष्ट, निशा चन्याल, पुष्पा गैड़ा, ममता आर्या मौजूद रहे।

नैनीताल में एनएसयूआई ने किया पौधरोपण

नैनीताल में पौधरोपण करते छात्र।

नैनीताल : हरेला पर्व पर नैनीताल में एनएसयूआई संगठन के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी के नेतृत्व में छात्रों ने शहर में गो ग्रीन गो क्लीन के नारे के साथ हिमालय दर्शन क्षेत्र में बाज, उतीश, मोर पंखी समेत अखरोट समेत कई फलदार पौधे रोपे। इस दौरान छात्रों ने स्थानीय और पर्यटकों को स्वच्छता रखने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। आयुष आर्या, संजू आर्या, करन कुमार, प्रशांत मेहरा, आयुष मेहरा, मो. अमन मौजूद रहे।

पेड़ काटने से असंतुलित हो रही प्रकृति

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर में हरेला पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह पूजा-अर्चना के बाद हरेला काटकर देवी-देवताओं को चढ़ाया गया। इसके बाद बुजुर्गों ने घर के सभी सदस्यों के सिर पर हरेला रखकर आशीर्वाद दिया। नगर पालिका की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस दौरान कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा, विक्की, सनी मौजूद रहे। वहीं भवाली में जय गोल्ज्यू कल्याण समिति ने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान माल्टा, नीबू, कड़ी पत्ता, तेजपत्ता के पौधे लगाये गये। उपाध्यक्ष हितेश साह ने कहा कि विकास की दौड़ में पेड़ों के अंधाधुंध कटान से प्रकृति असंतुलित हो रही है। यहां अफसल अली, संजय टम्टा, मयंक चनियाल, अभय आर्य, करन सनवाल, मोहन टम्टा, कमल, लक्की, शिवांशु मौजूद रहे।

इधर, ऑल सेंट्स कॉलेज में भी हरेला पर्व मनाया गया। प्रधानाचार्या किरन जरमाया के निर्देशन में छात्राओं को प्रकृति के प्रति उनके उत्तरदायित्व के बारे में बताया गया। कक्षा 1 से 6 तक की छात्राओं ने 6 जुलाई को बोए हरेले का पूजन किया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वहीं कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया।

भवाली में पौधरोपण करते जय गोल्ज्यू समिति के लोग।

हीरा कुंवर स्कूल में पौधरोपण करते बच्चे। ● अमृत विचार

प्रतियोगिताओं से समझाया हरेले का महत्व

चोरगलिया, अमृत विचार : गौलापार के कुंवरपुर स्थित हीरा कुंवर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने कुमाउनी गीत, नृत्य, नाटक, पोस्टर व कविताओं के माध्यम से हरेला का महत्व समझाया। प्रधानाचार्या निर्मला बिष्ट ने सभी छात्रों को हरेला पर्व का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने सभी छात्रों से पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधे भी लगाए गए। इस मौके प्रबंधक भास्कर बिष्ट एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

कालाढूंगी-कोटाबाग में लगाए पौधे

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : कालाढूंगी, कोटाबाग, चकलुवा व बैलपड़ाव क्षेत्र में पौधरोपण के साथ हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं ने राबाइका में एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों के साथ स्कूल व सीएचसी परिसर में चिकित्सक कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया।

इस दौरान प्रधानाचार्य बंसती अधिकारी, डॉ. अमित मिश्रा, रितिक गोस्वामी, गौरव बुढलाकोटी, उस्मान, मो. वकील मौजूद रहे। द कॉर्बेट फाउंडेशन ढिकुली संस्था द्वारा कोटाबाग पर्वतीय क्षेत्र के अनेक गांवों में वृक्षारोपण कर पौधे वितरित किये। फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ. हरेन्द्र बर्गली, ललित अधिकारी, समीक्षा मनराल, शिखा पाण्डेय, मेघा रानी, मनोज सती रहे। ज्ञानप्रकाश इंटर कॉलेज धमोला में एनसीसी कैडेट्स व विद्यालय के छात्र व शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस दौरान प्रधानाचार्य भुवन बिष्ट, एनसीसी प्रभारी मनमोहन बसेड़ा व शिक्षक मौजूद रहे। दुग्ध अवशीत्म केन्द्र में कार्यक्रम अधिकारी शांति कोरंगा के नेतृत्व में केन्द्र में वृक्षारोपण किया गया। बैलपड़ाव व बन्नाखेड़ा रेंज में वनक्षेत्राधिकारी विजेन्द्र अधिकारी, गदगदिया व बरहैनी रेंज में रेंजर प्रदीप असगोला, कालाढूंगी रेंज में रेंजर मुकेश जोशी व देचौरी रेंज में रेंजर ललित जोशी के नेतृत्व में पौधरोपण कर पौधे वितरित किये।

कालाढूंगी में पौधरोपण करते लोग।

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

धूमधाम से मनाया हरेला, हरियाली बढ़ाने को रोपे पौधे

विभिन्न संस्थानों में पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प, मंडी परिषद ने गौलापार में किसानों के लिए भेजे 500 पौधे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में कुलसचिव प्रो. संजय सिंह खत्री के नेतृत्व में पौधरोपण हुआ। इस दौरान अकादमिक निदेशक प्रो.पीडी पंत, प्रो. गिरिजा पांडे, प्रो. रेनू प्रकाश, डॉ. डिकर सिंह फर्सवान, डॉ. हरीश जोशी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, ब्रजेश बनकोटी आदि रहे। वहीं महिला डिग्री कॉलेज में नमामि गंगे, एनएसएस, एनसीसी की ओर से पौधे रोपे गए। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. ऋतुराज पंत, एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता जोशी, डॉ. नीता साह, डॉ. प्रभा साह, डॉ. फकीर सिंह, ललित पांडे, दिनेश ल्वेशाली आदि रहे।

हरेला पर्व पर इनर व्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी ने वृद्धाश्रम में पौधरोपण किया। इस दौरान अध्यक्ष इंदु पांडे, नीरज बोरा, सुशीला भाकुनी, शशि खंडेलवाल, निवेदिता पांडे थे। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के हल्द्वानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में भी पौधरोपण हुआ। इस अवसर पर संजय मोहन श्रीवास्तव, दीपक पांडे, मनोज प्रसाद, अजय रावत, बीडी नैनवाल, देवेश जोशी आदि रहे। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने भी पौधरोपण किया। पौधे लगाने वालों में संस्था अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू, सदस्य योगिता बनोला, बलराम हालदार, धर्मेंद्र साहू, मनीष साहू, सूरज मिस्त्री थे।

कृषि उत्पादन मंडी समिति हल्द्वानी के मंडी परिसर में पौधरोपण हुआ। इस अवसर पर गौलापार में किसानों के लिए 500 पौधे भेजे गए। मंडी विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक बीएस चलाल, सचिव दिग्विजय सिंह, भुवन नाथ गोस्वामी, संतोष कुमार, डीएन पंत, पंकज वर्मा, एलएलम पांडे, गणेश त्रिपाठी, हेम तिवारी, मदननाथ गोस्वामी, नवीन मठपाल, महेंद्र सिंह डंगवाल, त्रिभुवन चंद्र पांडे थे। नीलांचल कोणार्क समिति ने कॉलोनी में पौधे लगाए। यहां अध्यक्ष गोविंद रावत, सचिव दयाल पांडे, बागंबर मनराल, मोहन कर्नाटक, पप्पू मिश्रा, जगदीश मेहता, विनोद मिश्रा, भुवन पाठक, हर्ष, तन्मय, कुशाग्र, कार्तिकेय आदि थे। साथी संगठन ने आरटीओ रोड ओमकार सिटी में पौधे लगाए। इस दौरान अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, विजय तिवारी, हरीश बिष्ट, चन्द्र शेखर तिवारी, प्रकाश मासीवाल, डीडी शर्मा, आनंद रावत, लक्ष्मण सिंह गौनिया, मोहन सिंह महरा, भीम सिंह वैद्य थे। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल ने भी पौधे रोपे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने भी पौध रोपण किया।

पौधरोपण करते सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल।

पौधरोपण करते एसएसपी मीणा।

इनर व्हील क्लब ने आश्रय समिति वृद्धाश्रम में लगाये फलदार पौधे।

हल्द्वानी में नन्ही बच्ची के सिर पर हरेला रखती महिला। ● अमृत विचार

नैनीताल में पौधरोपण के दौरान एनडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

रामनगर सीटीआर में पौधरोपण करते विधायक व सीटीआर के निदेशक।

सीटीआर में रोपे गए एक हजार से अधिक पौधे

रामनगर, अमृत विचार : हरेला पर्व पर"एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत कार्बेट टाइगर रिजर्व परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं डॉ. धीरज पाण्डेय, निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व ने पौधरोपण कर की। विधायक दीवान सिंह ने सभी से पौधरोपण करने की अपील की। निदेशक डॉ. धीरज पाण्डेय ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा से ही पर्यावरण संरक्षण संभव है। बिजरानी, सर्पदुली, ढिकाला, ढेला, झिरना एवं कालागढ़ रेंजों में विविध वानिकी एवं फलदार प्रजातियों के लगभग 1200 पौधे रोपने के साथ ही पौधों का वितरण भी किया गया। इस दौरान उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व दिगन्ध नायक, मदन जोशी, अमित कुमार, हंसा पांगती, प्रकाश हर्बोला, नौशाद, इरशाद अहमद, मोहित सिंह थे।

विजडम स्कूल में किया पौधरोपण

हल्द्वानी, अमृत विचार : रामपुर रोड स्थित विजडम स्कूल ने हरेला पर्व पर पौधे लगाए। विद्यालय पर्यावरण बचाओ समिति की ओर से बेलबाबा मंदिर रामपुर रोड, राइका हरिपुर जमन सिंह, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गन्ना सेंटर आदि विद्यालयों में पौधे रोपे गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक आरएस पोखरिया, प्रधानाचार्य त्रिवेणी चन्द्र कबडवाल, शिक्षकगण सुधा सिंह, निधि वर्मा, पूनम मठपाल, नीता पाण्डे, बबीता फर्सवान आदि उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते विजडम स्कूल के बच्चे व प्रधानाचार्य।

द्रोण पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते बच्चे एवं शिक्षिकाएं।

द्रोण पब्लिक स्कूल में हरेला पर्व का आयोजन

हल्द्वानी, अमृत विचार : द्रोण पब्लिक स्कूल टनकपुर रोड में हरेला पर्व के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कक्षा 4 की छात्रा सादिया, तव्या, याशिका ने हरेला पर विचार प्रस्तुत किए गए। इंटर हाउस की छात्रा प्रियांशी, तनिशा, देशना, अनुष्का, रितिका, खुशी, काव्यों वंशिका, ईशानी, मानसी तथा अंशिका ने 'बेड पाको बार मासा' पहाड़ी गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। ईशानी, हार्षिता अरहान, खुशी, माही, आरोही, काव्या, दिव्यांशी दीपिका ने हरेला पर्व को दर्शाते हुए नाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने चंदन के पौधे भी लगाए। प्रधानाचार्या ज्योति चावला ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस दौरान स्कूल प्रबंधक तरुण मठपाल, किरन बिष्ट, सुनीता भाकुनी, पूजा बिष्ट, हेमलता शर्मा, ललित लोहनी, कार्यक्रम संचालक समरीन मौजूद रहे।

एनडीआरएफ और नगर पालिका ने रोपे 700 पौधे

भवाली : हरेला पर्व पर नगर में विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका व एनडीआरएफ ने मिलकर 700 पौधे लगाए। जल संस्थान ने अमृत सरोवर में पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया। श्यामखेत, सैनिटोरियम, रेहड़ चाय बागान के पास फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। ईओ संजय कुमार ने कहा कि लगातार अभियान चलाकर पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान ईओ संजय कुमार, निवर्तमान सभासद सुनील मेहता, गौरव नेगी, पंकज जोशी व एनडीआरएफ की टीम मौजूद रही।

हरेले के साथ किया डिकारे का पूजन

भवाली : लोकपर्व हरेला यहां धूमधाम से मनाया गया। घरों में लोगों ने बोये हरेले को पूजन कर शिरोधार्य किया। आज के दिन विवाहिताएं हरेला चढ़ाने अपने मायके जाती हैं। हरेले के साथ डिकारे पूजन भी किया जाता है। इसमें मिट्टी के शिव पार्वती परिवार बनाकर पूजन किया जाता है। कर्क संक्राति को मनाया जाने वाले हरेला से ही पवित्र श्रावण मास का शुरू हो जाता है। वहीं सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करता है तथा दक्षिणायन भी शुरू हो जाता है। दक्षिणायन में रातें लम्बी व दिन छोटे होने लगते हैं।

रामनगर में पौधरोपण करते इस्कॉन के सदस्य। ● अमृत विचार

पत्रकार जितेंद्र की स्मृति में हरिनाम संकीर्तन संपन्न

रामनगर : देवभूमि मीडिया क्लब के अध्यक्ष रहे स्व. जितेन्द्र पपनै की स्मृति में इस्कॉन केन्द्र रामनगर द्वारा टेड़ा रोड स्थित तिलमठ महादेव मंदिर परिसर में हरिनाम कीर्तन व प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान इस्कॉन के केन्द्र संचालक मधुहा हरी दास ने पत्रकार जितेंद्र की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इसके उपरांत उनकी स्मृति में कई प्रजाति की पौध रोपित की गई। इसके उपरांत प्रशाद वितरण किया गया। इस दौरान नेकी की दीवार के संस्थापक ताराचन्द्र घिल्ड़ियाल, देवभूमि मीडिया क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.जफर सैफी, कैफ खान, रागिब खान, ग्राम प्रधान आनन्द कुमार, अनुराग, वीरेन्द्र रावत, विद्यानंद शर्मा, तरूण नैनवाल, करन, धीरज, आनंद, कृष्णा, पियुष, अनुराग, निशिका, रूबी वर्मा, यशिका, सपना, दिशा सहित बड़ी संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यालय में सामूहिक भोज का आनंद लेते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस कार्यालय में सामूहिक भोज का आयोजन

रामनगर : लोकपर्व हरेला मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों, सरकारी विभागों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और पूजा अर्चना कर पर्व मनाया। स्कूलों, कॉलेजों में छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण को साफ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक भोज का आयोजन किया। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने सभी को हरेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकपर्व हरेला न केवल हमारी अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है बल्कि यह प्रकृति के साथ आत्मसात होने का संदेश भी देता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में 30 पेड़ अनिवार्य रूप से लगाने चाहिए। इस दौरान नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्व बन्धु रावत, अनिल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, देवेंद्र चिलवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष मो. अकरम, विनय पडलिया, महेंद्र प्रताप बिष्ट मौजूद रहे।

विधायक कैड़ा पहुंचे भोड़िया तोक टीमों के साथ मोहित की तलाश की

जायजा

- रविवार को गौला नदी में बह गया था 13 साल का मोहित
- मुख्यमंत्री और सांसद को दी घटना की जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने दो दिन पूर्व गौला नदी में बहे मोहित चंद्र के सर्च ऑपरेशन का जायजा लिया।

विधायक कैड़ा ने बताया कि बीते रविवार को 13 वर्षीय मोहित चंद्र पुत्र प्रकाश चंद्र निवासी हैड़ाखान ग्रामसभा का भोड़िया तोक दोस्तों के साथ खेलते समय गौला नदी में बह गया था। दोस्तों ने खबर दी तो परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की, लेकिन पता नहीं चला। इस पर उन्होंने प्रशासन-पुलिस को सूचना दी। उन्होंने नैनीताल डीएम से फोन पर वार्ता कर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें बढ़ाने, ड्रोन से सर्च ऑपरेशन चलाने को कहा। उन्होंने भी टीमों के साथ सर्च ऑपरेशन में हिस्सा लिया। विधायक ने मौके से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसद अजय भट्ट को घटना की जानकारी दी और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

टीम से मोहित के सर्च अभियान की जानकारी लेते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

धर्मेंद्र कार्यकारी जिलाध्यक्ष, कमलेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने नथुवाखान से धर्मेंद्र नेगी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष और नैनीताल से कमलेश ढौंढियाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। दोनों मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। उनके मनोनयन पर जगदीश बवाड़ी, रविंद्र बोरा,पंकज कंसल, नदीम खान, गोपाल अधिकारी, गिरिजा नंदन भट्ट, लाला जायसवाल, विजय तिवाड़ी, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

नाले-नालियों का पता नहीं मैपिंग कराने जा रहा निगम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम ने नालों को अतिक्रमण से बचाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। निगम अपने नालों की मैपिंग कराने जा रहा है। हालांकि नगर निगम को यह पता नहीं है कि नगर निगम क्षेत्र में उसके कितने नाले हैं। इन नालों की लंबाई, चौड़ाई और गहराई कितनी है। यह भी नहीं पता कि वर्तमान समय में नालों पर कितना और कहां-कहां अतिक्रमण है।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में पहले कई नाले-नालियां थी। नालों की चौड़ाई भी अधिक थी। सिंचाई नहरों का जाल बिछा हुआ था। आबादी बढ़ी और नाले-नालियों के साथ सिंचाई नहरों पर कब्जा होने लगा। कई जगह नाले-नालियां गायब हो गई। कई जगह इनकी चौड़ाई अतिक्रमण के कारण खत्म हो गई। लोग बताते हैं कि पूर्व में देवखड़ी नाला सीधे गौला नदी में चला जाता था। अब यहां पर एक आलीशान कॉलोनी बन गई है। उधर एक नहर वर्कशॉप लाइन से प्रेम सिनेमा होते हुए मटर गली वहां से कारखाना बाजार होते हुए रामपुर रोड और बरेली रोड के किनारे-किनारे जाती थी। ये नहर अब कब्जे के कारण बंद हो गई है।

सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि इसे देखते हुए नगर निगम अपने नालों, सिंचाई नहर की मैपिंग कराएगा। जिससे भविष्य में यह पता रहे कि कहां नाले, सिंचाई नहर है।

पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

कालाढूंगी, अमृत विचार : व्यापार मंडल ने हरेले पर्व पर चौकी प्रभारी रमेश पंत और उनकी पूरी टीम को बेहतर कानून व्यवस्था और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। मंगलवार को व्यापार मंडल कोटाबाग के अध्यक्ष मुकेश वर्मा के नेतृत्व में व्यापारी चौकी पहुंचे और चौकी प्रभारी रमेश पंत व उनकी टीम को स्मृती चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रभाकर ढोंडियाल, गोविंद पांडे, चंद्रशेखर बुधलकोटी, अशोक जोशी, राजेंद्र कनवाल, गौरव सक्टा मौजूद रहे।

रामनगर में सांपों के बारे में जानकारी देते सर्प विशेषज्ञ चन्द्रसेन। ● अमृत विचार

सांप के डसने पर दहशत से होती हैं अधिकांश मौतें: चन्द्र सेन

रामनगर, अमृत विचार : सर्पदुली रेंज में विश्व सर्प दिवस पर गर्जिया वन परिसर में विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप ने सांपों के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सांपों से होने वाली क्षति व बचाव के सुझाव बताए गए। उन्होंने कहा कि सांपों के काटने से अधिकांश मौतें तो दहशत से हो जाती हैं। ऐसे में रोगी के भीतर संयम व साहस बढ़ाना चाहिए। साथ ही जितनी जल्दी हो सके उसे अस्पताल पहुंचाना चाहिए। कहा कि अगर आपके घर या आस-पास कोई सांप दिखता है तो उसको मारे नहीं वरन नजदीकी वन विभाग में सूचना दें। इस दौरान सेव द स्नेक समिति की ओर से सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप, अर्जुन कश्यप, किशन कश्यप, तालिब अमन ने सांपों के बारे में कई जानकारियां दी। कार्यक्रम में वन विभाग के टीम से वन क्षेत्राधिकार उमेश चंद्र आर्य, जितेंद्र सिंह नेगी, धर्मपाल सिंह नेगी, विजय पाल, जगदीश चंद्र आर्य मौजूद रहे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन को तैराकों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राज्य स्तरीय जूनियर, सब जूनियर स्वीमिंग टीम के टाइम चयन ट्रायल गौलापार के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हुए। ट्रायल में प्रदेश के 85 खिलाड़ियों ने तैराकी के पांच इवेंट में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों में बालक और बालिका दोनों ही वर्ग थे।

उत्तराखंड स्वीमिंग एसोसिएशन ने गौलापार में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय ट्रायल करवाया। ट्रायल में बालक ग्रुप एक के 100 मीटर बटर फ्लाई, 50 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर इंडवीजवल मेडली में हरिद्वार के पार्थ, 50 व 100 मीटर बैक स्ट्रोक में काशीपुर के ध्रुवांशु दोलिया, 50 व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में देहरादून अंशुमान भट्ट, 50 और 100 मीटर बटरफ्लाई में देहरादून के अनहद पहले स्थान पर रहे। बालक ग्रुप दो में 50 व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर फ्री स्टाइल में हल्द्वानी के शिवम धपोला, 50 व 100 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 मीटर फ्री स्टाइल में देहरादून के रितेश अग्रवाल, 50 व 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर इंडीविजवल मेडली में काशीपुर के आदित्य ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालक ग्रुप तीन में 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर इंडीवीजवल मेडली में काशीपुर के यशवर्धन सिंह चौहान, 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैक स्ट्रोक में देव रस्तोगी प्रथम रहे। बालिका ग्रुप एक में देहरादून की काव्या बरगोटी ने 50 व 100 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, देहरादून की मेघा अग्रवाल ने 50 व 100 मीटर बैक स्ट्रोक, 50 मीटर बटर फ्लाई, हल्द्वानी की कुमकुम धपोला ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, देहरादून की तेजस्वनी टोलिया ने 100 मीटर बटरफ्लाई और देहरादून की टीशा वर्मा ने 200 मीटर इंडीवीजवल मेडली में अपना दमखम दिखाया। इन्होंने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका ग्रुप दो में देहरादून की नाम्या महतो ने 50 व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, ईरा रावत ने 50 व 100 मीटर बैक स्ट्रोक, ईशा पंवार ने 50 व 100 मीटर फ्री स्टाइल, 50 व 100 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर इंडीविजवल मेडली में जीते हैं। बालिका ग्रुप 3 में देहरादून की आरना चौहान ने 50 मीटर बटर फ्लाई, 50 मीटर फ्री स्टाइल, हल्द्वानी की श्रद्धा जोशी ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर बैक स्ट्रोक, 200 मीटर इंडीविजवल मेडली ने प्रथम स्थान पाया।

गौलापार स्टेडियम में तैराकी ट्रायल में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

इंडियाज बेस्ट डांसर के लिए चुने गए हल्द्वानी के दीपक

हल्द्वानी, अमृत विचार: सोनी टीवी में प्रसारित होने वाले इंडियाज बेस्ट डांसर के मेगा ऑडिशन में हल्द्वानी निवासी दीपक शाही पहुंच गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र ही नहीं बल्कि राज्य का नाम रोशन हुआ है। दीपक के परिजनों ने बताया कि उसने पांच वर्ष की उम्र से डांस करना शुरू कर दिया था। वह शहर, जिला और राज्य स्तरीय की कई डांसिंग चैंपियनशिप जीत चुका है। वर्ष 2022-23 में रेड बुल डांस योर स्टाइल इंडिया चैंपियन बना। इन दिनों वह डांस के दम पर इंडिया बेस्ट डांसर के ऑडिशन राउंड को पार करके मेगा ऑडिशन में पहुंच गया है। दीपक ने इस उपलब्धि पर पिता प्रकाश शाही और माता आशा शाही, मुकेश सागर, जीजा सुरेंद्र सिंह बिष्ट को श्रेय दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

मोहर्रम पर सजाई गई झांकी : मोहर्रम के मौके पर जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह स्थित सक्कों वाली मस्जिद के मुख्य द्वार के पास 40 वर्षों से भी ज्यादा समय से कर्बला मैदान की मनमोहक सुंदर झांकी सजाने की परंपरा है। इसमें ऐतिहासिक कर्बला मैदान का सजीव चित्रण देखने को मिलता है। पिछले वर्षों की भांति इस बार यहां झांकी सजाई गई है। ● सुशील चौहान

ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

काशीपुर : जसपुर रोड स्थित रजा कॉलोनी के लोगों ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने रजा कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन पर लोड के चलते बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। रजा कॉलोनी के लोग ऊर्जा निगम के गंगापुर स्थित कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि रजा कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन की सप्लाई 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से दी जा रही है। जिससे घरों में अधिक लोड होने के कारण आये दिन फ्यूज उड़ जाता है। उन्होंने रजा कॉलोनी में बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। साथ ही मांगे पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान रईस अहमद, नावेद अहमद अंसारी, नईम अहमद, हबीब अहमद, सालिम खान, साजिद सैफी, हाजी समीर, नदीम अख्तर, सालिम खान, एडवोकेट फरीद, हबीब खान सिराज, नूर हसन, डॉ. आशाक, डॉ. शिफा आदि मौजूद रहे।

अप्रैल से अब तक शुरू नहीं हो सका तैराकी प्रशिक्षण, सितंबर में बंद कर दिया जाता है पूल

बंद होने के समय स्विमिंग पूल खुलने की आस

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

अमृत विचार : प्रदेश सरकार खेलों को महत्व देने का दावा तो करती है, लेकिन धरातल पर यह दावे कितने साबित होते हैं यह इससे ही पता लगता है कि अप्रैल में शुरू होने वाला स्विमिंग प्रशिक्षण अब तक शुरू नहीं हो सका है। खेल विभाग पहले आचार संहिता का हवाला देकर अनुमति नहीं मिलने की बात करता है तो वहीं अब आचार संहिता के समाप्त होने के डेढ़ माह बाद भी अनुमति के लिए आस लगाए बैठा है।

दरअसल स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थित एक मात्र शासकीय स्वीमिंग पूल आमतौर पर अप्रैल माह में स्विमिंग प्रशिक्षण के लिए शुरू कर दिया जाता था। इससे नेशनल तैराकी प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को लाभ मिलता था। साथ ही बड़ों के साथ छोटे बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण मिल जाता था। लेकिन इस साल अप्रैल में शुरू होने वाला स्विमिंग पूल लोकसभा चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के चलते अनुमति नहीं मिलने से शुरू नहीं हो सका। 4 जून को आचार संहिता समाप्त होने के बाद स्विमिंग पूल शुरू होने की आस जगी तो अनुमति नहीं मिली। इसके बाद अब मानसून ने भी दस्तक दे दी है। ऐसे में स्टेडियम स्टाफ करीब दो बार स्वीमिंग पूल की सफाई भी करा चुका है। यहां बता दें कि मानसून के सीजन में तैराकी प्रशिक्षण कभी कभार अगस्त माह में भी बंद कर दिया जाता है। ऐसे में अब जब स्वीमिंग पूल बंद करने का समय नजदीक है तो वहीं अभी भी पूल को चलाने के लिए अनुमति की आस लगाई जा रही है।

काशीपुर में अनुमति नहीं मिलने से बंद पड़ा स्विमिंग पूल। ● अमृत विचार

> फिलहाल अभी तक स्वीमिंग पूल चलाने की अनुमति प्राप्त नहीं हुई है। सितंबर माह तक तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाता है। संभवत: इसी माह अनुमति मिलने की उम्मीद है। इसके बाद तैराकी प्रशिक्षण शुरू कर दिया जाएगा।
> –**मोहित सिंह**, प्रभारी स्टेडियम

सार-संक्षेप

उद्घाटन के बाद पत्रकारों को जानकारी देते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अग्रसेन हॉस्पिटल में खुला प्रदेश का पहला नेत्रदान केंद्र

रुद्रपुर, अमृत विचार : नेत्रदान अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रुद्रपुर स्थित महाराजा अग्रसेन में प्रदेश का पहला नेत्रदान केंद्र खुल गया है। नेत्रदान केंद्र को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से संबद्ध किया जाएगा। ताकि अंधेपन की जिंदगी जीने वाले लोगों की आंखों की रोशनी लौटाई जा सके। केंद्र का शुभारंभ निदेशक डॉ. एलएम उप्रेती और महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एसके मित्तल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि नेत्रदान केंद्र राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से संबंद्ध रहेगा और अर्जुन आई बैंक हल्द्वानी को कॉर्निया मुहैया कराया जाएगा। स्वास्थ्य निदेशालय ने इसकी मंजूरी भी दे दी है। बताया कि नेत्रदान केंद्र प्रदेश का पहला केंद्र होगा। इस मौके पर अमित सिंगल, आनंद रुंगटा, अर्जुन गुप्ता, अशोक बंसल, बलराम अग्रवाल, ब्रजभूषण गोयल, देवी शंकर अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, गुरबाज सिंह, जय भगवान जैन, मांगेराम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, प्रहलाद अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजेश मित्तल आदि मौजूद रहे।

सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा महंगा

काशीपुर : संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी व भाजपा नेता मुकेश चावला ने एक युवक के खिलाफ मुख्यमंत्री के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी मुकेश चावला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आयुष रावत नाम के युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की फर्जी आईडी बनाकर उनकी और सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। युवक द्वारा किया गया यह कृत्य चुनी हुई सरकार के प्रति विद्रोह और अपमान करने का कार्य है। इससे उत्तराखंड की जनता की भावना आहत हुई है।

शहीद-ए-आजम कॉन्फ्रेंस में तकरीर करते मुफ्ती। ● अमृत विचार

नौजवानों से की नशे से दूर रहने की अपील

काशीपुर : अंजुमन गुलिस्ताने नौजवानेत हवाईयानन रजा कमेटी ने हसन हुसैन की याद में एक शहीद ए आजम कॉन्फ्रेंस मोहल्ला बांसफोड़ान हलवाई चौक पर कराई। इसकी सदारत शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने की और निजामत कारी महमूद ने की। इसमें बहेड़ी से आए हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती अहमद रजा ने बेहतरीन तकरीर का खिताब किया और उन्होंने बताया जो हसन हुसैन के राह पर चलेगा वही सच्चा मुसलमान है। मुरादाबाद से आए हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती जियाउर रहमान ने कहा कि आजकल के नौजवान लड़के नशाखोरी, मोबाइल में लगे हुए हैं, यह गलत है। हमें इन बातों से दूर रहना चाहिए। वहां पर मोहम्मद आरिफ, आफताब आलम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अनस, असगर अली, हैदर अली, सलीम अजीब, मोहम्मद अमन, हारून आदि रहे।

चन्द्रावती कॉलेज में दिया ज्ञान एकाग्रता का प्रशिक्षण

काशीपुर : चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेमोरी एवं ज्ञान एकाग्रता का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आज के जीवन के आपाधापी से अवसाद ग्रस्त मस्तिष्क को कैसे बचाया जा सकता है इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। बीते तीन दिनों से चल रहे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे दिन आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम के तहत मेमोरी एवं ज्ञान एकाग्रता का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कटरामालियान में स्वयंसेवियों ने पॉलीथिन उन्मूलन जागरूकता रैली निकालकर पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया। साथ ही स्थानीय दुकानदारों को कपड़े की थैली वितरित की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. वंदना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, किरन मौजूद रहे।

राशन किट और चेक नहीं मिलने पर बाढ़ प्रभावित लोगों ने किया हंगामा

पकड़िया और बंगाली कॉलोनी के लोगों ने पटवारियों पर लगाया मनमानी करने का आरोप

रोष

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: आपदा पीड़ितों को राशन किट और चेक वितरण के दौरान पकड़िया चौराहे पर दर्जनों लोगों ने राशन किट और दैवीय आपदा मद के पांच हजार के चेक न बांटने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। लोगों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन किट और चेक बांटने में मनमानी का आरोप लगाया।

पकड़िया चौराहे पर एकत्रित लोगों ने कहा कि पकड़िया और बंगाली कॉलोनी में बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है। लोगों का राशन, घर का सामान व मवेशी बाढ़ में बह गए हैं। इसके बावजूद अब तक सहायता नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग पटवारियों पर राशन और चेक बांटने के लिए दबाव बना रहे हैं। जिस कारण सभी को राशन व चेक नहीं मिल पा रहे हैं। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

खटीमा के पकड़िया में राशन किट बांटने में धांधली का आरोप लगाकर हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

विधायक कापड़ी ने लगाया आपदा की राशन किट वितरण में धांधली का आरोप

खटीमा : दैवीय आपदा के तहत बाढ़ पीड़ितों को बांटी जा रही राशन किट में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट से मिले। उन्होंने राशन वितरण में राजनीतिक भेदभाव बरतने का आरोप लगाया। विधायक भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एसडीएम बिष्ट से मिले। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को पूर्ति विभाग द्वारा बांटी जा रही राशन किट पात्र लोगों को नहीं मिल पा रही है। विधायक कापड़ी ने कहा कि राशन वितरण में भी पार्टी देखकर राशन दिया जा रहा है। एसडीएम बिष्ट ने मामले की जांच करने की बात कही। उन्होंने इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बॉबी राठौर, पीसीसी सदस्य राजू सोनकर, राशिद अंसारी, रवीश भटनागर, रमेश रौतेला, रवि अग्रवाल, रामू जोशी, विनोद चंद, इमरान खान, पंकज टम्टा आदि मौजूद थे।

खटीमा में धांधली का आरोप लगाते हुए एसडीएम से वार्ता करते विधायक कापड़ी।

पुलिस कार्यालय में खुला जिला निर्वाचन कंट्रोल कक्ष

हाईटेक नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिला पुलिस निर्वाचन कार्य को गतिमान बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में सीएसआर योजना के तहत जिला पुलिस निर्वाचन कंट्रोल कक्ष खुल गया है। इसका उद्घाटन एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने फीता काटकर किया।

मंगलवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी अधीनस्थों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे और फीता काटकर कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्री फेब्रिकेटेड हाईटेक का निर्माण किया है। इसमें अब जिला पुलिस निर्वाचन कंट्रोल रूम का कार्य किया जाएगा। ताकि निर्वाचन कार्य को गतिमान बनाया जा सकें। उन्होंने बताया कि कक्ष का निर्माण उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा किया गया है। इस मौके पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, सीएफओ निशांत कटारिया, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

पहल

- एसएसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन
- प्री फेब्रिकेटेड हाइटेक होगा नियंत्रण कक्ष

धान के उचित रेट नहीं मिलने पर रोष

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मंडी समिति में किसानों को बासमती धान व अन्य प्रजातियों का वाजिब दाम नहीं मिलने और व्यापारियों व आढ़तियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को भाकियू ने एसडीएम अभय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा।

कहा कि बासमती व अन्य प्रजाति के धान की मंडी में आवक चल रही है। आरोप लगाया कि व्यापारियों व आढ़तियों की मिलीभगत से किसानों को लूटा जा रहा है। कहा कि अन्य प्रदेशों के व्यापारियों को धान खरीद से रोका जा रहा है। इससे किसानों को मंडी में रेट कम मिल रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से किसानों की समस्या का निस्तारण करने की मांग की। इस मौके पर कुलविंदर सिंह, अरुण कुमार शर्मा, राजवीर सिंह, शीतल सिंह, दीदार सिंह, जसवीर सिंह, मंदीप सिंह, कश्मीर सिंह, हरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

निर्धन बेटी की शादी में की मदद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रंपुरा बस्ती अति निर्धन परिवार की बेटी की शादी महज एक टेंट में हो रही थी। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शीघ्र स्त्री धन का इंतजाम किया और समर्थकों के साथ शादी समारोह में शामिल होने चले गए। उन्होंने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। सोमवार की देर शाम रंपुरा वार्ड-23 स्थित राम आर्या पार्क में बस्ती की रहने वाली विनीता की शादी थी। पिता राजपाल आर्थिक स्थिति खराब होने पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कंबल, डिनर सेट, वाटर कूलर, कुकर, प्रेस, पंखा एवं कपड़े आदि जुटाए और जाकर उन्हें भेंट किए।

निर्धन कन्या के विवाह में शामिल होते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

- निर्धन बेटी की शादी में दिया दान-दहेज, रंपुरा बस्ती में हुआ था शादी समारोह

सम्मन मुद्दालय वास्ते प्रकाशनार्थ
व अदालत सिविल जज सी. डि. बरेली
मूलवाद सं. 225 सन 2022
श्रीमती निधि सोनो वालिग पत्नी स्व. आसुतोष वर्मा निवासी 783 राजेन्द्र नगर, परगना तहसील व जिला बरेली। ...वादिनी
बनाम
1. हिमांशु वर्मा पुत्र स्व. नरेश चन्द्र वर्मा निवासी 456 वार्ड नं. 16 मोहल्ला लौहरियान काशीपुर।
2. श्रीमती रेखा वर्मा पत्नी श्री नरेश चन्द्र वर्मा निवासी मं.नं. 456 वार्ड नं. 16 मोहल्ला लौहरियान, जिला काशीपुर। ...प्रतिवादीगण
चूंकि मुसम्मी श्रीमती निधि सोनो ने आपके नाम एक नालिस वास्ते स्थाई निषेधाज्ञादेश के बाद दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 18.07.24 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से वखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख ..... को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
जज

राहत तीन महीने बाद शुरू हुआ खेल प्रशिक्षण, पुराने कोचों का अनुबंध समाप्त होने के बाद से अटकी थी नई भर्ती

स्टेडियमों में हुई नए अस्थायी कोचों की भर्ती

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: आखिरकार प्रदेश के कई जिलों में नए अस्थायी कोचों के अनुबंध के बाद खेल प्रशिक्षण शुरू हो गया है। काशीपुर स्टेडियम में भी करीब 9 खेलों का प्रशिक्षण आरंभ कर दिया गया। पुराने कोचों के अनुबंध समाप्त होने के बाद से नई भर्ती प्रक्रिया किसी न किसी कारण से अटकी पड़ी हुई थी।

हर साल स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण के लिए अस्थायी कोचों का अनुबंध होता है। ऐसे में पुराने कोचों का अनुबंध समाप्त होने से खेल प्रशिक्षण में भी ब्रेक लग गया था। इस दौरान करीब तीन महीने से अधिक समय तक खेल प्रशिक्षण बंद रहा। वहीं लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगने से भी नए कोचों की भर्ती में देरी हुई। हालांकि अब प्रदेश में स्टेडियम में कोचों की भर्ती के बाद खिलाड़ियों को उनके द्रोणाचार्य मिल गए हैं। काशीपुर में वर्तमान में हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्टेडियम में इन नौ खेलों के लिए कोचों उपलब्ध होने से खिलाड़ियों में उत्साह नजर आ रहा है।

काशीपुर में कोचों से प्रशिक्षण लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

> नए कोचों की भर्ती हो चुकी है। काशीपुर में नए कोचों ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। वर्तमान में स्टेडियम में नौ खेलों का प्रशिक्षण खिलाड़ियों को दिया जा रहा है।
> –**मोहित सिंह**, प्रभारी स्टेडियम।

भतीजी की लव मैरिज से नाराज चाचा ने पति को पीटा

काशीपुर: भतीजी की लव मैरिज से नाराज चाचा ने उसके पति पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। इस दौरान आरोपी ने युवक के डंपर में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम गांधीनगर निवासी गुरबचन सिंह ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मई 2018 को गांव की निवासी मनदीप कौर से लव मैरिज की थी। बाद में मनदीप कौर के माता पिता ने उनके रिश्ते को अपना लिया। लेकिन मनदीप कौर के रिश्ते का चाचा सुखविंदर सिंह उर्फ सनी लगातार रंजिश रखता आ रहा है तथा उसे जान माल का नुकसान पहुंचाने की कोशिश में लगा रहता है। आरोप लगाया कि 14 जून 2024 की रात लगभग 9 बजे जब वह अपने डंपर को लेकर ग्राम गुलजारपुर स्थित गुरु अंगद देव स्टोन क्रशर गया था। वहां पहले से मौजूद सुखविंदर सिंह उर्फ सनी ने उसे देखते ही गालियां देनी शुरू कर दीं तथा उसने जान से मारने की नीयत से उस पर पत्थरों से वार कर दिया। साथ ही लात घूसों से भी मारा पीटा। इस दौरान आरोपी ने उसके डंपर में भी तोड़फोड़ की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने उसे बमुश्किल बचाया।

एक नजर

छेड़छाड़ का विरोध किया तो युवक ने दी छात्रा पर तेजाब फेंकने की धमकी

खटीमा : पुलिस ने एक मनचले युवक के खिलाफ छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर तेजाब फेंकने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के एक व्यक्ति ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री को आए दिन एक लकड़ा परेशान करता रहता है और जगह-जगह पुत्री के साथ गंदी हरकतें करता है। इसके चलते पुत्री का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बताया है कि 13 जुलाई को करीब 6 .30 बजे पुत्री मुख्य चौक पर आई थी तभी आरोपी बाइक से वहां पहुंच गया। आते ही पुत्री को देख गंदे-गंदे कमेंट करने लगा। मना करने पर आरोपी युवक ने तेजाब से हमला करने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने वार्ड 12 खेतलसंडा खाम निवासी विक्कू कुमार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 351/78/79 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शव को रखकर जाम लगाने की दी धमकी, पुलिस को सौंपी तहरीर, मकान विक्रेता पर रजिस्ट्री नहीं करने का आरोप

बुजुर्ग की मौत पर ट्रांजिट कैंप के लोगों का हंगामा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मकान विक्रेता को बुजुर्ग की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए लोगों ने ट्रांजिट कैंप में हंगामा काटना शुरू कर दिया और शव को रखकर जाम लगाने की धमकी दी। आरोप था कि विक्रेता द्वारा मकान की रजिस्ट्री नहीं करने पर बुजुर्ग मानसिक अवसाद से गुजर रहा था। वहीं पुलिस पर भी आरोप लगाया कि शिकायती पत्र देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

ट्रांजिट कैंप में हंगामा काटते बुजुर्ग के परिजन। ● अमृत विचार

शास्त्री नगर गड्ढा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप निवासी सौरभ सैनी ने बताया कि 18 दिसंबर 2021 को पिता प्रेम चंद ने रामपुर स्थित गांव की जमीन बेचकर ट्रांजिट कैंप में दो मंजिला मकान खरीदा था। विक्रेता द्वारा इसकी कीमत 60 लाख रुपये बताई थी और पिता ने धीरे-धीरे मकान की कीमत भी चुकता कर दी। आरोप था कि सात जुलाई 2024 को उस के पिता भाई के साथ मकान विक्रेता के घर गए और मकान की रजिस्ट्री करने की बात कही। जिसे सुनकर आरोपी ने पिता के साथ अभद्रता की और धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। साथ ही रजिस्ट्री नहीं करने की धमकी भी दी। आरोप था कि रकम लेने के बाद विक्रेता की नीयत खराब हो गई थी। प्रकरण को लेकर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस के अलावा एसएसपी को भी शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस वजह से आठ जुलाई को मानसिक अवसाद से गुजर रहे पिता की तबीयत बिगड़ गई और रुद्रपुर, बरेली से रेफर करने के बाद ऋषिकेश ले गए। जहां उपचार के दौरान पिता ने दम तोड़ दिया। जैसे ही मौत की खबर परिजनों को हुई वैसे ही गुस्साए परिजनों ने मंगलवार की शाम को थाना ट्रांजिट कैंप का घेराव कर दिया और जमकर हंगामा काटते हुए शव को रखकर जाम लगाने की धमकी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भारत सिंह मौके पर पहुंचे और तहरीर लेते हुए प्रकरण में कठोर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ही लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

दुकानदार को घेरकर किया हथौड़े से हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई

- घायल दुकानदार को हल्द्वानी किया गया रेफर
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की तलाश

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक दुकानदार को घेर कर हथौड़े से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड-तीन सिडकुल ढाल थाना ट्रांजिटकैप निवासी अंकित कुमार ने बताया कि उसके चाचा आनंद कुमार की सिडकुल ढाल के समीप ही एक छोटी से दुकान है और 14 जुलाई की रात्रि दस बजे रोजमर्रा की भांति वह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे कि अचानक आनंद लाल, संतोष सागर ने अपने साथियों के साथ चाचा को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से लोहे की राड व हथौड़े से प्राणघातक हमला शुरू कर दिया। चाचा लहूलुहान होकर नीचे गिर गए और चीख पुकार की आवाज सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए। चाचा को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया, लेकिन हल्द्वानी से भी डॉक्टरों ने नाजुक हालत बताते हुए लखनऊ हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कारीगर बनकर आया, 25.64 लाख का सोना लेकर हुआ फरार

शहर के नामी ज्वैलर्स ने दिया था ऑर्डर, पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी का प्रतिष्ठान बंद, देहरादून तक खोजबीन के बावजूद नहीं लगा पता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: शहर के नामी ज्वेलरी कारोबारी के पास एक युवक सोने-हीरे के आभूषण बनाने और रिपेयरिंग का कारीगर बनकर आया। जब उसे मोटा ऑर्डर मिला तो वह लाखों का सोना लेकर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर के प्रतिष्ठित बंसल ज्वैलर्स शोरूम के मैनेजर अमरजीत सिंह ने बताया कि फरवरी 2023 में उत्तर बाग आरहर बाजार देहरादून व हाल निवासी रुद्रपुर शेख मैनुर इस्लाम ने खुद को सोने-हीरे के आभूषण बनाने और पुराने आभूषण की रिपेयरिंग करने का बेहतरीन कारीगर बताया। बातचीत के बाद वह आभूषण बनाने व रिपेयरिंग करने का कार्य नियमित रूप से करता रहा। बताया कि एक अप्रैल 2024 से सात जून तक के रिकॉर्ड की पड़ताल की, तो पाया कि एक अप्रैल 2024 से 12 जून तक कारीगर मैनुर को 415 ग्राम व 200 मिग्रा सोना दिया गया। इसकी कीमत 25.64 लाख रुपये है। बताया कि कारीगर को सोना दिया गया, लेकिन कारीगर द्वारा आभूषण बनाकर वापस नहीं किया गया। आशंका होने पर पड़ताल की, तो पता चला कि आरोपी कारीगर का भगत सिंह चौक स्थित प्रतिष्ठान बंद पड़ा हुआ है और देहरादून स्थित पते पर भी आरोपी पिछले कई दिनों से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा, तो शोरूम के मैनेजर अमरजीत सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ठगी प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।

01 अप्रैल से सात जून तक के रिकॉर्ड की पड़ताल की तो पाया कि कारीगर मैनुर को लाखों का सोना दिया गया

ग्राहक बनकर उड़ाई 1.10 लाख की सोने की चेन

रुद्रपुर, अमृत विचार : शहर के नामी ज्वैलर्स के शोरूम पर ग्राहक बनकर आए चार लोगों ने 1.10 लाख कीमत की सोने की चेन उड़ा दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों में कैद संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। सिविल लाइंस निवासी संगीत पांडेय ने बताया कि वह सिविल लाइन स्थित बंसल ज्वैलर्स शोरूम में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बताया कि पांच जून को शोरूम पर शाम छह बजे के करीब तीन महिलाएं व एक पुरुष आए और जेवरात दिखाने की बात कही। इस पर शोरूम में तैनात कर्मी ने चारों संदिग्धों को सोने की चेन के कई मॉडल दिखाए और बाद में संदिग्ध बिना खरीदारी किए ही वापस चले गए। शोरूम बंद होने के दौरान जब स्टॉक की गिनती की गई, तो 22 कैरेट जिसका वजन 15 .260 ग्राम था, सोने की एक चेन गायब थी। इसकी कीमत 1.10लाख रुपये है। जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया, तो पाया कि शोरूम पर आए चारों संदिग्धों ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया। शोरूम के जीएम संगीत पांडेय ने आदर्श कॉलोनी पुलिस को सूचना देने के बाद घटना की तहरीर दी। शिकायती पत्र देने के एक माह से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुहैया सीसीटीवी में चारों संदिग्ध चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

2023 में खोली दुकान, सवा करोड़ ठगी को दिया अंजाम

अपराध

- आठ ज्वैलर्स से भी लिया था आभूषण बनाने का ऑर्डर
- षडयंत्र के तहत खोली दुकान, फिर बनाई मार्केट

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार : जहां लोग अपने हुनर की बदौलत बेहतर भविष्य की कल्पना को पूर्ण करने में लगाते हैं, वहीं सोना लेकर फरार हुए आरोपी ने अपने हुनर को धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किया। बताया जा रहा है कि आरोपी आभूषणों को बेहतर कारीगर है और एक साल पहले ही रुद्रपुर आया। जहां उसने आभूषण बनाने की दुकान खोली और एक साल तक कारोबारियों के साथ कार्य भी किया, लेकिन करोड़ों का सोना लेकर फरार हो जाना एक सोची समझी साजिश की ओर इशारा करती है।

प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि फरवरी 2023 में देहरादून निवासी शेख मैनुर इस्लाम रुद्रपुर आया था और उसने भगत सिंह चौक पर आभूषण बनाने की दुकान खोली थी। जहां वह सोने व हीरे के आभूषण बनाने व रिपेयर का कार्य देखता था। बताया जा रहा है कि बंसल ज्वैलर्स से काम पकड़ने के बाद उसने शहर के कई प्रतिष्ठित ज्वैलर्स कारोबारियों से भी संपर्क किया था और एक वर्ष से नियमित कार्य भी कर रहा था। अप्रैल 2024 को आरोपी मैनुर बंसल ज्वैलर्स से 25.64 लाख का सोना लेकर फरार हो गया। वहीं शहर के ही आठ कारोबारियों से भी आभूषण बनाने का ऑर्डर लेकर बड़ी मात्रा में सोना प्राप्त किया था। ऐसे में आशंका जताई है कि मैनुर ने लाखों नहीं, बल्कि सवा करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत ढल्ला ने बताया कि प्रकरण के बाद जानकारी मिली है कि आरोपी ने शहर के आठ कारोबारियों से भी ऑर्डर लिया था। जिसकी कीमत सवा करोड़ से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया था, यदि खुलासा नहीं हुआ, तो बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी। जिस प्रकार आरोपी ने एक साल पहले कारोबारियों से संपर्क किया और नियमित कार्य भी किया। इससे आशंका जताई जा रही है कि आरोपी षड़यंत्र के तहत ही रुद्रपुर आया होगा।

फर्जी बनाया आधार कार्ड

रुद्रपुर : बंसल ज्वैलर्स शोरूम के मैनेजर अमरजीत सिंह ने बताया कि जब रिकॉर्ड में लाखों का गोलमाल निकला, तो सबसे पहले आरोपी की खोली गई दुकान में गए। जहां ताला लगा हुआ था और आधार कार्ड में अंकित स्थायी पते देहरादून जाकर पड़ताल की। पता चला कि इस नाम का व्यक्ति काफी समय से गायब है। बताया कि पड़ताल में फरार आरोपी कारीगर कोलकाता का बताया जा रहा है। शोरूम प्रबंधन ने अपनी पड़ताल के बाद पुलिस को सारी जानकारी मुहैया करा दी है।

पुलिस को मुहैया कराई सीसीटीवी फुटेज

रुद्रपुर : लाखों का सोना लेकर फरार होने प्रकरण के बाद शोरूम मैनेजर की तहरीर आते ही पुलिस ने मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को भी सुरक्षित कर लिया। इसमें आरोपी अक्सर शोरूम पर ऑर्डर के लिए आता जाता दिख रहा है। यहां तक की पुलिस जांच में आरोपी का मोबाइल भी बंद बता रहा है। पुलिस ने प्रकरण की जांच को तेज कर दिया है।

बोले कोतवाल: अमानत में खयानत का है मामला

रुद्रपुर : शहर कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि बंसल ज्वैलर्स का लाखों का सोना लेकर फरार होने का मामला अमानत में खयानत का है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। जो सीसीटीवी फुटेज और आधुनिक तकनीक के माध्यम से जांच कर रही है। इसके अलावा यदि और भी शिकायती पत्र आते हैं तो पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी। जल्द ही प्रकरण का खुलासा किया जाएगा।

खेत से मिट्टी निकालने का विरोध करने पर मारपीट

काशीपुर : एक व्यक्ति ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर उसके खेत से मिट्टी निकालने व विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मुरादाबाद निवासी संजीव कुमार ने एसएसपी को पत्र देकर बताया कि उसकी भूमि ग्राम नूरपुर तहसील बाजपुर में है। जहां उसकी गैरमौजूदगी में सतीश कुमार निवासी मोहल्ला आर्य नगर सुल्तानपुर पट्टी उसके खेत में अपने-अपने साथियों के साथ घुस आया और जेसीबी, डंपर की मदद से खुदाई कर मिट्टी निकालकर ले गये। जब वह अपने खेत पर इस अवैध खनन को रुकवाने के लिए 25 दिसंबर 2023 को पहुंचा। तब सतीश सैनी अपने 10-15 साथियों के साथ खेत पर हथियार लिए खडे.थे। उसने अवैध खनन का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा तमंचे दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि 21 जून 2024 को सतीश सैनी व उसके साथी नीरज सैनी, मनोज सैनी उर्फ जौनी व 5-6 अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उसने मान व माल की हानि की संभावना जताई है।

टीडीसी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम (टीडीसी) कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन बिना पोस्टमार्टम और पुलिस को सूचना दिए बगैर शव लेकर अपने पैतृक गांव बागेश्वर के लिए रवाना हो गए हैं।

नरेश बोरा।

बागेश्वर के सुदूरवर्ती गांव निवासी नरेश बोरा (44) को अपने पिता स्व. हरीश सिंह बोरा के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे के तहत टीडीसी में कृषि श्रमिक पद पर नियुक्ति मिली थी। वह नगला गेट पर टीडीसी कॉलोनी के सरकारी आवास में अपनी पत्नी और तीन पुत्रियों के साथ रहता था। नरेश को मिर्गी आदि के दौरे भी पड़ते थे। मंगलवार सुबह आठ बजे वह नगला में टीडीसी के प्रोसेसिंग प्लांट पर गया था। वहां से उसने अपने सहकर्मियों को फोन कर बताया कि उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया है। सूचना पर पहंचे सहकर्मी उसे बेहोशी की हालत में रुद्रपुर के निजी अस्पताल (बाठला क्लीनिक) ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसे रास्ते भर उल्टियां भी होती रहीं। डॉक्टर के अनुसार उसकी मृत्यु ब्रेन हेमरेज से हुई है।

फर्जी आईडी बनाकर की आपत्तिजनक पोस्ट

काशीपुर : काशीपुर निवासी एक युवक ने एक व्यक्ति पर अपनी बहनों की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाया है। जिससे उसकी बहनों पर लोगों के फोन आ रहे और उसकी बहनों को मानसिक प्रताड़ना उत्पन्न हो रही है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। काशीपुर के पशुपति विहार निवासी एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बहनों की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उस पर उसकी बहन की फोटो लगा रखी है। जिससे वह लोगों को अभद्र मैसेज भेज रहा है। उन लोगों के फोन बार-बार उनकी बहनों के पास आ रहे हैं। इससे उनकी छवि खराब हो रही है।

तार टूटकर गिरने से तीन मवेशियों की गई जान, हंगामा

रोष

- किच्छा के वार्ड नंबर 5 की घटना
- स्थानीय लोगों ने की विद्युत विभाग से 3 लाख का मुआवजा देने की मांग

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पुरानी गल्ला मंडी में मवेशियों के ऊपर विद्युत तार टूट कर गिर गया। करंट की चपेट में आकर तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। सभासद प्रतिनिधि द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन पर घटना की जानकारी दिए जाने के पश्चात विद्युत आपूर्ति को बंद कर दिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा दिए जाने की मांग की। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों को शांत कराते हुए तीनों मवेशियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

किच्छा में घटना के बाद विद्युत लाइन ठीक करता विद्युत कर्मचारी। ● अमृत विचार

पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर 5 क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा अपने मवेशियों को सड़क किनारे बांध दिया जाता है। बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर 5 निवासी वीरेंद्र कुमार द्वारा भी अन्य जानवरों के साथ अपने मवेशियों को सड़क किनारे बांधा गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार मंगलवार की सुबह तड़के करीब 4 बजे तेज हवा के कारण एक खंभे से दूसरे खंबे तक जा रही विद्युत तार आपस में टकरा गई। विद्युत तार टकराने तथा चिंगारी के पश्चात एक तार टूट कर सड़क पर गिर गया। करंट की चपेट में आकर वीरेंद्र कुमार की एक दुधारू गाय, एक भैंस तथा एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि एवं व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी मौके पर पहुंचे और तुरंत फोन कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इस पर विद्युत विभाग ने क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद कर दी। एसडीओ डीसी गुरुरानी के निर्देश पर पहुंची टीम ने आनन फानन में पुरानी तार को हटाकर नई विद्युत तार लगाते हुए विद्युत आपूर्ति को सुचारु कर दिया। व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी ने घटना के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनके द्वारा पूर्व में कई बार जर्जर हो चुकी विद्युत तार को बदलने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने विद्युत विभाग से पीड़ित परिवार को 3 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। स्थानीय लोगों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों मवेशियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीओ गुरुरानी ने बताया कि पीड़ित परिवार को विभागीय सहायता उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

दुखद गैस रिसाव से वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला नई बस्ती मंसूरी नगर निवासी अमजद के घर में लगी आग का मामला

चीख-पुकार सुनकर बच्चों को लोगों ने बाहर निकाला

आग बुझाने का प्रयास करते समय झुलसा अमजद व मौके पर लगी भीड़।

सिलेंडर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: गैस रिसाव से लगी आग से वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला नई बस्ती मंसूरी नगर निवासी अमजद के पूरे घर में धुआं ही धुआं हो रहा था। इससे घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लोगों ने घर के अंदर चीख-पुकार मचा रहे अमजद के बच्चों को किसी तरह घर से सुरक्षित बाहर निकाला।

मां की अंत्येष्टि में शामिल नहीं हो पाया अमजद

जसपुर : आग से झुलसे अमजद को नगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उपचार करा रहा अमजद अपनी मां की अंत्येष्टि में शामिल नहीं हो पाया। उधर, आग बुझाने वाली फायर यूनिट में एफएसएसओ श्याम बहादुर थापा, एफएम रमेश चन्द्र, संदीप कुमार, गोपाल प्रसाद, जीवन चन्द्र, श्याम लाल, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र गुसाईं, सागर सिंह, सुरेश लाल व वीशु कुमार शामिल रहे।

आग से जली हुई नसीमा बेगम की चारपाई। ● अमृत विचार

परिवार को शादी के मंडप में मारने की धमकी

काशीपुर : एक युवक ने अपने भाई के साले पर उसकी शादी के दौरान मंडप में उसकी व उसके परिवार की हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। ओम विहार कॉलोनी, निकट मोटेश्वर मन्दिर निवासी प्रदीप वर्मा ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके बड़े भाई कुलदीप कुमार वर्मा की शादी शालिनी वर्मा निवासी लामाखेड़ा, थाना टाण्डा जिला रामपुर से हुई है। कहा कि 16 जुलाई मंगलवार को उसकी शादी जसपुरखुर्द स्थित एक रिसोर्ट में है। आरोप लगाया कि 11 जुलाई 2024 को लामाखेड़ा, थाना टाण्डा, जिला रामपुर निवासी उसके भाई के साले अजय वर्मा का रात करीब नौ बजे फोन आया और धमकी दी कि वह पीड़ित व उसके परिवार की शादी के मंडप में हत्या कर देगा। इससे वह व उसका परिवार डरा हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनय : ॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक् पटुता -ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

संपादकीय

आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। डोडा में सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के कई जवान शहीद हो गए। पिछले तीन हफ्तों में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ थी। एक सप्ताह पहले कठुआ जिले के माचेडी जंगल में आतंकवादियों ने सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। डोडा में जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। इस हमले में हमने बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को खो दिया है। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स संगठन ने ली है। इसी संगठन ने कठुआ आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर टाइगर्स का गठन हुआ था। यह संगठन पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा समर्थित बताया जाता है। इस संगठन ने सबसे पहले जून 2021 में सेना के वाहन पर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। उस दौरान इसके साथ लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट, पीपुल्स अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेस और लश्कर-ए-मुस्तफा का भी नाम सामने आया था। अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद होने के बाद से, भारतीय सेना ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया।

भारतीय सेना विदेशी आतंकियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चला रही है। कठुआ क्षेत्र में भी इसी तरह के ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं। खास बात है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जिस डोडा जिले में मुठभेड़ हुई वह कश्मीर नहीं जम्मू रीजन का हिस्सा है। अधिकारियों का कहना है कि अब आतंकी जम्मू में अपनी गतिविधियों को बढ़ाना चाहते हैं। आतंकवादी समूह विद्रोह जारी रखने के नए रास्ते खोज रहे हैं। गुरिल्ला युद्ध की नीति अपना रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा बल इस क्षेत्र से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमले राज्य में बिगड़े हालात को दर्शा रहे हैं। खराब ढंग से चलाए गए सुरक्षा अभियानों ने भी स्थानीय आबादी और सरकार के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचाया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बड़ा आरोप लगाया है। डीजीपी स्वैन ने कहा कि राज्य की क्षेत्रीय पार्टियों ने वोट की राजनीति के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आतंकी संगठनों के फंडिंग पर भी सवाल उठाए। ऐसे में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों से प्रमुखता से निपटना समय की जरूरत है।

यंत्रों पर निर्भरता मानव के लिए कितनी उचित

डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव, मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा।

केरल के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में एक यांत्रिक मानव (रोबोट-उच्चारण-रोबो) का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है। यह कृत्रिम बुद्धि से युक्त है। इसे एक स्त्री का रूप दिया गया है। इस रोबोट शिक्षक या शिक्षिका को मेकरलैब्स कंपनी ने बनाया है और इसे आइरिस का नाम दिया गया है।

यह सुन सकती है,देख सकती है,सोच सकती है, समझ सकती है, बोल सकती है,याद रख सकती है और सीख सकती है। यह चल सकती है,हाथ मिला सकती है,छात्रों और अन्य लोगों से संवाद स्थापित कर सकती है,मंच से भाषण दे सकती है, पढ़ सकती है,लिख सकती है,प्रश्नों के उत्तर दे सकती है और पढ़ा सकती है। अभी इसे शुरू की कक्षाओं से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए बनाया गया है। अभी इसे अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम तीन भाषाओं की जानकारी है। आगे इसे 20 से अधिक भाषाएं सिखाए जाने की तैयारी चल रही है। यह गलत जानकारी और गलत सामग्री को रोक सकती है और अन्य कंप्यूटर्स एवं पुस्तकों के माध्यम से नया ज्ञान प्राप्त कर सकती है। यह यांत्रिक शिक्षिका मानव के समान ही साड़ी एवं अन्य वस्त्र पहनती है।

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है। आगे इसका और विस्तार किया जाएगा और यह यंत्र-मानव कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी जाएगा। यह पढ़ाई के अतिरिक्त एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को भी बढ़ावा देगा। यह यांत्रिक मानव रोबोटिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक कॉम्बीनेशन है। इसमें इंटेल के प्रॉसेसर्स लगे हुए हैं। यह यंत्र-मानव नीति आयोग की 2021 की स्कूलों में शिक्षा के प्रसार की नीति के अंतर्गत 'अटल टिंकरिंग लैब्स परियोजना' की पहल के रूप में है। कृत्रिम बुद्धि युक्त इन रोबोट्स के रूप में विज्ञान कथाएं सच हो रही हैं। मानव की कल्पना साकार रूप ले रही है। पहले भी पनडुब्बियों और चांद पर जाने

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है।

जैसी अनेक विज्ञान कथाएं सच हुई हैं। प्रसिद्ध ब्रिटिश कथाकार जूल्स वर्न की सन् 1870 के आसपास लिखी गई 'ट्वेन्टी थाउजेंड लीग्स अंडर द सी' और 'फ्रॉम द अर्थ टू द मून' जैसी कथाएं इसके उदाहरण हैं। आगे और भी विज्ञान कथाएं सत्य होंगी।

यह प्रश्न उठता है कि क्या यंत्रों को अपने जीवन में इस प्रकार उपयोग में लाना मानव के लिए उपयुक्त है? क्या इससे मानव के रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं? यंत्रों पर कितनी निर्भरता उचित है? हां, इनको उपयोग में लाना हमारे लिए उपयुक्त है। इनके अंदर मानव से अधिक क्षमता है,इनके एक ही मस्तिष्क में बहुत अधिक ज्ञान भरा जा सकता है और ये विविध प्रकार के विषयों और कक्षाओं को पढ़ाने और विभिन्न कार्य करने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। ये भ्रष्टाचार रहित हैं, ये बहुत अधिक परिश्रम कर सकते हैं, ये थकते नहीं हैं, इन्हें छुट्टी की आवश्यकता नहीं होती है,ये अनुशासनहीन नहीं होते हैं, ये बीमार नहीं पड़ते हैं, इन्हें भोजन की आवश्यकता नहीं होती है। हां, कुछ यंत्रों के समान इनको भी देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है और इनको चलाने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च होती है। इन यंत्रों से मानव के लिए रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में ये अवसर कम होते हैं तो किसी अन्य क्षेत्र में अवसर बढ़ जाते हैं। यदि इनका उपयोग करने से कुछ शिक्षकों का रोजगार समाप्त होगा तो इन रोबोट्स को बनाने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के रूप में नए रोजगारों का सृजन भी होगा। यदि ड्राइवर रहित टैक्सियां बन रही हैं तो उन टैक्सियों को बनाने की टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए मनुष्य चाहिए होते हैं। फिर इस प्रकार मानव का श्रम बंट जाने से मानव बेहतर कार्यों के लिए मुक्त हो सकता है। हम कल्पना करें कि यदि हमारे खेतों और कारखानों का कार्य ये रोबोट्स संभाल लें तो मानव ज्ञान-विज्ञान की उन्नति और विभिन्न स्थानों के एक्सप्लोरेशन के लिए मुक्त हो जाएगा। वह समुद्रों,पहाड़ों और अंतरिक्ष जैसे दुर्गम स्थानों की खोज के लिए इन रोबोट्स की सहायता ले सकता है। मानव ने प्रारंभ से ही यंत्रों की सहायता ली है। गुफा मानव के पत्थर के औजार उसके यांत्रिक उपकरण ही थे।

क्या आज हम यंत्रों के बिना अपने जीवन की कल्पना कर सकते हैं? सुबह से शाम तक हमारे हर कार्य के लिए हम किसी न किसी उपकरण या यंत्र की मदद पर ही निर्भर करते हैं। यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक सर इसाक एसीमोव ने अपनी रोबोट सीरीज के उपन्यासों में रोबोटिक्स के तीन मूलभूत नियमों की कल्पना की थी। बाद में उनके उपन्यासों में अधिक बुद्धिमान रोबोट्स के बन जाने के बाद इन्हें तीन से बढ़ाकर चार नियमों में परिवर्तित कर दिया गया था। ये नियम थे...1.कोई रोबोट अपने किसी कार्य से अथवा अक्रियाशील रहकर किसी मानव को क्षति नहीं पहुंचा सकता है। 2.कोई रोबोट मनुष्य की आज्ञा का पालन करेगा, जब तक यह प्रथम नियम को नहीं तोड़ता है। 3.कोई रोबोट स्वयं की रक्षा करेगा,जब तक यह प्रथम दो नियमों को नहीं तोड़ता है। बाद में इसमें शून्य नियम (जीरोथ लॉ) भी जोड़ दिया गया था,जो प्रथम नियम के भी पहले आता था। यह था- कोई रोबोट अपने किसी कार्य अथवा निष्क्रियता से मानवता अर्थात् संपूर्ण मानव जाति को कोई क्षति नहीं पहुंचाएगा। शेष सब नियमों में इस नियम के अनुसार बदलाव हो जाएगा।

एसीमोव की कल्पना के अनुसार ये नियम रोबोट के 'पॉजिट्रॉनिक मस्तिष्क' के मूलभूत सर्किट्स में प्रिंटेड थे। इनके बिना किसी रोबोट की रचना नहीं हो सकती थी। इसलिए एसीमोव के उपन्यासों के सभी रोबोट्स मानव के लिए सुरक्षित थे। वे मानव के वास्तविक सहायक और सहयोगी थे। वास्तविक जीवन में भी इस प्रकार के नियमों का ध्यान रखा जाएगा। इन यंत्र मानवों को निरंतर बेहतर बनाने के प्रयोग हो रहे हैं। उन्हें मानवीय रूप देने का प्रयास हो रहा है। इन्हें ह्यूमैनॉइड बनाने का प्रयास हो रहा है। अभी मानवीय त्वचा को इन रोबोट्स के चेहरे पर उगाने के सफल प्रयोग चल रहे हैं। उसके अनेक लाभ हैं। उससे ये रोबोट्स मानव के समान ही दिखाई पड़ेंगे। वह मुस्कुरा भी सकेंगे और उनके चेहरे पर भाव भी आ सकेंगे।

कृत्रिम बुद्धि युक्त ये यंत्र मानव हमारे अनेक काम आएंगे। अंततः मानवों और यंत्र मानवों का एक संयुक्त समाज बनेगा,जिसमें ये यंत्र मानव,मानव के सहायक और सेवक होंगे। मनुष्य अपनी सुरक्षा को देखते हुए ही इनमें विकास करेगा। हमें इस बात से डरने की आवश्यकता भी नहीं है कि इस विकास से हमारे रोजगार कम होंगे। निश्चित रूप से इससे नए रोजगार सृजित होंगे और अंततः हमें यह देखना होता है कि क्या कार्य मानवता के व्यापक हित में है, जो कार्य मानवता के व्यापक हित में है,हमें उस दिशा में बढ़ना होता है,भले ही उससे किसी अन्य क्षेत्र में कुछ छोटी-मोटी कठिनाइयां भी हों। आवश्यकता केवल इनके विवेकपूर्ण उपयोग की है। इसके अतिरिक्त यंत्रों और सहायकों एवं स्वयं के उपयोग में हमें सदैव एक संतुलन रखना होगा। हम इस संतुलन की सीमा रेखा कहां खींचते हैं, यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है। यदि हमारा विवेक अच्छा है तो हम एक अच्छी दुनिया बना पाएंगे अन्यथा खराब।

प्रसंगवश

किताबों का मोहल्ला

हाल में एक बार फिर कोलकाता आना हुआ। हर बार तमाम जगहें बाकी रह जाती देखने को। हर बार सोचते कि अगली बार घूमेंगे। ऐसी ही एक जगह यहां की कॉलेज स्ट्रीट है। कॉलेज स्ट्रीट में कोलकाता का विख्यात पुस्तक बाजार है। यह भारत और एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक बाजार माना जाता है। बंगाली में इसे 'बोई पाड़ा' कहते हैं, जिसका मतलब है ' पुस्तकों का मोहल्ला/किताब टोला।' हर तरफ किताबें ही किताबें। 'पुस्तक सरणी' भी कहते हैं कॉलेज स्ट्रीट को।

अनूप शुक्ल
कानपुर

कॉलेज स्ट्रीट में सड़क के दोनों किनारे छोटी-बड़ी गुमटियों में सैकड़ों किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबों से अटी-पटी दुकानें। कई प्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान भी कॉलेज स्ट्रीट पर हैं। करीब 900 मीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबें। लोग यहां किताबें खरीदने-बेचने आते हैं। बंग्ला, अंग्रेजी और हिन्दी की किताबें रखी मिलती हैं। किताबों की खरीद में मोलभाव खूब होता है। स्टीफन हाकिंग की ब्रीफ आंसर्स टु बिग क्वेशचन्स, जिसकी मूल कीमत 650 रुपये लिखी थी हम लोगों ने एक सौ रुपये में खरीदी। एक जगह हर किताब सौ रुपये की मिल रही थी। किताबों की दुकानों पर तरह-तरह की किताबें पलटते,देखते रहे। किसी ने माना नहीं किया। एक दुकान पर तमाम प्रसिद्ध लेखकों की कालजयी किताबें दुकानों पर एक के ऊपर एक लगीं थीं। हिन्दी की किताबें अधिक दिखी नहीं। अलबत्ता एक जगह लिखा जरूर था-'यहां हिन्दी का किताब मिलता है।' मतलब कि इलाका बदलने के साथ 'किताब' का लिंग परिवर्तन हो गया। हिन्दी की किताबों में भी लेखकों के कहानी संग्रह/कविता संग्रह मुख्य थे। वे किताबें भी नई थीं यानी मोलभाव की गुंजाइश नहीं थी। कुछ देर में दुकान से बाहर आ गए।

बहुत देर तक कॉलेज स्ट्रीट की दुकानों पर किताबें देखते, पलटते, पढ़ते, वापस रखते टहलते रहे। वर्षों से कॉलेज स्ट्रीट देखने की तमन्ना को पूरा होने की खुशी महसूस करते रहे। हर दुकान एक जैसी होते हुए भी अपने में अनूठी लगती। पुस्तक मोहल्ला ही अपने में अनूठा है। काफी देर कॉलेज स्ट्रीट के दोनों तरफ टहलने के बाद इस इरादे से वापस लौटे कि फिर आना है। जल्द ही।

वर्तमान विदेश नीति के केंद्र में मानवता

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वर्तमान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी नई भूमिका के लिए तैयार दिखाई पड़ता है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति उसके भारतीय दर्शन मानवतावादी दृष्टिकोण की परिचायक है,जिसके केन्द्र में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना सदैव पल्लवित होती रही है। किसी गणंतत्र के लिए राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद एक सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। हमारी विदेश नीति का आधार ये दोनों ही पक्ष बने हुए हैं। हमारी विदेश नीति समृद्धि, सुरक्षा एवं आतंकवाद से जूझने के साझा प्रयास को लेकर चल रही है। साथ ही वह समस्त विश्व के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पूरे विश्व में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी,जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था। तब से लेकर आज तक द्विपक्षीय दौरों एवं परियोजनाओं में साझेदारी के जरिए इसे विकसित किया जाता रहा है। बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा किया जाना,द्विपक्षीय मामलों को सुलझाने का ही एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने मानवतावादी दृष्टिकोण के चलते पड़ोसी देश नेपाल को भूकंप के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करना इसी नीति का एक हिस्सा था। अफगानिस्तान में जन कल्याण के लिए किए जाने वाले प्रयासों ने भारत के मानवीय पक्ष को बल दिया है। अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 31 में भारत के विकास कार्य चल रहे हैं। अफ्रीका में भी भारत ने जन आधारित योजनाओं पर 10 अरब डॉलर की निधि के निवेश की प्रतिबद्धता दिखाई है। भारत एवं फ्रांस के संयुक्त नेतृत्व में किया गया अंतर्राष्ट्रीय सौर समझौता मानव विकास पर 2 अरब डॉलर की राशि का निवेश करके इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने समस्त विश्व की शांति के लिए आतंकवाद को एक बड़ा अवरोध माना है। अपने कूटनीतिक प्रयासों से उन्होंने संपूर्ण विश्व को भी स्वीकार करने को बाध्य कर दिया है। अब कई देश अपने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय वक्तव्यों में कुछ आंतकी समुदायों एवं उनके रक्षकों का पर्दाफाश करने में नहीं हिचक रहे हैं।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों में सीमा पार से आने वाले आतंक को लेकर सबसे ज्यादा खटास है। इससे निपटने के लिए ही सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कदम उठाया गया था। कई देशों ने दबे स्वर में इसे उपयुक्त कदम बताया है। संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाने वाले मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री बन गए,जिन्होंने 35 वर्षों में उभर आई एक दरार को भरकर संबंधों को भारत के एक बड़े निवेशक के रूप में तैयार कर लिया है। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के समझौते ने भारतीय विदेश नीति के एक नए सोपान की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय रूप से ऊलझे अपने कुछ मामलों को दृढ़ता एवं कूटनीति के साथ सुलझाने के कारण भारत की अपनी एक साख बन गई है। चीन के साथ डोकलाम विवाद को सुलझाकर भारत ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं सैनिक समाधान का परिचय दिया है। इस पूरे प्रकरण ने चीन और भारत को यह विश्वास करने पर मजबूर कर दिया है कि वैमनस्य के स्थान पर सद्भावना से कुछ अधिक प्राप्त किया जा सकता है। भारत की विदेश नीति का हर दूसरा कदम अपने में मानवीय हित को समेटे हुए चल रहा है।

साम्यवादी विचारों के प्रभाव में अभारतीयकरण इतना गहरा हो चुका है कि उसने सोच के साथ शब्दावली को भी प्रभावित कर दिया है और इसका एक प्रमाण कांग्रेस के एक नेता के इस बयान से मिला कि यदि भाजपा फिर से शासन में आती है तो भारत 'हिंदू पाकिस्तान' बन जाएगा। 'हिंदू पाकिस्तान' शब्द ही विरोधाभासी है। नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा था, 'पश्चिम में जो राष्ट्र विकसित हुए उनका आधार एक विशिष्ट भूमि, भाषा, रिलीजन और समान शत्रु रहा है,जबकि भारत की राष्ट्रीयता का आधार वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का चिंतन रहा है। भारत ने सदैव समूचे विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। भारत सभी के सुख और निरामयता की कामना करता रहा। भारत की यह पहचान मानव समूहों के संगम,उनके सम्मिलन और सहअस्तित्व की लंबी प्रक्रिया से निकलकर बनी है। हम सहिष्णुता से शक्ति पाते हैं, बहुलता का स्वागत करते हैं और विविधता का गुणगान करते हैं। यह शताब्दियों से हमारे सामूहिक चित्त और मानस का अविभाज्य हिस्सा है। यही हमारी राष्ट्रीय पहचान है।'

सोशल फोरम

हमें जो करना चाहिए

कहा जा रहा है कि अंबानी ने बेटे की शादी में पांच हजार करोड़ खर्च किए। इतनी चर्चा है तो किया होगा। उन्हें अधिकार है अपने शौक पूरे करने का और हमें एक सीमा से अधिक अधिकार नहीं है। सार्वजनिक मंचों पर उन्हें इस बिना पर लानत मलामत भेजने का कि आखिर उन्होंने इतना तामझाम क्यों किया, जो हमें अधिकार है और जो हमें करना चाहिए वह तो करते नहीं।

डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हमें अधिकार है कि हम सवाल उठाएं कि आखिर अंबानी का बिजनेस मॉडल क्या है कि उन्हें इतनी कमाई होती है,सरकार की आर्थिक नीतियों में उनका क्या और कितना दखल है, रिलायंस के निचले दर्जे के कर्मचारियों के प्रति उनका कैसा रवैया है। हम खबरें पढ़ चटखारे लेते हैं,लेकिन ऐसे किसी विमर्श में शामिल नहीं होते कि ऐसा क्यों हो रहा है और देश की बहुसंख्य आबादी की आर्थिक सेहत पर इसका कैसा कुप्रभाव पड़ रहा है। अंबानी और अडानी जैसों के पसरते जाते आर्थिक साम्राज्य की पृष्ठभूमि में सत्ता और कारपोरेट का जो नेक्सस अपना खेल कर रहा है,उस पर विमर्श होना चाहिए न कि इस पर कि अपने बेटे की शादी में उन्होंने किस तरह ऐश्वर्य प्रदर्शन किया। बाजारवाद के दौर में एक कहावत बहुत आम है कि 'पैसा बोलता है' तो अंबानी का पैसा बोल रहा है और हमारे कानों में ऐसी ध्वनियां गूंज रही हैं कि बेटे की बारात में शामिल अतिथियों को उन्होंने कितने करोड़ की घड़ी उपहार में दी,रेहाना को नाचने के कितने पैसे दिए, सितारों को खाना परोसने के एवज में क्या-क्या दिया।

सामंतवाद के दौर में छोटे बड़े सामंत और राजे महाराजे अपने बेटे-बेटियों की शादी को किस तरह उत्सव का रूप देते थे और किस तरह जनता से लूटे गए धन को पानी की तरह बहाते थे। यह लोक श्रुतियों और इतिहास की कहानियों में हम पढ़ते सुनते रहे हैं। पहले भी सार्वजनिक शोषण से प्राप्त अकूत धन से ही सामंत लोग ऐश करते थे और आज भी वही कहानी है। अंतर यही है कि आज सामंत की जगह कारपोरेट घराने हैं।

-फेसबुक वॉल से

बेगम अनीस किदवई : अब ऐसे लोग कहां

कहते हैं अगर आपने माटी की खिदमत की है तो एक न एक रोज उसकी महक दुनिया महसूस करेगी। मेरे पास लिखने को हजार पन्ने हैं, लाखों शब्द हैं मगर मैं उनकी शख्सियत पर क्या-क्या लिखूं। साहित्य अकादमी सम्मान से नवाजी लेखक, दो बार राज्य सभा सांसद, फ्रीडम फाइटर और सबसे बढ़कर बंटवारे में शरणार्थी कैंप में जीजान से खिदमत करने वाली बेगम अनीस किदवई। उन्होंने नजरे कुश गुजरे,अब जिनके देखने को,चार रुख,जुल्म और आजादी की छांव जैसी किताबें लिखकर अपने अंदर की बुनावट दुनिया के सामने रख दी। शायद वह इकलौती महिला हैं,जिसने कैंप में लाशों को नहलाया,कफन दफ्न किया,यहां तक कब्रें भी खोदी,तब जाकर बंटवारे से उपजा जख्म हम पाट पाए थे।

हफीज किदवई
लेखक

हजारों लड़कियों को जो बेच दी गई,जो उठा ले जाइ गई,जिन्हें भीड़ ने काफिलों से लूटकर छीन लिया,अपने घरों में बांध लिया। एक-एक लड़की को वापिस उसके परिवार में पहुंचाने वाली बेगम अनीस किदवई। मृदुला साराभाई, बेगम अनीस और सुभद्रा जोशी की तिकड़ी,जिसने चाक दिलों को सी दिया,इन्हें याद रखिए। "आज़ादी की छांव में" उनकी लिखी किताब पढ़िए और रोइए। देखिए जमीन को मजहब के नाम से फाड़ने पर कितने दिल टूटे थे। इस सबसे इतर उस वक्त के हालात देखिए,वह कौन लोग थे जो तब भी भीड़ बनकर डरा रहे थे। सैकड़ों साल से साथ रह रहे अपने भाइयों को खींचकर गांव से बाहर कर रहे थे। कितनी ही बेंटियों को गले में रस्सी डालकर,बिना कपड़ों के घर में जानवरों की तरह बांधे रखे थे। यह सारे दर्द, यह सारी नाइंसाफी, यह सारे जख्म को बेगम अनीस किदवई और मृदुला साराभाई ने साथ-साथ भरकर हमारे देश की बुनियाद रखी है। बंटवारे के शरणार्थियों की सेवा के साथ-साथ सैकड़ों लड़कियों को खोजा। खोजी हुई लड़कियों को जब उनके ही अपने सगों ने लेने से इंकार किया,तो उन्हें पाला। बेगम अनीस और सुभद्रा, दो औरतें भयंकर दंगों से झुलस रहे गांव मे अकेले निकल गईं, लड़कियों को खोजने, लोगों ने घेरकर उनकी गाड़ी तोड़-फोड़ दी,उन्हें गालियां दीं,उन पर झपटने को दौड़े मगर न यह डरी और न पीछे हटीं।

गांव के सबसे खूंखार वहशी के खूंटे में बंधी लड़की को खींचकर निकाल लाईं और उसको आजाद जिंदगी दी। आपको क्या लगता है कि बंटवारें से उपजा जख्म यूहीं भर गया। इसके लिए अथक मेहनत की गई, दिन रात बिना फर्क किए काम किया गया। सवालों और बदले की आग पर ठंडा पानी डालकर सेवा की गई,लोगों को भड़काने की जगह बनाने पर जोर दिया गया। रोने की जगह उठ खड़े होने की बातें की गईं। बेगम अनीस किदवई को पढ़िए,रोइए की अपने शौहर के जिस्म को दंगों में टुकड़े-टुकड़े देखकर भी उनके दिल से इंसान की खिदमत न गई। अपने सारे गम भुलाकर वह मुल्क की बुनावट में लग गईं। अपने शौहर के खून की छींटे देख बदले के लिए नहीं दौड़ी,बल्कि दूसरे परेशान हाल सताए हुए लोगों के आंसू पोछने निकल पड़ी। जमाने की उन्होंने खिदमत की तो उस जमाने ने उन्हें पलकों पर भी बैठाया। मसौली में 1906 को जन्मी बेगम अनीस किदवई आज के ही रोज 1982 में दुनिया को अपने काम,अपनी छाप,अपने किरदार की खुशबू देकर छोड़ गईं।

बुद्धि बनाम धन:बदलते मानदंड

प्राचीन ग्रंथों और मान्यताओं के अनुसार संसार में सबसे बड़ा बल 'बुद्धि' माना गया है। धन बल काफी निम्न स्तर का मान्य है। कहा गया है कि 'बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निरबुद्धेस्तु कुतो बलम्'। भगवान श्रीकृष्ण के मुख से कही गई गीता में भी इंद्रियों से परे मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से भी परे वह (आत्मा) है। यानी बुद्धि से ऊपर सांसारिक कोई चीज नहीं है,क्योंकि आत्मा तो परमात्मा का अंश है,अलौकिक है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि यह नियम फेल होता दिख रहा है और धनवान सर्वाधिक मान्य हैं। अब देखिए। एशिया के सबसे बड़े धनाड्य मुकेश अंबानी के बेटे की शादी हुई। इसमें 'बड़ों' का बहुत बड़ा जमावड़ा हुआ। प्रधानमंत्री सहित लगभग सभी बड़े नेता,चाहे वे परस्पर विरोधी क्यों न हों, इस समारोह में एक साथ नजर आए। बालीवुड के सितारे सहित सभी क्षेत्रों के महान लोग यहां आए। मैं नहीं समझता कि बौद्धिक माने जाने वाले किसी प्रोफेसर, साहित्यकार, वैज्ञानिक या वकील की शादी में इस स्तर के इतने लोग एकत्र हुए हों। तथ्य यह भी है कि इसमें निर्धन,अकिंचन कोई नहीं था। साथ ही यह भी है कि इस समारोह में शामिल होने वाले बड़े इतनी संख्या में किसी गरीब को उसकी शादी में आशीर्वाद देने कभी नहीं गए। धर्म ग्रंथों का अवलोकन करें तो कुबेर सबसे धनी माने गए हैं,लेकिन उन्हें देवता का भी दर्जा प्राप्त नहीं है। वे सिर्फ यक्ष हैं। बुद्धि के देव और देवी गणेश जी तथा सरस्वती हैं और किसी भी शुभ कार्य में वे प्रथम पूज्य और वंदनीय हैं।

विवाह को लें तो देवाधिदेव महादेव का परिणय पार्वती जी के साथ पारंपरिक वैदिक रीति से हुआ था,जिसमें भगवान विष्णु सहित सभी देवता गए थे,लेकिन निचले तबके के भूत प्रेत भी बखूबी शामिल हुए। अब बताइए शंकर जी के पास क्या दौलत थी? कहा गया है कि 'धाम धतूरो,विभूति को कूरो,निवासु जहां सब लै मरे दाहै' यानी उनके घर में केवल एक धतूरे का पौधा और राख की कुछ ढेरियां ही थीं। बस और घर भी श्मशान घाट। मेरे कहने का मतलब है कि तब महान जमघट ऐसों के विवाह में होता था और अब अंबानी जैसों के यहां। मानक कितने बदल गए। बदलते मानदंड रेखांकित करते हैं कि अब धन ही सबसे बड़ा है। राजा से संन्यासी हुए भर्तृहरि शायद भविष्य भांप गए थे,तभी उन्होंने अपने नीति शतक में कहा है कि 'जिसके पास धन है,वही कुलीन है,वही पंडित है,वही गुणी,ज्ञानी है,वही कुशल वक्ता और दर्शनीय है। सभी गुण कंचन (सोने)में निहित हैं।

हरियाली का उत्सव हरेला

पहाड़ के ज्यादातर त्योहारों की तरह हरेला भी प्रकृति मां के प्रति आभार जताने का अवसर है। धरती-आसमान पर दस्तक दे रहे सावन के विपुल महीने के स्वागत में हरेले से दस दिन पहले हर घर में छोटे-छोटे पात्रों में अपने घर-खेत की मिट्टी भर कर उनमें पांच-सात तरह के स्थानीय अनाजों के बीज बोए जाते हैं।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

दस दिन में बीज अंकुरित होकर हल्के धानी रंग की पतली-पतली पत्तियों में बदल जाते हैं। इन्हें भी हरेला कहा जाता है। संक्रांति के दिन त्योहार मनता है। हरेला काटा जाता है, रसोई बढ़िया गमकती है, खीर-पुए बनते हैं और घर की सबसे सयानी स्त्री अनुष्ठानपूर्वक हरेले के पत्तों को परिवार भर के सदस्यों के पैरों-घुटनों-बांहों और सिर से क्रमशः छुआकर आशीष देती हैं कि जीते-जागते रहना, आकाश जितने ऊंचे और धरती जितने चकले बनना, कि दूब जैसी हरियाली, सियार जैसी बुद्धि और शेर जैसा प्राण हासिल करना कि जब तक हिमालय में बर्फ और गंगा में जल है तब तक ऐसे मुबारक मौके तुम्हारे जीवन में आना-जाना करते रहें। हरेला हरियाली का उत्सव है।

मई-जून की कड़ियल गर्मी के बाद आई सुकून भरी हवा और ताजगी का इस्तकबाल है। हरेला आगामी फसलों की तैयारी और पिछली फसल के लिए प्रकृति को धन्यवाद कहने का कर्तव्य है।

बाजपुर में हरेला पर्व पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय चीनी मिल में पौधारोपण करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते व पालिका कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

खटीमा में उगाए गए हरेला का सामूहिक पूजन करतीं डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी की बच्चियां। ● अमृत विचार

जिले में धूमधाम से मनाया हरेला महापर्व, रोपे गए पौधे

डीएम, एसएसपी, जिला जज ने किया पौधरोपण, सामाजिक संगठनों ने भी मनाया हरेला, पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कुमाऊं का महापर्व हरेला धूमधाम से मनाया गया। डीएम, एसएसपी और जिजा जज ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का आह्वान किया। मंगलवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर हरेला पर्व की शुरुआत की।

इसके अलावा एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल की मौजूदगी में हरेला मनाया गया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन योगेंद्र कुमार सागर ने जजी परिसर में पौधरोपण किया। इसका शुभारंभ प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज सिकंद कुमार त्यागी ने किया। इस मौके पर द्वितीय अपर जिला जज मीना देऊपा, तृतीय जिला अपर जज मुकेश कुमार आर्य, अपर जिला जज/ एफटीएससी द्वितीय संगीता रानी, सिविल जज सीनियर डिवीजन हेमंत सिंह राणा, सिविल जज जूनियर डिविजन विवेक कुमार राणा, परियोजना निदेशक अजय सिंह, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। उधर, शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद द्वारा हरेला धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला जज सिकंद कुमार त्यागी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, परिषद के महामंत्री एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस दौरान समिति ने 1100 छायादार एवं फलदार पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष गोपाल पटवाल, एलएम उप्रेती, डीके दनाई, राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, धीरज पांडे, हरीश दनाई, मोहन उपाध्याय, सतीश लोहनी, मनोज जोशी, महेश कांडपाल आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण करते डीएम व विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

पंतनगर क्षेत्र में हरेला पर किया पौधरोपण

पंतनगर। हरेला पर ग्रामसभा नारायणपुर में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, महामंत्री नारायण पाठक, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, डब्लू सिंह, सुनील मिश्रा, जितेंद्र, शिवेंद्र शाही, अंकित पाठक व अभय मिश्रा आदि ने पौधरोपण किया। वहीं प्राथमिक विद्यालय शांतिपुरी नंबर एक और आंगनबाड़ी केंद्र प्रांगण में ग्राम प्रधान विमला जोशी की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया। यहां सैनिक संगठन अध्यक्ष सूबेदार दिगंबर प्रसाद जोशी, कैलाश चंद्र जोशी, पूरन सिंह चैहान, हेमा धामी, विक्रम सिंह, सौरव पांडा, मनीष पांडे, सुंदर सिंह, मदन सिंह, राम सिंह गंगोला, नवीन पांडा, हेमा देवी, रेखा चैहान, विमला बिष्ट व माया गंगोला आदि मौजूद थे।

नारायणपुर में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर ने पौधे रोपे

सितारगंज। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल सितारगंज के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख एवं ब्लॉक प्रमुख व प्रधानाचार्य कमलजीत कौर औलख ने स्टाफ की मदद से स्कूल में लगभग 200 पेड़ लगाए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक ने कहा कि प्रकृति एवं भविष्य को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर भूपेन्द्र सिंह, उत्तम तिवारी, सुखवंत कौर, अनुपमा दुबे, गीता तिवारी, सिमरनजीत कौर, मनप्रीत कौर, रौनक खान, प्रदीप कौर, एकता बोरा, ममता बोरा, अर्शदीप सिंह, अमित पाठक आदि उपस्थित रहे। कल्याणपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट मनोहर लाल, 57वीं बटालियन एसएसबी के निर्देशानुसार उप कमांडेंट अनुराग की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान के साथ नकुलिया अमृत सरोवर के आस-पास के क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। इस दौरान अनुराग उप-कमांडेंट के साथ साथ राजू कुमार सिंह, मलूक सिंह, सीआर आर्य, बिरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे ।

सितारगंज में स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण करते बच्चे व प्रबंधक।

खटीमा में भी हरेला पर रोपे गए पौधे

खटीमा, अमृत विचार : हरेला पर विधायक भुवन कापड़ी ने प्राथमिक विद्यालय बिरिया मझोला और दोगड़ी गोठ में पौधरोपण किया। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। चित्रकला, कविता, भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ विद्यार्थियों के मध्य पारंपरिक परिधान वेशभूषा प्रतियोगिताओं से लोगों को पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, मनीष चंद, विक्टर आईवन आदि थे। हिंद पब्लिक स्कूल में हरेला धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में वाद विवाद, स्लोगन राइटिंग, कविता राइटिंग और निबंध का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक नीरज कुमार, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, प्रशासिका मंजू खन्ना, उप प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, रंजीत मेहरा आदि मौजूद थे। भारत विकास परिषद द्वारा फलदार एवं छायादार पेड़ लगाए गए।

दिनेशपुर शिक्षा उत्थान समिति ने मनाया हरेला

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : शिक्षा उत्थान समिति के तत्वावधान में हरेला पर विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया।

लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर प्रबंधक तरुण कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यालयों के साथ सार्वजनिक स्थान पर पौधरोपण किया गया। इस मौके पर शिक्षा उत्थान समिति अध्यक्ष प्रकाश कोश्यारी, एसडीएसएन इंटर कॉलेज प्रबंधक सुभाष व्यापारी, किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, महिला उत्थान समिति अध्यक्षा हीरा जंगपांगी रौतेला, प्रशांत विश्वास, वीरेश कुमार सिंह, विजय सिंह, राजेश शर्मा, धनंजय मंडल, संजय शाह, मनोज कुमार, असित मंडल, शिक्षक संघ ब्लॉक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना, राउमावि मदनपुर प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, समाजसेवी अनिल रौतेला आदि मौजूद थे।

लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर में पौधरोपण करते शिक्षा उत्थान समिति के सदस्य।

बाबा तरसेम सिंह के स्मृति स्थल पर किया पौधरोपण

नानकमत्ता। श्री गुरुनानक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब के तत्वावधान में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने महाविद्यालय परिसर एवं डेरा कार सेवा प्रमुख संत बाबा तरसेम सिंह जी के स्मृति स्थल हर्बल पार्क में पौधरोपण किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का केन्द्र है। इस मौके पर बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु बाला, डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. किरन, डॉ. नीतू, पंकज सिंह बोहरा, मनोज कुमार, रोशन कुमार, ज्योति राणा, कामिनी राणा, आरती राणा, पूनम राणा, वर्षा सक्सेना, ईशा गुप्ता, वरुण सक्सेना, देव राम, दुर्गानाथ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। वन विभाग रन्साली और जौला साल रेन्ज में पौधरोपण किया गया। वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी मौजूद रहे।

नानकमत्ता में पौधारोपण करते कॉलेज के छात्राएं और स्टाफ।

शांतिपुरी जीआईसी में पौधरोपण करते विभागीय अधिकारी।

शांतिपुरी जीआईसी में किया गया वृहद पौधरोपण

शांतिपुरी। आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज में हरेला पर्व पर विद्यालय प्रशासन, टाटा मोटर्स, इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) किशनपुर किच्छा व ग्रीन क्लब शांतिपुरी की ओर से मुख्य जिला शिक्षाधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक हरेन्द्र मिश्रा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी, प्रधानाचार्य नरबहादुर चंद ने संयुक्त रूप से वृहद पौधरोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य जिला शिक्षाधिकारी केएस रावत ने सभी को हरेला पर्व की बधाई दी। प्रधानाचार्य एनबी चंद्र, टाटा मोटर्स के सीएसआर प्रीतम, मुकेश, राकेश चंद्रा, एनएसएस प्रभारी प्रियंका पंवार, वरिष्ठ लेखाकार अनिल कुमार जोशी, इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) किशनपुर किच्छा की क्वाडिनेटर बिन्दुवासिनी, बिंद्रा तिवारी, बीसी भट्ट, पीटीआई एनसी भट्ट, नंदन सिंह बिष्ट, पीएन सिंह, फकीर चंद आदि मौजूद रहे।

विधायक पांडेय ने कई स्थानों पर किया पौधरोपण

गूलरभोज : हरेला पर विधायक अरविंद पांडेय ने एएनके इंटर कॉलेज के साथ कई विद्यालयों पौधरोपण करते हुए पौधों का वितरण भी किया। पांडेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आज पूरा देश हरेला पर्व पर पर्यावरण संरक्षण के रूप में मना रहा है। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष नंदन सिंह कोश्यारी, कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज कुमार मौर्य, ईओ आशीष नेगी, नपं पूर्व अध्यक्ष अनीता दुबे, भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, संजीव भटेजा, तरुण दुबे, आनंद सिंह पानू, सतीश चुघ, अमित कुमार गुप्ता, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, योगेश पानू, इंदिरा गड़िया, प्रेमलता, रमेश सागर, गिरीश दुबे, बाबूराम, प्रेम सागर, प्रयाग दत्त काडपाल, ओमप्रकाश डोगरा मौजूद थे।

गूलरभोज एएनके इंटर कॉलेज में पौधारोपण करते विधायक अरविंद पांडेय व अन्य।

शक्तिफार्म में हुई निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता

शक्तिफार्म। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इसके साथ ही वृक्षारोपण की आवश्यकता व इसके महत्व पर निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य मनीषा अग्रवाल ने छात्राओं को हरेला पर्व का महत्व व इससे संबंधित जानकारियां दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनीषा अग्रवाल, रीता रानी, सुमनलता, अम्बिका राणा, दीपमाला, मीता आर्या आदि मौजूद थे। उधर, देवी मां के मंदिर में क्षेत्र के पहाड़ी बसगर में मंगलवार को हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव के देवी मां मंदिर में हरेला प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा एक वृक्ष मां के नाम का शुभारंभ किया गया। इसमें पूर्व डीसीबी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत, ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के एमडी नवीन चंद्र जोशी, दुग्ध संघ की अध्यक्ष प्रभा रावत आदि उपस्थित रहे।

ग्राम पहाड़ी बसगर में हरेला पर्व मनाते लोग। ● अमृत विचार

पर्यावरण संरक्षण को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान

बाजपुर : हरेला पर पर्यावरण की जानकारी देते हुए इसके संरक्षण को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया। मंगलवार को बाजपुर दीवानी न्यायालय परिसर में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुमन भंडारी ने पौधारोपण किया। इस मौके पर पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद, पैनल अधिवक्ता नसीम अख्तर, नजीर विमल कुमार, सीताराम तिवारी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने पालिका सभासदों के साथ चीनी मिल स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय व खेल मैदान में पौधारोपण किया। बताया गया कि बाजपुर नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 500 पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर सभासद जगत जीत सिंह, राजदीप तिवारी, मुकुंद शुक्ला, उदयजीत सिंह, गौरव वर्मा मौजूद रहे।

रेडक्रॉस सोसाइटी ने पुलिस को भेंट किए पौधे

जसपुर। रेडक्रॉस सोसाइटी ने हरेला पर्व पर पुलिस को पौधे भेंट किए। इस मौके पर कोतवाल हरेंद्र चौधरी, सोसायटी के चेयरमैन हरिओम सिंह, वाइस चेयरमैन वेदानंद शर्मा, सेक्रेटरी शकील अहमद, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला कोर कमेटी सदस्य डॉक्टर वीएस गौतम, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोक अरोड़ा आदि मौजूद रहे। हरेला पर्व पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में अग्निशमन केंद्र परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर जीवन चंद आर्य, अमरीश कुमार, संदीप कुमार, देवेंद्र सिंह, सागर सिंह, विशु कुमार, शैलेंद्र गोसाईं, सुरेश लाल, प्रमोद चौहान, विजेंद्र सिंह, बालम सिंह आदि मौजूद रहे।

जसपुर में पुलिस को पौधे भेंट करते रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सरकारी विभागों में पौधरोपण कर मनाया लोक पर्व हरेला

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : हरेला पर काशीपुर में जगह-जगह पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सामाजिक संगठनों व सरकारी विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रमों में पहुंचकर पौधारोपण किया। मंगलवार को द्रोणासागर के केडीएफ पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे एसडीएम अभय प्रताप व एसपी सिटी अभय सिंह ने लोगों को पौधरोपण के फायदे बताए। वहीं ब्लूमिंग स्कॉलर्स एकेडमी पशुपति विहार जसपुर खुर्द में हरेला धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सीओ अनुषा बडोला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहां पर डॉ. केएस रावत, विवेक गौतम, आनंद कुमार, बृजेश कुमार मौजूद रहे। वहीं गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के कार्यालय प्रांगण में अपर गन्ना आयुक्त चंद्र सिंह ने पौधरोपण किया। इस दौरान प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार मौजूद रहे। साथ ही उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में हरेला पर्व पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं समेत विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने फलदार, औषधीय, छायादार पौधे लगाकर फसल उत्पादन के बढ़ावे का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, मुनीषकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, मनोज कुमार शर्मा, सुनील कुमार उपाध्याय, विजयपाल सिंह चौहान मौजूद रहे। वहीं बार एसोसिएशन ने बार भवन, अधिवक्ता चैम्बर परिसर एवं तहसील प्रांगण में पौधारोपण का आयोजन किया। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार, अनूप शर्मा, नृपेन्द्र कुमार चौधरी, सूरज कुमार, सौरभ शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं लायंस क्लब काशीपुर ने कुंडेश्वरी रोड स्थित क्लब अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर पौधरोपण किया।

द्रोणा सागर में पौधारोपण करते एसडीएम अभय प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

देश-प्रदेश में रहे हरियाली, इसलिए करें पौधरोपण

गदरपुर। हरेला पर्व पर तहसीलदार लीना चंद्रा के नेतृत्व में तहसील कर्मियों ने पौधारोपण किया। एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल के नेतृत्व में अधिकारी एवं जवान खेल मैदान में एकत्र हुए।

जहां उन्होंने पौधरोपण किया। जवानों को संबोधित करते हुए कमांडेंट दराल ने कहा हरेला पर्व उत्तराखंड का मुख्य पर्व है सबको पौधारोपण करना चाहिए जिससे प्रदेश में हरियाली बनी रहे। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य शर्मिला सक्सेना के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। ग्राम सभा पत्थरकुई में ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा ने ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया। ब्लॉक में बीडीओ शेखर जोशी, आवास विकास में पूर्व सभासद मनोज गुंबर ने वार्ड वासियों के साथ पौधरोपण किया।

कूड़े के ढेर को साफ कराकर किया गया पौधरोपण

किच्छा। तहसील अंतर्गत ग्राम सभा सिरौली में वर्षों से लगे कूड़े के ढेर को उप जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका प्रशासन ने हटाया। साफ सफाई करने के साथ ही उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पौधरोपण किया। इस मौके पर अल्तमश मलिक, मिसवाउद्दीन, अतीक अहमद, नाजिम अहमद मौजूद रहे।

पौधारोपण करते एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा।

गदरपुर में पौधारोपण करतीं ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

बाजपुर कोतवाली में महिला एसआई को तहरीर सौंपता पीड़ित पक्ष।

शादी के नाम पर वसूली का आरोप

बाजपुर : शादी के नाम पर वसूली करने का आरोप लगाते हुए गदरपुर निवासी एक पीड़ित ने सीओ कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बाजपुर कोतवाली में भी तहरीर दी गई है।वार्ड-आठ इस्लामनगर गदरपुर निवासी मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को बताया कि बेटे समीर उर्फ मेंहदी का रिश्ता देखने 10 जुलाई को मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी गए थे। लड़की की उम्र ज्यादा थी जिसके चलते वह यह रिश्ता करना नहीं चाह रहे थे। आरोप है कि जबरन रिश्ता कर शादी करने के लिए एक वर्ष का समय रख दिया। इस दौरान शगुन के रूप में कुछ धनराशि एक-दूसरे को दी गई। अब लड़की पक्ष के अधिवक्ता द्वारा कहा जा रहा है कि लड़की आत्महत्या करने की धमकी दे रही है और लड़की पक्ष रिश्ते की एवज में खर्च की मांग कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार लड़की पक्ष सगाई के लिए लड़के वालों को बुलाकर जबरिया रिश्ता करते हैं तथा बाद में 20-30 हजार रुपये लड़के पक्ष से ऐंठकर रिश्ता तोड़ देते हैं। कहा कि इस मामले की शिकायत 12 जुलाई को थाना गदरपुर में तहरीर देकर की गई थी। वहीं पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत बाजपुर कोतवाली में भी की गई है।

पति-पत्नी को घायल करने का आरोप लगाया



घायलावस्था में कोतवाली पहुंचा पीड़ित।

बाजपुर : रंजिशन गाली-गलौज व मारपीट कर पति-पत्नी को घायल करने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।ग्राम बहादुरगंज निवासी ग्राम हरी सिंह ने पुलिस ने बताया कि 11 जुलाई की देर सायं करीब 5 बजे वह पत्नी हर्षो देवी के साथ अपने घर के गेट के सामने बैठा था। आरोप है कि इसी बीच वहां पहुंचे गांव के ही दो भाइयों ने गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी जिससे उसके सिर में खुली चोटें आई हैं व बाएं हाथ में फेक्चर कर दिया। इतना ही नहीं पत्नी के भी चोटें आई हैं। मारपीट में वहां पर ही बेहोश हो गया, बावजूद इसके हमलावर जान से मारने की नियत से बेहोश को ही पीटते रहे। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने हल्ला किया तो आरोपित जांच से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

बाइकों की भिड़ंत में दो लोग चोटिल

बाजपुर कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों के घायल।

बाजपुर : सप्ताहभर पहले बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइकों पर सवार दो लोगों के चोटें आईं हैं। वहीं दोनों पक्षों ने घटना के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। रामराज रोड स्थित केशोवाला मोड़ के नजदीक 10 जुलाई की सुबह करीब साढ़े आठ बजे दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें एक बाइक पर सवार हरदीप गिरी व दूसरी बाइक पर सवार सुभाष के चोटें आईं। वहीं दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा की कथनी-करनी में फर्क समझ चुकी है जनता

डॉ. गणेश उपाध्याय।

पंतनगर : सात राज्यों की तेरह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों में इंडिया गठबंधन ने 10 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा केवल दो सीटों पर जीत दर्ज कर सकी है। यह बात कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने मीडिया को जारी एक वक्तव्य में कही है। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि भाजपा के लिए उत्तराखंड की दोनों सीटें हार जाना किसी सदमे से कम नहीं है। भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है, जिसे जनता ने समझ लिया है।

खेतों में केमिकलयुक्त पानी छोड़ने का आरोप

खटीमा : भिलैया के ग्रामीणों ने फैक्ट्री द्वारा नालों में छोड़े जा रहे गंदे और केमिकल युक्त पानी छोड़े जाने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान होने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर गंदे पानी को छोड़े जाने से रुकवाने की मांग की है। एसडीएम बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में भिलैया गांव के किसानों ने कहा कि ग्राम सभा जमौर के भिलैया गांव में एक फैक्ट्री है। फैक्ट्री के आसपास सैकड़ों एकड़ की खेती है। किसानों का आरोप है कि उक्त फैक्ट्री का गन्दा व कैमिकल युक्त पानी किसानों के खेतों में छोड़ा जाता है। जिससे फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि खेतों में गन्दा पानी छोड़ने से मना करने पर फैक्ट्री मालिक किसानों के साथ अभद्रता व गाली-गलौज पर उतारू हो जाता है। ज्ञापन सौंपने वालों में गुरजीत सिंह, सोबरन सिंह, शिवकुमार, भूपेन्द्र राना, राधेश्याम, रमेश कुमार, सुभाष चंद्र, मुन्ना सिंह, विकास, रामवचन, महेन्द्र, बनवारी, रामजीत आदि थे।

ग्राम प्रधान से अभद्रता करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

राणा थारू युवा मंच ने ज्ञापन सौंपकर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राणा थारू युवा मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: राणा थारू युवा मंच ने विगत दिनों चंपावत की गुदमी ग्राम पंचायत की अनुसूचित जनजाति की ग्राम प्रधान के साथ दैवीय आपदा के तहत राशन किट बंटवाते समय कुछ लोगों द्वारा की गई अभद्रता की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गुदमी बनबसा चंपावत की ग्राम प्रधान विनीता राणा क्षेत्र में दैवीय आपदा की राहत सामग्री बंटवाने का जायजा लेने क्षेत्र में गई थी। उसी दौरान कुछ लोगों द्वारा न जेवर अभद्रता की गई बल्कि जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गई। यह भी कहा है कि उक्त घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाली गई है जो अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया गया तो मंच उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देना वालों में मंच अध्यक्ष ढिल्लू राणा, उपाध्यक्ष पवन राणा, संगठन मंत्री मनोज राणा, कोषाध्यक्ष वास्तव राणा, सचिव मनोज राणा, दुष्यंत राणा आदि शामिल रहे।

तौकीर को प्रशासन ने नहीं दी सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति

सख्ती

- पुलिस ने जताई कानून-व्यवस्था बिगड़ने के साथ निकाह करने वालों को जान के खतरे की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को 23 हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति नहीं मिल पाई। कोतवाली पुलिस की ओर से अपनी रिपोर्ट में इससे कानून-व्यवस्था खराब होने और निकाह करने वालों को जान का खतरा होने के बाद प्रशासन ने आईएमसी के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 23 ऐसे हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का एलान किया था जो पहले से मुसलमान युवक-युवतियों के साथ लिव इन संबंधों में रह रहे हैं। तौकीर ने दावा किया था कि इनमें आठ लड़के और 15 लड़कियां हैं, इन सभी ने इस्लाम कुबूल कर मुस्लिम साथियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजे हैं। आईएमसी ने पहले चरण में खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में 21 जुलाई को पांच जोड़ों का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति के लिए आवेदन किया था जिसे पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को प्रशासन ने खारिज कर दिया।

पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी तो तौकीर ने बदला फैसला

मौलाना तौकीर की ओर से पांच दिन पहले सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति मांगी गई थी। सोमवार को इसके सार्वजनिक एलान के बाद मंगलवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों ने इस मुद्दे पर बैठक कर रणनीति तय की। मंगलवार को ही क्षेत्राधिकारी प्रथम पंकज श्रीवास्तव को तौकीर से बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तौकीर के साथ लंबी वार्ता हुई। उन्हें बताया गया कि अगर शहर का कानून व्यवस्था बिगड़ी तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्हें अनुमति देने से भी साफ इन्कार कर दिया गया। यह भी कहा गया कि अगर वह इस तरह की अनुमति कोई भी उदाहरण बता दें तो उन्हें भी अनुमति दे दी जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इससे पहले तौकीर की पार्टी के लोगों के साथ भी बैठक की गई थी। तौकीर ने आयोजन स्थगित कर दिया है। उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। किसी हाल में माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा। कोई कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा तो पुलिस पूरी ताकत से उसके साथ निपटेगी।

> बिना अनुमति इस तरह का कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। कोई कानून-व्यवस्था खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। - **अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

एसएसबी के आईजी अमित कुमार ने चौकियों का निरीक्षण किया

टनकपुर : एसएसबी के महानिरीक्षक अमित कुमार ने भारत नेपाल से लगी सीमा क्षेत्र की चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को भी सीमा क्षेत्र में चौकसी बरतने के निर्देश भी दिए। सीमांत मुख्यालय एसएसबी रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार ने पिछले दिनों सीमांत क्षेत्र में आए भीषण बाढ़ के बाद 57 वाहिनी की सीमा चौकियों का जायजा लिया। उन्होंने सीमा क्षेत्र में लगे पिलरों का भी जायजा लिया। उन्होंने एसएसबी के अधिकारियों और जवानों को आपदा के दौरान उनके द्वारा सीमा क्षेत्र के लोगों की की गई मदद के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी वह सीमा में बेहतर कार्य करें। जवानों को लगन और सशक्त हो कर अपने दैनिक कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए। महानिरीक्षक ने जवानों को बाढ़ के बाद होने होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए बचाव के उपाय भी बताए।

सीमा क्षेत्र का निरीक्षण करते एसएसबी के महानिरीक्षक अमित कुमार।

जैव विविधता प्रबंधन समिति अध्यक्ष बने भट्ट

उमेश चंद्र भट्ट।

शांतिपुरी/बिंदुखत्ता: बिंदुखत्ता क्षेत्र में जैव विविधता प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें सर्व सहमति से समिति की नई कार्यकारिणी का गठन कर शांतिनगर बिंदुखत्ता निवासी उमेश चंद्र भट्ट को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

बिंदुखत्ता क्षेत्र वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जैव विविधता समिति का गठन किया है जो क्षेत्र में प्राचीन पौधों को संरक्षित व संवर्धन करने में भूमिका निभाएंगे। जैव विविधता समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश चंद्र भट्ट ने बताया कि वह सबसे पहले गौला नदी के किनारे स्थानीय लोगों को जागरुक कर बांस के पौधों का रोपण करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी व डीएफओ हल्द्वानी से पत्राचार व मौखिक बात की है। जल्द ही वह बांस बोर्ड उत्तराखंड से मिलकर इस पर काम करेंगे। अध्यक्ष पद के अलावा सदस्य रमेश गोस्वामी, बसंत बल्लभ पांडे, शंकर राम, हेमा काण्डपाल व विनीत बसनायत निर्विरोध चुना गया। उक्त बैठक व चुनाव कार्यक्रम में वन अधिकार समिति के सचिव भुवन भट्ट, सदस्य कुंदन सिंह चुफाल, संरक्षक श्याम सिंह रावत, भूतपूर्व सैनिक संगठन से कैप्टन चंचल सिंह कोरंगा, एडवोकेट बलवंत सिंह बिष्ट, पप्पू कोश्यारी, हरेन्द्र सिंह बिष्ट व नन्दन बोरा उपस्थित थे।

बाढ़ पीड़ित व्यापारियों को मिलेगी मदद

देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलता शिष्टमंडल। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

आश्वासन

- जाति, दल और वर्ग से ऊपर उठकर पीड़ित को मिले सहायता : धामी

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात की। उन्होंने दैवीय आपदा के लिए स्वीकृत सहायता राशि के लिए धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि बाढ़ पीड़ित प्रत्येक परिवार को पांच हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध हो जिसके लिए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए हैं। बाढ़ सहायता राशि में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बाढ़ सहायता राशि केवल उन्हीं लोगों को उपलब्ध की जाए जिन स्थानों पर बाढ़ आई है और जो इस आपदा में प्रभावित हुए हैं। सीएम धामी ने कहा कि शीघ्र ही बाढ़ पीड़ित व्यापारियों के लिए भी कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने संकट की इस घड़ी में सभी लोगों को साथ लेकर जाति, दल, वर्ग की भावना से ऊपर उठकर आपदा में प्रभावित लोगों का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा बाढ़ आपदा में किसी भी प्रकार की राजनीति करने से बचे। आपदा के धन का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष डॉ नवीन भट्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सतीश भट्ट आदि उपस्थित थे।

वर्ग पहेली-133

बाएं से दाएं

1.1. गैंडा 2. सुअर 3. मुरगा।

3.1. वह कथन जिसमें किसी मत या सिद्धांत का दृढ़तापूर्वक निरूपण किया गया हो 2. ऐसी प्रतिकृति जो ठीक मूल आकृति जैसी हो।

4.1. जलता हुआ कोयला आदि 2. मंगल ग्रह, मंगलवार 3. भृंगराज, भांगरा, कटसरैया नामक पेड़ 4. कार्बन नामक रासायनिक तत्व।

6. जिसके पास टके हों अर्थात धनी, धनवान।

7.1. काला, सांवला 2. मलिन, गंदा 3. मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ।

8.1. मंत्री, (मिनिस्टर) 2. मध्यकाल में बादशाह का सलाहकार, सचिव 3. शतरंज के खेल का एक मुहरा।

ऊपर से नीचे

2.1. शारीरिक, देह से संबंधित 2. देहजनित, शरीर से उत्पन्न।

3. बहुत तेज़ चाल

4. बीच की अवधि या समय, मध्यांतर, दो घटनाओं के बीच का समय।

5. वह असामी जो दूसरों की भूमि पर खेतीबारी करता हो, काश्तकार, कृषक, हलवाहा।



वर्ग पहेली -132 का हल

1 दा	■	2 र	3 स	वं	ती
ढ़ा	■	■	ट	■	■
■	4 अ	ध	प	ग	5 ला
■	क	■	टा	■	ठी
6 मा	ल	वा	ह	क	■
■	बी	■	ट	■	7 मा
8 प	र	वा	■	■	टा

सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7	1				2	
		2		4	8	1		
	3			9		5	6	
	1	8		7				
9	4						7	1
				5		4	3	
	5	4		1			8	
		9	6	3		7		
	7				2	9		

सुडोकू -45 का हल

9	1	2	4	7	6	3	8	5
7	6	5	9	8	3	4	2	1
8	3	4	2	5	1	7	6	9
6	8	7	1	4	2	9	5	3
2	4	9	7	3	5	8	1	6
1	5	3	6	9	8	2	4	7
5	7	1	8	2	9	6	3	4
4	2	6	3	1	7	5	9	8
3	9	8	5	6	4	1	7	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21.02 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा 18 जुलाई 03.13 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। किसी उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्ति से मार्गदर्शन एवं सानिध्य मिलेगा व्यापार में बड़ा उन्नति कारक परिवर्तन होने के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में आपकी लगन एवं ईमानदारी कार्यशैली उच्चाधिकारियों को प्रभावित करेगी।

वृष — आज व्यापार में बार-बार अपना निर्णय न बदलें। इससे आपके सहयोगियों के मध्य हताशा व असमंजस्य बढ़ेगा। रोजगार की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ेगा। नौकरी में अधिकारियों से उचित दूरी बनाकर रखें।

मिथुन — आज किसी सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में आई बाधा किसी मित्र के सहयोग से दूर होगी। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। कृषि कार्य में सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में व्यर्थ भागदौड़ बनी रहेगी। भोग विलास में अत्यधिक रुचि रहेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जानना पड़ेगा। जमा पूंजी धन व्यर्थ कार्यों पर खर्च होगा। किसी वरिष्ठ परिजन के कारण व्यय हो सकता है। उद्योग धंधे में नए सहयोगी बनेंगे।

सिंह — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। राजनीति में वर्चस्व स्थापित होगा। रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। व्यापार में आय एवं व्यय में सामान्यता रहेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं।

कन्या — आज आपको मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। भूमि के क्रय विक्रय, कृषि कार्य में लगे लोगों को परिजनों मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से मनोबल में वृद्धि होगी। आपकी कार्यशैली लोगों को प्रभावित करेगी।

तुला — आज धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें।

वृश्चिक — आज धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में चली आ रही विभिन्न बाधाएं कम होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

धनु — आज आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें। व्यवसाय के क्षेत्र में सलंग्न लोगों को व्यापार में लाभ होने की अच्छी संभावना है। आपके साहसिक कार्य की कार्यक्षेत्र में चारों चर्चा होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगी। किसी लंबी दूरी की यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि बढ़ सकती है। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

कुंभ — आज शुभ समाचार मिलेगा। समाज में उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क करेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को व्यापार में लाभ एवं उन्नति के योग बनेंगे। आजीविका नौकरी के क्षेत्र में संलग्न लोगों को परिश्रम का फल प्राप्त होगा।

मीन — आज अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यवहार को अच्छा बनाए रखें। पढ़ाई में अधिक मुश्किल और परिश्रम करने की आवश्यकता रहेगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में सतर्कता रखें। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- राम बलराम — सुबह : 09.47
- बुलेट रानी — शाम : 05.12

&pictures
- थलाइवी — सुबह : 11.04
- राधे — शाम : 05.14

SONY PIX
- द डार्क नाइट — सुबह : 11.35
- जॉन रैम्बो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- टीबीए — सुबह : 09.54
- लगान — दोपहर : 03.24

colors CINEPLEX
- दस — सुबह : 09.26
- मद्रास कैफे — रात : 09.55

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.14 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मेरा वजन कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को दाएं से बाएं हिलाती रहो।
महिला- अच्छा, पर ये किस समय करूं?
पति- जब कोई खाने को पूछे।

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।
ये देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

जागेश्वर धाम में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ श्रावणी मेला शुरू

मुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री और स्थानीय विधायक ने किया शुभारंभ, स्कूली बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालु उमड़े

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का मंगलवार को हरेला पर्व पर रंगारंग आगाज हुआ। एक माह तक चलने वाले मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और स्थानीय विधायक मोहन सिंह महरा ने किया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को श्रावणी मेले को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति ने पुख्ता व्यवस्था की थी। सुबह विधिवत पूजा अर्चना के बाद मेले का शुभारंभ हुआ।

इस दौरान मेले के उद्घाटन मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी। मेले को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और मंदिर समिति के प्रयास की सराहना की। मेले के दौरान स्कूली बच्चों ने कुमाऊंनी-गढ़वाली लोक गीतों में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जागेश्वर मंदिर दर्जन को पहुंचे।

जागेश्वर धाम में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

जागेश्वर में मंगलवार को श्रावणी मेले के शुभारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

सीएम धामी ने इन योजनाओं की घोषणा

सरयू (सेराघाट) से वृद्ध जागेश्वर सहित जागेश्वर क्षेत्र के लिए पेयजल पंपिंग योजना का निर्माण, भगततोला-कपकोली मोटर मार्ग का डामरीकरण, मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत वृद्ध जागेश्वर को धार्मिक पर्यटन से जोड़ने, भिकियासैंण में डाम का निर्माण, चमडखान में बैंक की स्थापना, भरतोली के प्राचीन देवायल मंदिर का जीर्णोधार, डिप्टेश्वर महादेव एवं कोटेश्वर महादेव का जीर्णोधार व सौंदर्यीकरण, मर्चुला भिकियासैंण मोटर मार्ग पर रामगंगा नदी पर रडास नमक मोटर पुल का निर्माण, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज चनोदा सोमेश्वर के अपूर्ण भवन का निर्माण, चायखन-थूवासीमल से ध्युली-धोनी (अडोली सिमोली) व ध्यूली रौतेला चौना बैंड तक लिंक रोड का निर्माण, सोमेश्वर के ग्राम सभा रहत में धूनी गैर नमक स्थान पर मिनी स्टेडियम, शहरफाटक नंगधूनी मंदिर के पास मिनी स्टेडियम निर्माण, कंडार खोवा के सुनियाकोट माटीला मोटर मार्ग से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक व मोटर मार्ग का निर्माण समेत विकासखंड हवालबाग के गोविंदपुर स्थित देवडघाट के नानकोसी में मिनी बैराज का निर्माण की घोषणा की।

कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, उपाध्यक्ष जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति नवीन चंद्र भट्ट, प्रबंधक ज्योत्सना पंत, पुजारी प्रतिनिधि पंडित नवीन चंद्र भट्ट, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रकाश भट्ट, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रकाश सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साधू की गतिविधियों की जांच और सत्यापन होगा

संवाददाता, बागेश्वर

- ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन ने जांच टीम गठित की

अमृत विचार : उच्च हिमालयी क्षेत्र स्थित देवीकुंड में योगी आदित्य कैलाश द्वारा स्नान करने और कुंड के समीप कुटिया बनाने के मामले पर ग्रामीणों की शिकायत के बाद अब प्रशासन चेता है। प्रशासन ने टीम गठित की है जो वहां जाकर योगी की गतिविधियों की जांच के साथ ही साधू का सत्यापन भी करेगी।

बता दें कि योगी आदित्यनाथ द्वारा उच्च हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर के पास रिसोर्ट नुमा कुटिया बनाई थी तथा उसके समीप स्थित देवीकुंड का प्रयोग स्नान के लिए किया जा रहा था। जबकि धार्मिक मान्यता के अनुसार उस कुंड में कोई स्नान नहीं करता है। समझा जाता है कि यहां पर मात्र देवी स्नान करती हैं तथा क्षेत्र में होने वाली पूजा में देव डांगर ही स्नान करते हैं। परंतु यहां पर योगी आदित्यनाथ द्वारा स्नान किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी थी। बीते सोमवार को दानपुर सेवा समिति व जिला कांग्रेस कमेटी ने इसका विरोध करते हुए योगी पर भूमि पर अतिक्रमण करने और धार्मिक भावनाओं को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल से शिकायत की थी। जिस पर उन्होंने उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या को जांच के आदेश दिए। एसडीएम आर्या ने मंगलवार को बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जिसमें तहसीलदार कपकोट, रेंजर ग्लेशियर रेंज व कपकोट के थानाध्यक्ष को शामिल किया गया है। बताया कि टीम वहां जाकर जांच करेगी व यह सुनिश्चित करेगी कि जिस भूमि पर योगी ने कुटिया बनाई है वह भूमि किसकी है तथा अन्य आरोपों की भी जांच करेगी।

साथ ही योगी का सत्यापन भी कराया जाएगा। इधर जिला कांग्रेस कमेटी ने भद्रतुंगा में रह रहे साधु संतों की जांच कराने और वहां पर भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जांच की मांग की है।

पद स्वीकृत करने का मांग उठाई

- दो सूत्रीय मांगों के निराकरण दूसरे दिन भी डटे रहे कार्मिक
- जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों का दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को मंगलवार को भी प्रदर्शन जारी रहा। कार्मिकों की समस्याओं का अब तक निराकरण नहीं होने पर विरोध जताया। जल्द पदों को स्वीकृत करने और मानेदय देने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से कार्य करने के बाद भी कर्मचारियों के पद स्वीकृत नहीं हुए हैं। इससे तीन माह से कर्मचारियों को मानदेय तक नहीं मिल पाया है। कहा कि पहले से ही कर्मचारियों को काफी कम मानदेय दिया जाता है। ऊपर से अब वह भी नहीं मिलने पर कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज में 123 पद स्वीकृत करने, मानदेय देने, मानदेय में बढ़ोत्तरी आदि की मांग की। वहीं, कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से अस्पताल की व्यवस्थाओं पर असर पड़ा। इमरजेंसी को संचालित करने में भी दिक्कतें आई। कर्मचारी नहीं होने से अस्पताल की साफ-सफाई और मरीजों को शिफ्ट करने का कार्य भी नहीं हो पाया।

हालांकि अवकाश होने से मंगलवार को ओपीडी बंद रही। यहां सूरज, मोहित, सतीश, सुशील, गिरीश, नीरज लोहनी, भूपेंद्र आर्या, महेंद्र कनवाल, सूरज आर्या, अंकित टम्टा, विद्या देवी, रंजना, रीता देवी, हेमा, दया जोशी, प्राची, रेखा कनवाल, लीला कनवाल, मनोज मेहरा, करन कुमार, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा बेस अस्पताल में मंगलवार को मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कार्मिक।

युवती को जान से मारने की धमकी

अल्मोड़ा : इस्टाग्राम में फर्जी आईडी से युवती को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक धौलछीना के ग्राम कोटा निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर सौंपी।

तहरीर में कहा कि उनकी पुत्री का विवाह बनकोट निवासी युवक से तय हुआ है। बताया कि मई में उनकी पुत्री की सगाई हुई। जिसके बाद से एक अज्ञात व्यक्ति मानवी और कीर्ति नाम से फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम में उनकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उनके परिवार से भी गाली गलौज कर रहा है। आरोप लगाया कि उनकी पुत्री का विवाह तोड़ना की कोशिश की जा रही है। जिससे पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है।

डीडीए को समाप्त करने पर जोर

धरना

- संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में धरना दिया
- डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

मंगलवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क पहुंचे। उन्होंने डीडीए समाप्त नहीं होने पर विरोध जताया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि पहाड़ी क्षेत्र के लोग डीडीए से परेशान हैं। यह पहाड़ी क्षेत्र के अनुरूप बिल्कुल भी नहीं है।

समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न संगठन डीडीए समाप्ति को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार द्वारा सकारात्मक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अभिशाप हैं। शासनादेश जारी नहीं होते तक विरोध प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी। यहां धरना प्रदर्शन करने वालों में हेम चंद्र तिवारी, हेम चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, ललित मोहन पंत, रोबिन मनोज भंडारी, प्रतेश पांडे, ललित मोहन जोशी, दिनेश रावत आदि रहे।

अल्मोड़ा में मंगलवार को डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर धरना देते समिति के लोग।

एनएसयूआई के जिला संयोजक बने भरत

अल्मोड़ा : एनएसयूआई ने अल्मोड़ा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद भरत मेहरा को एनएसयूआई का जिला संयोजक बनाया गया है।

साथ ही मयंक ओली व नितिन रावत को जिला उपाध्यक्ष, दीक्षा सुयाल जिला छात्रा उपाध्यक्ष, हर्षित दुर्गापाल, अमित बिष्ट, कार्तिकेय कनवाल, सुरेंद्र धामी जिला महासचिव, अमित नेगी, विनय पंत, गौरव सतवाल, उर्मिला दानू को जिला सचिव, पंकज बिनवाल को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अमन लटवाल नगर अध्यक्ष, तनिष्क कुमार, रोहित वर्मा नगर उपाध्यक्ष, विक्रम मेहता, मयंक कुमार को नगर महासचिव, प्रियांशु बिष्ट, पवन सावंत नगर सचिव, प्रतिभा जोशी नगर छात्रा उपाध्यक्ष, लोकेश सुप्याल परिसर अध्यक्ष बनाए गए हैं।

बिंता में खाई में गिरा वाहन, तीन घायल

- सोमेश्वर पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सोमेश्वर के बिंता में एक वाहन खाई में गिरने से तीन लोग घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पहुंची सोमेश्वर पुलिस ने घायलों का रेस्क्यू किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सोमवार देर रात लोद बिंता के पास एक वाहन सामने जानवर आ जाने से अनियंत्रित हो गया और खाई में जा गिरा। दुर्घटना में वाहन में सवार घायल गोपाल राम, दिलीप सिंह, मोहित सिंह भंडारी निवासी बालेगांव घायल हो गए। थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह ने बताया कि सूचना के पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद तीनों घायलों का रेस्क्यू किया गया। अधिक चोट नहीं होने से तीनों को घर भेज दिया गया।

सोमेश्वर के बिंता में खाई में गिरे वाहन से घायलों को पुलिस ने रेस्क्यू किया।

आपदा प्रभावितों को 1.06 करोड़ बांटे

टनकपुर : जिले में बारिश से हुए जानमाल, पशु हानि तथा सरकारी संपत्ति आदि क्षति आंकलन कर प्रभावितों को राहत राशि बांटी गई। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देशन में क्षति का आंकलन कराया गया था। इधर एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि 14 जुलाई तक कुल 1917 बाढ़ प्रभावितों को 5 हजार रुपये प्रति परिवार की दर से कुल 95 लाख 85 हजार, दो मृतकों को प्रति परिवार 4 लाख की दर से कुल 8 लाख की धनराशि वितरित की गई। इसके अलावा 26 पशु हानि में कुल 2 लाख 44 हजार तथा 3200 मुर्गियों की क्षति पर 30 हजार व एक गौशाला क्षति पर 3 हजार तथा एक पक्के भवन की आंशिक क्षति पर 6500 सहित कुल एक करोड़ 6 लाख 68 हजार 500 रुपए की धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि से बांटी जा चुकी है।

जी रया, जागि रया, यो दिन, यो मास भेटनैं रया....

- धूमधाम से मनाया गया पर्व, जगह-जगह आयोजित हुए पौध रोपण कार्यक्रम
- हरेला चढ़ाकर लिया बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले भर में लोक पर्व हरेला धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं, मंदिरों में भी सुबह से ही पूजा-अर्जना के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही।

मंगलवार को लोगों ने गणेश पूजन के साथ घरों में आठ दिन पूर्व बोया हरेला काटा और मंदिरों में अर्पित किया। जी रया, जागि रवा, यो दिन और यो मास भेंटनै रया...., आशीष वचनों के साथ बच्चों के सिर में हरेला रख सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

वहीं, विवाहित महिलाओं ने मायके पहुंचकर भाई व परिवार के अन्य परिजनों को हरेला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान घरों में विशेष पकवान बनाए गए। बच्चों में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। उधर, चौखुटिया, लमगड़ा, मासी, सल्ट, सोमेश्वर, द्वाराहाट, जैंती, दन्या, भिकियासैंण, स्याल्दे, देघाट आदि ग्रामीण इलाकों में भी हरेला पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

एसएसजे विवि अल्मोड़ा में हरेला पर्व पर पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

रानीखेत में पौधरोपण करते एसएसबी जवान व अन्य। ● अमृत विचार

हरेला पर्व पर चम्पावत में जगह-जगह हुए पौधरोपण कार्यक्रम

टनकपुर/चम्पावत : हरेला पर्व पर हरेला क्लब ने टनकपुर में वन विकास निगम और मंडी परिषद परिसर में पौधरोपण किया। हरेला क्लब के संरक्षक एडवोकेट धर्मेंद्र चन्द की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मंडी परिषद के सचिव दिलीप चन्द व वन विकास निगम के आरएम कुमाऊं क्षेत्र एमसी आर्या की मौजूदगी में पौधे रोपे गए। टनकपुर के न्यायालय परिसर में सिविल जज प्रियांशी नगरकोटी, सीओ शिवराज सिंह, कोतवाल योगेश उपाध्याय, एसएमआई सुरेंद्र कोरंगा, अनिल चौधरी पिंकी आदि ने पौधे रोपे। टनकपुर के शारदा वन रेंज में रेंजर पूरन चंद्र जोशी की अध्यक्षता और वन दरोगा महेश सिंह अधिकारी के संचालन में आयोजित अभियान में मुख्य अतिथि एसडीएम आकाश जोशी और विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार आदि ने पौधे रोपे। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम पंचायत डूंगरासेठी में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोहाघाट के ग्राम पंचायत पाटन पाटनी तथा जिला कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया। जिले में कुल 295 स्थान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए। डुंगरासेठी में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलेपमेंट एजेंसी का विशेष सहयोग रहा। आईटीबीपी, एसएसबी, पुलिस, एनसीसी जवानों, एनएसएस व नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं तथा महिला समूहों, मंगल दलों ने भी पौधरोपण किया। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि हरेला पर्व प्रकृति के संरक्षण की सीख देता है। आईटीबीपी के कमांडेंट धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमें भूकटाव रोकने व जल संरक्षण के लिए बाज- बुरांश के पौधे लगाने चाहिए। यहां विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, सीडीओ संजय कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख रेखा देवी, ब्लॉक प्रमुख लोहाघाट नेहा ढेक, डीएफओ आरसी कांडपाल आदि ने भी सभी से पौदरोपण की अपील की।

एसएसजे परिसर में रौपे चौड़ी पत्ती के पौधे

अल्मोड़ा। एसएसजे विवि अल्मोड़ा में मंगलवार को हरेला पर्व पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न चौड़ी पत्ती वाले पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यहां सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवेंद्र सिंह धामी, विपिन चंद्र जोशी, डॉ. तेजपाल सिंह, गोविंद मेर, विनीत कांडपाल, आलोक वर्मा आदि सहित प्रशासनिक भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित विद्यार्थी शामिल हुए।

सुख, समृद्धि व हरियाली का पर्व हरेला धूमधाम से मनाया

रानीखेत : हरेला पर्व यहां धूमधाम से मनाया गया। घरों में 10 दिन पहले बोये हरेले के डिकारों की प्रात में पूजा करने के बाद हरेला काटा गया। कुल पुरोहितों ने यजमानों के सिर पर हरेला रखकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान स्थानीय मंदिरों में भी भक्तजनों की भीड़ लगी रही।

'पर्यावरण बचूंल हम' कविता संकलन का लोकार्पण

अल्मोड़ा। राइंका नाई में हरेलापर्व पर पर्यावरण पर केंद्रित कुमाउनी बाल कविता संकलन 'पर्यावरण बचूंल हम' का लोकार्पण गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. पवनेश ठकुराठी ने कहा कि इस कविता संकलन में विद्यालय के बच्चों की कुल 25 कविताएं संकलित हैं। सभी कविताओं में बच्चों ने जल, जंगल और पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया है।

नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी हल्द्वानी से गिरफ्तार

- कई दिनों से फरार चल रहा था आरोपी युवक
- पुलिस ने आरोपी को बरेली रोड हल्द्वानी से दबोचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नाबालिग से दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को बरेली रोड हल्द्वानी से दबोचा। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बीते 21 जून को लमगड़ा थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म के संबंध में तहरीर सौंपी थी। तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज सिंह के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने खोजबीन की। गिरफ्तारी के बचने के लिए आरोपी ने फोन का प्रयोग करना भी बंद कर दिया। पुलिस ने हर संभावित स्थान पर उसे तलाशा मगर आरोपी बचता रहा। लगातार प्रयासों के बाद आखिर पुलिस ने उसका पता लगा ही लिया और आरोपी को बरेली रोड हल्द्वानी से दबोच लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राहुल राठी, हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत बोरा व नरेंद्र यादव शामिल रहे।

लमगड़ा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

हरेला पर्व पर हुआ वृहद पौधरोपण

रानीखेत : हरेला पर्व पर वन विभाग ने चिलियानौला क्षेत्र में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी पौधरोपण किया। इस मौके पर रेंजर तापस मिश्रा, अरुण रावत, मुकुल सती, हेमंत वर्मा, विपिन कड़कोटी, सोनू सिद्दीकी आदि वन कर्मी रहे। ग्राम तस्वाड़ में ताड़ीखेत ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। यहां ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत, बीडीओ ललित महावार, ग्राम प्रधान आंनद सिंह फर्त्याल आदि रहे। वहीं एसएसबी, वन विभाग तथा ग्रामीणों ने सीमांत मुख्यालय परिसर में 130 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। यहां उप महानिरीक्षक ओबी सिंह, कमांडेंट जयंत कुमार, देवाशीष पाल, द्वितीय कमान अधिकारी पूरन नेगी, कमल जोशी, अरविंद कुमार आदि रहे।

टनकपुर में पौध रोपण करते एसडीएम आकाश जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	80,716.55	24,613
बढ़त	51.69	26.30
प्रतिशत में	0.06	0.11

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, बुधवार, 17 जुलाई 2024

एक नजर

चना, तुअर और उड़द के भाव 4% गिरे, खुदरा दर में नरमी नहीं

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को कहा कि चना, तुअर और उड़द के भाव मंडियों में एक माह के दौरान चार प्रतिशत तक गिरे हैं पर खुदरा कीमतों में नरमी नहीं दिख रही है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार उपभोक्ता विभाग की सचिव निधि खरे ने खुदरा विक्रेता संघ (आरएआई) के साथ बैठक की। बैठक में आरएआई, रिलायंस रिटेल, डी मार्ट, टाटा स्टोर्स, स्पेंसर, आरएसपीजी, वी मार्ट आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

निर्यात को बढ़ाने वाली व्यवस्था सितंबर तक

नई दिल्ली। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने मंगलवार को कहा कि ई-कॉमर्स से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नियामकीय व्यवस्था सितंबर तक तैयार होने की उम्मीद है। वर्तमान में इस माध्यम से निर्यात पांच अरब डॉलर है, जबकि चीन का 300 अरब डॉलर है। ई-कॉमर्स से निर्यात को बढ़ाने की संभावनाएं हैं। मंत्रालय में राजस्व जैसे संबंधित विभागों तथा लॉजिस्टिक और 'मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म' जैसे क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। हम देश में ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं। हमने इसकी रूपरेखा पर चर्चा की।

सोना 550 तो चांदी 400 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती से आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 550 रुपये की मजबूती के साथ 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोना 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 94,400 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले सत्र में यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

समय पर कार्रवाई करेगा दूरसंचार मंत्रालय

दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार मंत्रालय, दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ चर्चा के दौरान चिन्हित मुद्दों पर तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई योजना पर काम करेगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने छह समितियों में से तीन के साथ बैठक की।

बैठक में रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी, भारती एयरटेल के संस्थापक तथा चेयरमैन सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ अक्षय मूंदड़ा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। सिंधिया ने कहा कि हमने इन समितियों के लिए एक मजबूत एजेंडा की पहचान की है। अब इन

● बैठक में जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के निदेशक हुए शामिल

समितियों के सदस्य और हम मिलकर काम करेंगे। उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एसपी कोचर भी बैठक में थे। सिंधिया ने कहा कि इन समितियों की पहली प्रस्तुति के लिए अलग कार्यक्रम हैं, जो कुछ सप्ताहों में होंगे। हम व्यक्तिगत मुद्दे पर विचार करेंगे, विवरण पर गहनता से ध्यान देंगे और कार्ययोजना, समयसीमा और कार्रवाई योग्य बिंदु तैयार करेंगे।

स्पेक्ट्रम के लिए एयरटेल, जियो, वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ का डिमांड नोटिस जारी

स्पेक्ट्रम नीलामी समाप्त होने के तीन सप्ताह बाद, दूरसंचार विभाग ने मंगलवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं - एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि के स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस भेजा। विभाग ने कंपनियों को पत्र भेज कर राशि जमा कराने को कहा है। भारती एयरटेल से 6,856.76 करोड़, वोडाफोन आइडिया से 3,510.40 करोड़ और रिलायंस जियो से 973.62 करोड़ रुपये जमाक कराने के लिए कहा गया है।

दरें बढ़ाने से कंपनियों का एआरपीयू होगा उच्च स्तर पर

मुंबई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि सभी निजी दूरसंचार सेवाप्रदाताओं द्वारा शुल्क दरें एक साथ बढ़ा देने से उनकी प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) वित्त वर्ष 2025-26 में 225 रुपये से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगी। एजेंसी ने कहा कि उच्च लाभप्रदता और कम पूंजीगत व्यय से दूरसंचार कंपनियों के क्रेडिट प्रोफाइल में भी सुधार होगा। 2023-24 की तुलना में 2025-26 में दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू 25 प्रतिशत बढ़ जाएगा। क्रिसिल के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक उद्योग का एआरपीयू पिछले वित्त वर्ष के 182 रुपये की तुलना में 225-230 रुपये के दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाना चाहिए।

सेबी ने पेटीएम को भेजा चेतावनी पत्र

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

● शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पीपीबीएल के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है। मामला 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है।

फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को जवाब देगी। सेबी ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है। पत्र के अनुसार इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए। पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की। बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था।

सेबी ने रीट, इनविट नियमों में किया संशोधन

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) निवेश ट्रस्ट रीट और इनविट के लिए यूनिट आधारित रोजगार लाभ योजना लेकर आया है। इसकी रूपरेखा के तहत सेबी ने ट्रस्ट के माध्यम से योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को रखा है। इसमें कर्मचारी लाभ ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्राप्त करने का तरीका और रीट (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) की तरफ से कर्मचारी लाभ ट्रस्ट को यूनिट के आवंटन का तरीका है। सेबी ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा है कि यूनिट-आधारित कर्मचारी लाभ योजना कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना की तरह होगी। कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना के तहत निवेश प्रबंधक कर्मचारी लाभ ट्रस्ट के माध्यम से अपने कर्मचारियों को यूनिट विकल्प प्रदान करता है। योजना का क्रियान्वयन कर्मचारी लाभ ट्रस्ट (ईबी ट्रस्ट) से किया जाएगा।

तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 अंक के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 233.44 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ

● सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर तो निफ्टी ने भी 24,600 अंक का बनाया रिकॉर्ड

रिकॉर्ड 80,898.30 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक में नुकसान से लाभ सीमित हुआ और दोनों सूचकांक दिन के उच्चस्तर से नीचे आये। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार से रिकॉर्ड तेजी पर हैं। इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली है। एफआईआई केंद्रीय बजट पेश होने से पहले भारतीय शेयरों में लिवाल बने हुए हैं। शेयरों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम से बाजार को समर्थन मिला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के अनुसार केंद्रीय बैंक ज्यादा आश्वस्त है कि मुद्रास्फीति दो प्रतिशत लक्ष्य की ओर वापस आ रही है।

हलवा समारोह : बजट तैयारियां अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

आम बजट 2024-25 के लिए तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हुआ, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद रहे। बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल हलवा समारोह होता है। इस वर्ष आम बजट 23 जुलाई, 2024 को पेश किया जाएगा।

वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट), अनुदान की मांग (डीजी), वित्त विधेयक आदि सहित सभी केंद्रीय बजट दस्तावेज भी डिजिटल सुविधा के सबसे सरल रूप का उपयोग करके संसद सदस्यों और जनता द्वारा बजट दस्तावेजों तक परेशानी मुक्त पहुंच के लिए केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप पर

हलवा बांटतीं केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण।

उपलब्ध होंगे। ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। 23 जुलाई को संसद में वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण पूरा होने के बाद बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। समारोह में वित्त मंत्रालय के सचिव और बजट तैयारी में शामिल अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।

बजट में राजकोषीय घाटा लक्ष्य घटाकर 5% कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। 11.8 लाख करोड़ के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ की कमी आने की भी बहुत संभावना है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जल प्रदूषण मामले में ईडी ने पूर्व विधायक की शराब कंपनी पर मारा छापा

जालंधर। ईडी ने मंगलवार को फिरोजपुर जिले में मिट्टी और भूजल के कथित प्रदूषण के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत पंजाब में शिअद के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के स्वामित्व वाली एक शराब कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शराब कंपनी के 7 परिसरों पर छापेमारी की। कंपनी मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व शराब व्यवसायी दीप मल्होत्रा, गौतम मल्होत्रा और उनके परिवार के पास है। पिछले साल फरवरी में ईडी ने गौतम मल्होत्रा को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

मणिपुर में केसीपी (एन) के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कंगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत व्यक्ति को खोंगजोम टेकचाम इलाके में अभियान के दौरान छुड़ा लिया तथा उनके पास से हथियार व गोला बारुद बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोनसाम रोहित सिंह (23), यांगलेम बिकास मेइती (24), थांगजाम चन्बा सिंह (27), मोइरांगथेम आनंद सिंह (37) और केइशाम नेल्सन सिंह (28) के रूप में की गयी है। उनके पास से 9 एम एम की चार पिस्तौल, 18 से अधिक कारतूस, चार पहिया वाहन और सात मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जिरिबाम जिले के मोंगबुंग गांव में एक जवान की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश ली तथा हथियार बरामद किए।

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन पर 4 राज्यों से मांगा जवाब, जुर्माना लगाने की दी चेतावनी

तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन मामलों की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि यदि राज्य छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं करते हैं तो उन पर 20,000 रुपये का

● खनन की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर कोर्ट कर रहा था सुनवाई

जुर्माना लगाया जाएगा। पीठ ने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता एम. अलगरसामी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि याचिका 2018 की है। उन्होंने कहा कि इन चार राज्यों ने नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अवैध रेत खनन की स्थिति पर हलफनामा दाखिल नहीं किया है।

भूषण ने कहा कि बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन जारी है जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और अब तक केवल पंजाब सरकार ने ही अपना जवाब दाखिल किया है। याचिकाकर्ता ने तमिलनाडु के बारे में मामले पर संक्षिप्त नोट दाखिल किया है और राज्य को इस पर जवाब देना चाहिए। पीठ ने तमिलनाडु से संक्षिप्त नोट पर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत ने 24 जनवरी 2019 को नोटिस जारी कर केंद्र, सीबीआई और पांच राज्यों को याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया था। याचिका में देश की नदियों और समुद्र तटों पर होने वाले अवैध रेत खनन के मुद्दे को उठाया गया है।

बिहारः वीआईपी प्रमुख सहनी के पिता की दरभंगा में हत्या, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

दरभंगा-पटना, एजेंसी

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम जांच कर रही है। जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार के निशान हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना को दुखद बताया तथा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नीतीश ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। एसएसपी रेड्डी के अनुसार, बिरौल अनुमंडल पुलिस के पदाधिकारी, बिरौल थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर हैं। जांच के लिए दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। घटना स्थल पर प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से जांच की जा रही है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने घटना को निंदनीय बताया है। बिहार के भाजपा प्रमुख चौधरी ने एक्स पर कहा, मुकेश सहनी के पिताजी की हत्या अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना है।

सहनी की हत्या की राहुल-प्रियंका ने की कड़ी निंदा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीआईपी के संस्थापक तथा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को निंदनीय बताया है। दोनो नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके पीड़ित परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सहनी परिवार को न्याय मिलना चाहिए। श्री गांधी ने कहा "विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और इंडिया गठबंधन के हमारे साथी मुकेश सहनी जी के पिता जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई, ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सीबीआई तथा ईडी से जवाब मांगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने यह दलील देते हुए जमानत देने का अनुरोध किया है कि वह 16 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा उसी चरण पर है जिस चरण पर पिछले साल अक्टूबर में था।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करने

आबकारी नीति मामला

● सिसोदिया ने जमानत पर पुनर्विचार करने के लिए याचिका की है दायर

के लिए सहमत हो गयी। सिसोदिया ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टचार तथा धन शोधन के मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए भी एक याचिका दायर की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए, 29 जुलाई तक जवाब दीजिए। सिसोदिया की ओर से पेश वकील विवेक जैन ने पीठ को बताया कि आप नेता 16 महीने से हिरासत में हैं।

रंगदारी मांगने पर एनआई ने दाखिल किया आरोपपत्र

पटना। एनआईए ने बिहार में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और नक्सली विचारधारा का प्रचार करने के मामले में भाकपा-माओवादी के सदस्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में एजेंसी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव उर्फ छोटा संदीप बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है और सोमवार को यहां की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल पूरक आरोपपत्र में उसे नामजद किया गया है। एनआईए ने मगध क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) द्वारा नक्सलवाद को फिर से उभारने की कोशिश करने के मामले में 26 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी।

राहुल के पास मानहानि की शिकायत पर शीघ्र निर्णय पाने का अधिकार

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है।

● बंबई हाईकोर्ट ने आरएसएस पर की कथित टिप्पणियों पर की सुनवाई

कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए ये टिप्पणी की। राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत की थी, जिसमें दावा कि था कि कांग्रेस नेता ने झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

अंतर्राज्यीय हथियार तस्करी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

अमृतसर। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) अमृतसर ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन .32 बोर पिस्तौल बरामद की हैं।

● 32 बोर की तीन पिस्तौल के अलावा तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के छोटा हरिपुरा के सुखदेव सिंह उर्फ मट्टू, साहिल उर्फ मस्त और गुरु नानक पुरा के प्रभजोत सिंह उर्फ प्रभ को गिरफ्तार किया गया है। टीमों ने तीन पिस्तौल के अलावा तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने बताया कि यह घटनाक्रम एसएसओसी अमृतसर द्वारा विदेशी आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा द्वारा समर्थित हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के एक दिन बाद सामने आया है। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था।

मजदूरों के राशनकार्ड का एक माह में सत्यापन करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राशनकार्ड जारी करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी के लिए मंगलवार को राज्यों को फटकार लगाई और उन्हें यह कवायद चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र को उन राज्यों को खाद्यान्न जारी करने का भी निर्देश दिया, जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का सत्यापन पूरा कर लिया है।

सत्यापन में देरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि यदि राज्य निर्धारित समय के भीतर सत्यापन

● प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी पर राज्यों को लगाई फटकार

प्रक्रिया पूरी करने में विफल रहते हैं तो वह संबंधित सचिवों को तलब करेगी। पीठ ने कहा कि सत्यापन चार महीने में क्यों पूरा नहीं हो सका? ये तो हद हो गई। चार महीने बाद भी आप यह कर रहे हैं और यह कहने की हिम्मत कर रहे हैं कि इसके लिए और दो महीने चाहिए हम निर्देश देते हैं कि पूरा सत्यापन चार सप्ताह में पूरा किया जाए।

बिहार-तेलंगाना ने पूरा किया कार्य

शीर्ष अदालत ने कहा कि बिहार और तेलंगाना ही ऐसे राज्य हैं जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कुछ राज्यों ने सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि अन्य ने या शुरू भी नहीं की है। एक और मुद्दा यह भी है कि राशन कार्ड जारी होने के बाद भी ये राज्य इन श्रमिकों को राशन जारी नहीं कर रहे हैं और राज्यों कहना है कि केंद्र सरकार ने इन लोगों के लिए अतिरिक्त राशन आवंटित नहीं किया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। अदालत ने निर्देश दिया था कि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों को दो महीने के भीतर राशन कार्ड उपलब्ध कराएं।

कंचनजंघा दुर्घटनाः जांच के दौरान मिलीं कई कमियां

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में 17 जून को एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है।

शंभू बॉर्डर से अवरोधक हटाने वाली याचिका पर 22 को सुप्रीम सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

● एक सप्ताह में बैरिकेड हटाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को दी गई है चुनौती

सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार की उस याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह के भीतर अवरोधक (बैरिकेड) हटाने संबंधी एक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता लोकेश सिंहल ने मंगलवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सुनवाई की आवश्यकता जताई। इसके बाद पीठ ने मामले को अगले सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 10 जुलाई के आदेश के खिलाफ दायर अपील में कहा गया है कि हरियाणा को प्रायोगिक आधार पर एक सप्ताह के भीतर शंभू बॉर्डर खोल देना चाहिए ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

खेल छोड़ने के कगार पर था : जेना

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने कहा है कि वह लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 2023 में खेल को छोड़ने की कगार पर थे लेकिन उन्होंने अपने पिता की सलाह मानी और अपने करियर में वापसी करने में सफल रहे। जेना ने स्वीकार किया कि तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने उन्हें भाला फेंक में और अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित किया था लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और पिछले साल जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले खेल को छोड़ने के बारे में सोचने लगे थे।

ओलंपिक 9 दिन शेष

जेना ने कहा, जब नीरज ओलंपिक में जीता तो हमने जश्न मनाया और उसकी जीत का आनंद लिया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो उस जीत से मैं हताश भी था क्योंकि मैं भी उसी खेल का हिस्सा था। मैंने महसूस किया कि यह मेरे लिए खेल में कुछ हासिल करने का समय था। अपनी रैंकिंग में गिरावट के बाद मैंने लेबनान राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और वहां भाले को 78 मीटर की दूरी तक ही फेंक पाया। अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद मैं काफी कुछ हासिल नहीं कर पाया।

मुझे संदेह होने लगा कि क्या इतनी कड़ी मेहनत करने का कोई मतलब है। मैंने अपने पिता को फोन किया जिन्होंने मुझे श्रीलंका में अगली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जेना ने लेबनान में (21 जुलाई को) 78.96 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की जो किसी भी मानक से मामूली प्रदर्शन था। जेना 2022 के अंत तक 80 मीटर के आंकड़े को पार नहीं कर पाए। उनका 80 मीटर से अधिक का पहला थ्रो मार्च 2023 में तिरुवनंतपुरम में इंडियन ग्रां प्री के दौरान आया जहां उन्होंने 81.05 मीटर की दूरी तय की। मैंने तय किया कि श्रीलंका में होने वाला टूर्नामेंट (30 जुलाई) मेरा आखिरी प्रयास होगा जिसके बाद मैं इसे छोड़ दूंगा और काम तथा परिवार को प्राथमिकता दूंगा। भगवान की कृपा से मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और 84.38 मीटर की थ्रो फेंकी जिससे मुझे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला।

मानसिक द्वंद्व से पार पाकर मोदगिल ने बनाई ओलंपिक में जगह

नई दिल्ली। पिछले साल एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बनाने से निराश निशानेबाज अंजुम मोदगिल ने मानसिक द्वंद्व से पार पाकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मोदगिल ने विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं लेकिन तोक्यो ओलंपिक में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। वह 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में 15वें और 10 मीटर एयर राइफल में 18वें स्थान पर रही थी। पेरिस ओलंपिक में वह केवल 50 मीटर 3 पोजीशन में भाग लेगी। मोदगिल ने स्वीकार किया कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद उनकी आंखें खुल गई। इसके बाद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता और अभ्यास पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा तोक्यो के बाद तीन साल मेरे लिए उतार-चढ़ाव वाले रहे। मैंने मुश्किल दौर देखा और मैं मजबूत वापसी करना चाहती थी।

लक्ष्य सेन को मिला बेहतर ड्रॉ का मौका, खुलकर खेलेगा : विमल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि उसे अपने पहले ओलंपिक में अच्छा ड्रॉ मिला है जिसमें अंडरडॉग होने के कारण वह खुलकर खेल सकेगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ओलंपिक पदक जीतने के लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन कारागी जैसे दिग्गजों से ग्रुप एल में पार पाना होगा।

भारत के पूर्व कोच विमल ने फ्रांस के मार्सेले से कहा मुझे लगता है कि ड्रॉ अच्छा है। उन्होंने कहा वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है। यह बराबरी का मामला है। दूसरे चरण में जाने के लिये मौकों को भुनाना होगा। मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। वह अंडरडॉग रहेगा जिससे खुलकर खेल सकेगा। लक्ष्य को बड़े मैचों का खिलाड़ी बताते हुए विमल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन क्रिस्टी को हरा सकेगा। ओलंपिक में भारत के लिये साइना नेहवाल (2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (2016 में रजत और 2020 में कांस्य) पदक जीत चुकी हैं। विमल ने कहा पिछले तीन सप्ताह से यू योंग सुंग इन चीजों पर उसके साथ काम कर रहे हैं। लक्ष्य ओलंपिक खेलने जा रहे पोपोव बंधुओं क्रिस्टो और टोमा जूनियर के साथ भी अभ्यास कर रहे हैं। लक्ष्य अपने कोच के साथ 22 जुलाई को पेरिस रवाना होंगे।

खेल डायरी

बावा का विश्व जू. स्क्वाश में पदक पक्का, अनाहत बाहर

चेन्नई। शौर्य बावा ने विश्व जूनियर में भारत का पदक पक्का कर दिया है अमेरिका के ह्यूस्टन में चल रही स्क्वैश चैंपियनशिप में सोमवार रात उन्होंने बालक वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बावा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बने हैं, इससे पहले 2014 में कुश कुमार विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के अंतिम चार में पहुंचे थे। 17/32 वरीयता प्राप्त दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने मलेशिया के लो वा-सर्न (17/32) को हराने के लिए रैली की। लड़कों के क्वार्टर फाइनल में 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से भारत का पदक पक्का हो गया। 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बावा निर्णायक पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए। उन्होंने उल्लेखनीय रूप से संघर्ष किया और उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की। अंतिम चार चरण में बावा का मुकाबला मिस्र के शीर्ष वरीय मोहम्मद जकारिया से होगा। इस बीच, हमवतन अनाहत सिंह (5/8) लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान से हार गईं। 16 वर्षीय भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन मिस्र के नादियान से पांच सेट के करीबी मुकाबले में एल्हम्मामी (3/4) से हार गए।

कर्नाटक विधानसभा ने विश्वविजेता टीम को दी बधाई

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर भारतीय क्रिकेट टीम और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को टी-20 विश्व कप में उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने पढ़ा, जिन्होंने विश्वकप में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टीम की सराहना की। रोहित शर्मा के नेतृत्व और द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपना 11 साल का इंतजार खत्म किया था। पूर्व भारतीय कप्तान और तत्कालीन कोच कर्नाटक के राहुल द्रविड़ ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रस्ताव में द्रविड़ और टीम इंडिया को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी गई, जिससे देश को खुशी और गर्व हुआ है। खादर ने कहा कर्नाटक के लोगों की ओर से हम रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में टीम को देश के लिए विश्व कप जीतने के लिए बधाई देते हैं। यह प्रस्ताव भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री एस सुरेश कुमार ने पेश किया, जिन्होंने सरकार से द्रविड़ की उपलब्धि को पहचानने और टीम को उनकी जीत के लिए बधाई देने का आग्रह किया। प्रस्ताव को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

पंजाब एफसी ने पांच खिलाड़ियों को किया रिटेन

मोहाली। पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीजन से पहले पांच भारतीय खिलाड़ियों को आज रिटेन करने की घोषणा की है। युवा मिडफील्डर आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग, मंगलेथांग किपगेन, अनुभवी डिफेंडर सुरेश मैतेई और गोलकीपर रवि कुमार ने कई साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हुए क्लब में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है। वे पिछले सीजन में क्लब के लिए प्रमुख खिलाड़ी थे और क्लब ने इन खिलाड़ियों पर अपना भरोसा बरकरार रखा है। रवि और आशीष ने अपना अनुबंध मई 2026 तक बढ़ा दिया है, जबकि सुरेश और रिकी ने मई 2027 तक दो साल का अनुबंध किया है। क्लब ने किपगेन का अनुबंध मई 2028 तक बढ़ा दिया है। रवि ने पिछले आईएसएल सीजन में 16 मैच खेले थे और तीन क्लीन शीट रखते हुए 47 बचाव किए। सेंटर बैक सुरेश मैतेई ने टीम के डिफेंसिव प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 14 बार टीम के लिए खेला है और एक बार सहायता भी की है। आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग और मैंगलेंथांग किपगेन ने ग्राउंड के मध्य में मज़बूती और रचनात्मकता जोड़ते हुए क्रमश: 17, 10 और चार टीम के लिए प्रदर्शन किया है।

मेस्सी के लिए फिटनेस बनी राह का रोड़ा

फिटनेस टेस्ट में मेस्सी फेल, छठा विश्व कप खेलने को लेकर संशय, यूरो कप फाइनल में हुए थे चोटिल

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अपने करियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने आखिरी किले में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा। अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है।

37 वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे। कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा। इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके। उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया। मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं।

चोट से जल्द वापसी की उम्मीद

मियामी। मेस्सी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा शुक्र है कि मैं ठीक हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर से मैदान पर वह काम करूंगा जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। नंबर 10 ने कहा मैं बहुत खुश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और फिडे डि मारिया हमें छोड़कर चली गई है, लेकिन एक और ट्रॉफी के साथ। उनके जैसे पुराने खिलाड़ी, ओटा निकोलस ओटामेंडी हम एक टीम हैं और एक परिवार भी हैं। अधिकांश टखने की मोचों के ठीक होने के लिए कम से कम तीन सप्ताह की अवधि की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ है कि मेसी के अगस्त तक अपने क्लब, इंटर मियामी के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

भगदड़ में कोलंबिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष समेत 27 गिरफ्तार

मियामी गार्डन्स। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया। दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रेमन 2015 से कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष हैं और कोपा अमेरिका टूर्नामेंट कराने वाले दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष भी हैं। संगठन ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि अनगिनत दर्शक बिना टिकट मैदान में घुस गए और टूर्नामेंट की छवि खराब की जिसका उसे खेद है। इस वजह से खेल भी एक घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ।

इंग्लैंड फुटबॉल टीम : मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

लंदन। यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं। उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा इंग्लैंड टीम के लिए खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिए गर्व की बात रही। यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया, लेकिन अब बदलाव का समय है, एक नए अध्याय का समय है। उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची, लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिए तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

टी-20 में हार्दिक होंगे भारत के कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 शृंखला खेलेगी टीम इंडिया
- सचिव ने कहा- स्टार क्रिकेटरों को भी खेलेने होंगे घरेलू मैच

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट शृंखला में भारत के कप्तान होंगे। पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे शृंखला नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया हार्दिक पंड्या भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे। रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टी-20 शृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव। वनडे शृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छूट दी गई है। बीसीसीआई चाहता है कि बाकी सभी टेस्ट विशेषज्ञ अगस्त में दलीप ट्रॉफी का कम से कम एक मैच खेलें। इसके बाद टीम को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट शृंखला खेलनी है।

हरमनप्रीत टी-20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर पहुंचीं

दुबई, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

बॉलीवुड हलचल

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की आने वाली फिल्म स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री सुपरहिट साबित हुई थी। जल्द ही स्त्री का सीक्वल स्त्री 2 प्रदर्शित होने वाली है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म स्त्री 2 का एक पोस्टर साझा करते हुए ट्रेलर रिलीज की जानकारी दी है। श्रद्धा कपूर ने बताया कि स्त्री 2 का ट्रेलर 18 जुलाई को जारी किया जाएगा। अपने एक्स अकाउंट पर श्रद्धा ने नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक बड़ी सूचना, ओ स्त्री आ रही है 2 दिन में। स्त्री 2 का ट्रेलर 2 दिन में जारी होगा। इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2024 को लीजेंड वापस आ रहे हैं।

जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म उलझ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। उलझ में जाह्नवी के किरदार का नाम सुहाना भाटिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ी होती हैं और उन्हें सबसे युवा डिप्टी हाई कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया जाता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे लंदन की एंबेसी में एक खबरी होता है, जिसकी वजह से हर मौजूदा शख्स शक के घेरे में होता है। जिसके बाद जाह्नवी कपूर उस खबरी को ढूंढने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगाती हैं और खुद ही उनके जाल में फंस जाती हैं। जंगली पिक्चर्स प्रस्तुत, सुधांशु सारिया के निर्देशन में बनी फिल्म उल्झ में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, मियांग चेंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के सामने विलेन बनेंगे अभिषेक बच्चन!

मुंबई। बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में विलेन के किरदार में नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफ्लिक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की आने वाली फिल्म किंग में शाहरूख खान और उनकी बेटी सुहाना की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। फिल्म किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे। अभिषेक विलेन बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन औ शाहरुख खान इसके पहले कभी अलविदा न कहना और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। किंग की शूटिंग की तैयारियां इन दिनों लंदन में तेजी से चल रही हैं। शूटिंग नवंबर महीने में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

बदलाव जरूरी | पेरिस खेलों में 30 से भी अधिक वर्षों के बाद क्ले कोर्ट पर होगी ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा

लाल बजरी पर भिड़ने को तैयार टेनिस के दिग्गज

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक के दौरान अधिकांश खेलों में प्रतिस्पर्धा की सतह नहीं बदलती लेकिन टेनिस ऐसा खेल है जिसकी सतह टूर्नामेंट के साथ बदल सकती है। पेरिस खेलों के दौरान 30 से भी अधिक वर्षों के बाद ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा लाल बजरी (क्ले कोर्ट) पर होगी। टेनिस मुकाबले उसी रोलां गैरो पर होंगे जिसने जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन की मेजबानी की थी।

खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के बाद जुलाई की शुरुआत में होने वाले विंबलडन के लिए खुद को घास के कोर्ट के अनुकूल ढाला और अब एक बार फिर उन्हें बेहद कम समय में क्ले कोर्ट से सामंजस्य बैठाना होगा। विंबलडन खत्म होने के दो हफ्ते बाद 27 जुलाई से रोलां गैरो ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा की मेजबानी करेगा और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह अधिक चिंता की बात है। शीर्ष 10 में शामिल अमेरिका की जेसिका पेगुला ने कहा, यह निश्चित तौर पर रोमांचक होगा लेकिन सभी को ऐसा करना पड़ेगा। हम सभी एक ही नाव में सवार हैं। पेगुला को महिला एकल के अलावा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ के साथ महिला युगल में भी हिस्सा लेना है। पेगुला ने कहा मुझे आम तौर पर कोर्ट बदलने के साथ खेल बदलने में परेशानी नहीं होती। मुझे यहां के कोर्ट पसंद हैं। पेरिस में जब मौसम गर्म होता है तो कोर्ट से गेंद काफी अच्छी तरह आती है। कजाखिस्तान की एलेना रिबाकिना ने कहा मैं पहली बार घास के कोर्ट पर खेलने के बाद क्ले कोर्ट पर खेलूंगी। यह आसान नहीं होता। शारीरिक तौर पर यह आसान नहीं होता, मानसिक तौर पर भी।

सुमित को करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

नई दिल्ली। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी। नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

ओमान की मस्जिद में गोलीबारी पांच की मौत, कई लोग घायल

दुबई, एजेंसी

- पाकिस्तान की सरकार का दावा घटना में उसके चार नागरिक मारे गए और 30 घायल हो गए
- ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए

ओमान की एक शिया मस्जिद में कई हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया है कि इस घटना में उसके चार नागरिक मारे गए हैं और 30 घायल हो गए हैं।

रॉयल ओमान पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह गोलीबारी ओमान की राजधानी मस्कट के वादी कबीर इलाके में सोमवार रात को हुई। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए।

एजेंसी ने जानकारी दी इस घटना में विभिन्न देशों के 28 नागरिक घायल हो गए हैं। गोलीबारी की यह घटना आशूरा की पूर्व संध्या पर हुई। आशूरा पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह इमाम बारगाह अली बिन अबू तालिब मस्जिद पर हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

पाकिस्तान के सूचना कार्यालय द्वारा जारी एक अलग बयान में कहा गया कि सरकार इस बात से खुश है कि ओमान सरकार ने हमलावरों को मार गिराया है और पाकिस्तान ने मुहर्रम के पवित्र महीने में इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने में सहायता की पेशकश की है।

ओमान की पुलिस ने कहा है कि इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर हमले से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

नेपाल के नए उप प्रधानमंत्री से मिले भारतीय राजदूत

काठमांडू, एजेंसी

- द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की

नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवनियुक्त उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा से मुलाकात की और द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की। श्रीवास्तव ने शहरी विकास मंत्री सिंह और राणा से उनके कार्यालयों में मुलाकात की। दोनों ने प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार के हिस्से के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, बैठक के दौरान श्रीवास्तव और सिंह ने द्विपक्षीय हितों और आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

इस अवसर पर राजदूत श्रीवास्तव ने उप प्रधानमंत्री सिंह को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। बैठक के बाद मंत्रालय में सचिव मणिराम गेलल ने मीडियाकर्मियों को बताया, इस अवसर पर उप प्रधानमंत्री सिंह और राजदूत श्रीवास्तव ने नदी प्रदूषण नियंत्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भारत के संभावित सहयोग पर चर्चा की।

सरकारी नौकरियों में कोटा को लेकर झड़प

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़प में 50 से अधिक लोग घायल
- हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाईं

बांग्लादेश की राजधानी के बाहर एक विश्वविद्यालय में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़पों के दौरान 50 से अधिक लोग घायल हो गए। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाईं। पुलिस और छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह घटना ढाका के बाहरी इलाके सावर में जहांगीर नगर विश्वविद्यालय में हुई, जहां प्रदर्शनकारी छात्र 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के परिवार के सदस्यों के लिए सरकारी नौकरी में कोटा समाप्त करने की मांग कर रहे थे। इसके तहत महिलाओं, दिव्यांगों और जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए भी आरक्षण का प्रावधान है। इस प्रणाली को 2018 में निलंबित कर दिया गया था, जिससे उस समय इसी तरह के विरोध प्रदर्शन रुक गए थे। लेकिन, पिछले महीने बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले नायकों के परिवार के सदस्यों के लिए 30 प्रतिशत कोटा बहाल करने का आदेश दिया।

ढाका में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के दौरान पुलिस ने बरसाईं लाठियां। ● एजेंसी

एक नजर

26 सितंबर को संरा महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवत: 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के राष्ट्राध्यक्ष 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है।

भारत का समर्थन गर्व का विषय : यूएनआरडब्ल्यूए

यरुशलम। गाजा पट्टी में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी ने मंगलवार को वृहद राजनीतिक और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद भारत के निरंतर समर्थन को गर्व का विषय बताया। भारत ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यू) के मुख्य कार्यक्रम और सेवाओं के लिए सोमवार को 25 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता दी।

रूसी विदेश मंत्री लावरोव पहुंचे न्यूयॉर्क

न्यूयार्क। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं और वह 16-17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। स्पूतनिक संवाददाता ने मंगलवार को बताया कि गत एक जुलाई को रूस ने एक महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली। लावरोव आज बहुपक्षीय सहयोग पर होने वाली वार्ता में शामिल होंगे और बुधवार को वह फिलिस्तीनी मुद्दे सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

अमेरिका में बर्ड फ्लू के चार नए मानव मामले

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के कोलोराडो प्रान्त में बर्ड फ्लू संक्रमण के चार नए मानव मामलों की पुष्टि की गई है जिससे वर्ष 2022 से इसके कुल नौ मामले दर्ज हो गये। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने यह जानकारी दी। सीडीसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य द्वारा शुक्रवार को चार अनुमानित सकारात्मक मामले दर्ज किए गए और सीडीसी ने रविवार को संक्रमण की पुष्टि की।

मॉरीशस की प्रगति में रहेगा भारत का समर्थन: जयशंकर

विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने यात्रा पर आए विदेश मंत्री

पोर्ट लुईस (मॉरीशस), एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुनः नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है।

जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण तथा अंतरिक्ष एवं नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। जयशंकर और जगन्नाथ ने मॉरीशस में सातवीं पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे। यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की पड़ोस प्रथम की नीति, विजन सागर और ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। उसने कहा कि विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि द्वीप की 12 लाख की आबादी में लगभग 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 7वीं पीढ़ी के मॉरीशस नागरिकों को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड वितरित किए। साथ में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ।

गुरुद्वारा में हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही

लंदन। दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में पिछले हफ्ते एक गुरुद्वारा में हुए हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में 17 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया गया और उसपर कई आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। केंट पुलिस ने कहा कि किशोर मेडस्टोन क्राउन कोर्ट में पेश हुआ। उसे गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ हिंसा की धमकी देने, धारदार हथियार से व्यक्ति को धमकी देने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने को लेकर आरोपित किया गया।

ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा में 11 जुलाई को हुई घटना को लेकर उसे अदालत ने जमानत दे दी और एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के अधिकारियों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। केंट पुलिस के लिए नॉर्थ केंट डिवीजनल कमांडर, मुख्य अधीक्षक एंगी चम्पन ने कहा, यह एक अलग-थलग घटना है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आतंकवाद से जुड़ी घटना नहीं है। उन्होंने कहा, घटना की जांच घृणा से प्रेरित अपराध के तौर पर कर रहे हैं। जांच के दौरान सहयोग करने के लिए स्थानीय समुदाय का मैं शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइल द्वारा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एवं मंगलवार को गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र पर की गई बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक हमला इजराइल द्वारा घोषित सुरक्षित क्षेत्र में भी किया गया। इजराइल ने सबसे घातक हमला दोपहर में किया जो मुवासी के दक्षिणी शहर खान यूनिस के बाहर एक गैस स्टेशन के पास हुआ।

खान यूनिस के नसर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में 17 लोगों की मौत हुई है। यह हमला उसी इलाके में हुआ, जहां गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि शनिवार को हुए हमले में 90 से ज्यादा से फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इजराइल ने कहा था कि हमला हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद देइफ को निशाना बनाकर किया गया था। एक अन्य हमला नुसरियात और जोवाइदा के शरणार्थी शिविरों पर किया गया, जिनमें 10 महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गोला नुसरियात के एक स्कूल पर गिरा जिसमें लोगों ने शरण ले रखी थी। इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं के मुताबिक खान यूनिस और दक्षिणी गाजा में सोमवार रात को किए गए दो हमलों में 12 लोगों की मौत हुई है। पश्चिमी तट पर भी हिंसा बढ़ गई है। मंगलवार को एक फलस्तीनी ने एक इजराइली पुलिसकर्मी को चाकू से हमला कर मामूली रूप से घायल कर दिया। जवाब में एक दूसरे अधिकारी ने गोली चलाई जिससे हमलावर की मौत हो गई।

लेबनान पर इजराइली हमलों में दो मारे गए

बेरूत। लेबनान के दक्षिणी सीमावर्ती गांवों पर सोमवार को इज़रायली हवाई हमलों में दो नागरिक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने बताया कि इज़राइली सेना ने सात कस्बों और गांवों पर नौ हवाई हमले किए और दस सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर लगभग 50 गोले दागे। सूत्रों ने बताया कि इज़रायली युद्धक विमान ने सीमा क्षेत्र के मध्य भाग में बिंट जेबिल शहर में एक घर पर दो हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हमला किया, जिसमें दो नागरिक मारे गए और परिवार का तीसरा व्यक्ति घायल हो गया।

नेपाल भूस्खलन मामले में अब तक 14 शव निकाले गए

काठमांडू। नेपाल में यात्रियों की दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में बचावकर्मियों ने अब तक 14 शव निकाले हैं, जिनमें से छह शव भारतीय नागरिकों के हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। आठ शवों की शिनाख्त कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। इसमें से छह भारतीय नागरिक हैं। अन्य की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

नेपाल की राजधानी को देश के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर काठमांडू से करीब 120 किलोमीटर पश्चिम में सिमलताल के पास शुक्रवार की सुबह दो बसें भूस्खलन के मलबे के साथ बह गई थीं। चितवन जिला प्रशासन कार्यालय ने दोनों बसों में सवार कुल 65 लोगों के नाम और विवरण के साथ एक सूची प्रकाशित की। एक बस में 38 लोग और दूसरी में 27 लोग सवार थे। एक बस से किसी तरह बाहर निकलने के बाद तीन लोग बच गए। पुलिस और सेना के सैकड़ों बचावकर्मियों ने मंगलवार को नदी और निचले इलाकों में खोज की, लेकिन उन्हें अभी तक दोनों लापता बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

फिलीपींस में डेंगू से मरने वालों की संख्या 233 पहुंची

मनीला। फिलीपींस में इस साल जनवरी से 29 जून तक डेंगू से मरने वालों की संख्या 233 तक पहुंच गई है। बारिश के मौसम में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। देश के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्वास्थ्य सहायक सचिव अल्बर्ट डोमिंगो ने कहा कि डीओएच ने जनवरी से 29 जून तक 90,119 डेंगू के मामले दर्ज किए जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि देश के 17 क्षेत्रों में से सात में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, वर्षा के कारण डेंगू के मामले उम्मीद के मुताबिक बढ़ रहे हैं जहां अधिक पानी जमा हो जाता है और रुक जाता है। अगर इसे रोका नहीं गया तो डेंगू फैलाने वाले मच्छर इन रुके हुए पानी के तालाबों में प्रजनन करेंगे।

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग देंगे इस्तीफा

लंदन, एजेंसी

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग ने मंगलवार को कहा कि उनके चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद के सिलसिले में वह पद से इस्तीफा देंगे। गेथिंग ने कहा, मैंने आज सुबह, वेल्स लेबर पार्टी के नेता और सरकार के प्रमुख के तौर पर इस्तीफा देने का यह मुश्किल फैसला लिया। गेथिंग ने अपनी सरकार के चार मंत्रियों के इस्तीफे के बाद उनके भी त्यागपत्र की मांग किये जाने पर यह घोषणा की।

गेथिंग ने मार्च में वेल्स सरकार का प्रमुख चुने जाने के साथ इतिहास रच दिया था क्योंकि वह ब्रिटेन में किसी सरकार के पहले अश्वेत प्रमुख बने थे। वह चुनाव प्रचार अभियान के दौरान चंदा के रूप में 2,55,000 अमेरिकी डॉलर उस कंपनी से लेने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं जिसका मालिक पर्यावरणीय नियमों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमन के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। इस्तीफे से संबंधित बयान में गेथिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि गर्मियों के मौसम के दौरान मेरे नेतृत्व में पुनर्निर्माण और नवीकरण होगा। उन्होंने कहा, मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं है। वेल्स की आबादी लगभग 30 लाख है। यह ब्रिटेन के चार हिस्सों में एक है।

● चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद को लेकर फैसला लिया

इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध हताशा में उठाया कदम : मीडिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रमुख अखबारों ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना करते हुए इसे हताशा और भयवश लिया गया राजनीतिक फैसला करार दिया और इसे वापस लेने की मांग की। द डॉन, द एक्सप्रेस ट्रिब्यून और द न्यूज जैसे प्रमुख अंग्रेजी अखबारों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नीत सरकार द्वारा खान नीत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की बढ़ती ताकत का राजनीतिक तरीके से मुकाबला करने के बजाय कठोर कदम उठाने की आलोचना की। इन अखबारों में प्रकाशित संपादकीय में इस बात पर संदेह व्यक्त किया गया है कि उच्चतम न्यायालय सरकार के निर्णय का समर्थन करेगा। सरकार ने इमरान खान और पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी एवं अन्य पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की भी चेतावनी दी है।

ट्रंप राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित

मिल्वौकी, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए पार्टी के प्रतिनिधियों का आवश्यक बहुमत हासिल कर लिया है। उन्होंने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल किया है। ट्रंप अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के प्रतिनिधियों से हासिल बहुमत से ही राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ में शामिल हुए हैं, जिसकी घोषणा उनके पुत्र एरिक ट्रंप ने की।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की 2016 में हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ अपनी जीत और 2020 में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपनी हार के बाद वह लगातार तीसरे चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ के माध्यम से घोषणा की कि उन्होंने ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस को अपना उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। वेंस, जो 2022 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुने गए और जनवरी 2023 में पद की शपथ ली।

रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के पहले दिन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जे डी वेंस।

देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओहायो के सीनेटर जे डी वेंस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश से जुड़े मुद्दों पर उनका रुख ट्रंप के जैसा ही है। प्रचार के सिलसिलेवार कार्यक्रम के लिए नेवाडा रवाना होने से कुछ समय पहले एंड्रयूज वायु सेना अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में बाइडन ने कहा, देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा ही है। मुझे दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आता।

खगोल विज्ञान शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन से होगी शुरुआत, नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की

बैलूनयान के जरिए होगा ग्रहों की जमीन से आसमान का अध्ययन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अध्ययन रोबोट व हैलीकॉप्टर के जरिए होते आया है। जिसे विस्तार देते हुए अब बैलूनयान को शामिल किया जा रहा है, जो जमीन से लेकर आसमान का अध्ययन करने में कारगर साबित होगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की है।

बैलून लोकोमोशन फॉर एक्सट्रीम टेरेन की खासियत यह है कि यह उड़ने के साथ चलने फिरने में भी सक्षम होगा। इस अवधारणा पर प्रारंभिक शोध 2018 में नासा इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स द्वारा शुरू हुआ। शोध से पता चला कि गुब्बारे की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक ही समय में दो विपरीत पैरों की आवश्यकता होगी। साथ ही जमीन भौतिक अवस्था को भी ध्यान में रखना होगा। ताकि प्रत्येक परिस्थितियों में पर गुब्बारे को सुरक्षित खड़ा रख सके। गुब्बारे को इस तरह से बनाया जाएगा, जो पृथ्वी के समान स्थितियों में वायुमंडल में तैर सकता हो। गुब्बारे के परीक्षण के लिए मंगल ग्रह भेजे जाने का विचार किया गया, लेकिन मंगल से बेहतर परिस्थितियां टाइटन पर हो सकती हैं। टाइटन दोनों परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ है। जिसमें जमीनी व आसमानी वातावरण अनुकूल होगा।

टाइटन में देखने परखने के लिए कई दिलचस्प स्थान हैं, जिनमें क्रायोवोल्कैनो और मीथेन की झीलें शामिल हैं। जो टाइटन के वातावरण की जांच कर कई रहस्य उजागर कर सकेगा। इस योजना को लेकर अभी भी बहुत सारे डिज़ाइन पर विचार किया जा रहा है।

बैलून अंतरिक्ष यान का डिजाइन।

उन्नत होगी बैलून तकनीक

नैनीताल : नासा के वैज्ञानिकों का मानना है कि बैलून तकनीक उन्नत होगी। पिछले छह साल पहले इस पर विचार आया और इसे सफल बनाने के लिए शोध किया गया। दूसरे ग्रहों के वातावरण को अध्ययन में शामिल किया गया। प्रारंभिक तैयारियों के साथ इसे अमली जामा पहनाने की है। जिस पर जल्द कार्रवाई होने की उम्मीद है।

सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है टाइटन

नैनीताल : शनि ग्रह का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा चन्द्र है जो बृहस्पति के ग्यानिमेड चांद से थोड़ा ही छोटा है। टाइटन का व्यास 5150 किलोमीटर है। साथ ही ये हमारे पड़ोसी ग्रह मंगल से भी थोड़ा ही छोटा है। इस चांद में वायुमंडल की उपस्थिति ही सबसे मुख्य विशेषता है।

सैन्य छावनी पर हमले में 8 पाकिस्तानी सैनिक और 10 आतंकी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षा बलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक बयान में कहा गया है कि हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। ये आतंकी सोमवार को बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बयान के मुताबिक, हमले का प्रयास असफल होने पर आंतकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को छावनी की दीवार से टकरा दिया, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

अफगानिस्तान में तूफान बाढ़ से 40 की गई जान

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या 40 हो गयी है जबकि घायलों की संख्या 347 हो गयी है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत ज़मान अमरखिल ने कहा कि घायलों के इलाज के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है अमरखिल ने हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर को अचानक आई प्राकृतिक आपदा से प्रांतीय राजधानी जलालाबाद, सुख रोड जिले और पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के इलाकों में बड़ी संख्या में लोग मारे गये और देश को वित्तीय क्षति हुई। इसी तरह, सोमवार सुबह पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के अधिकांश हिस्सों में अचानक आई बाढ़ के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। देश में मई से अब तक भारी बारिश तथा बाढ़ से चार सौ से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

सड़क हादसे में 17 की मौत

पुल-ए-खुमरी। अफ़गानिस्तान के उत्तरी बघलान प्रांत में यात्रियों से भरी बस एक नाले में गिर गयी, जिससे 17 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस मौलवी शिर अहमद बुरहानी ने दी। यह दुर्घटना मंगलवार को खिंजन जिले में लापरवाह तरीके से ड्राइविंग करने से हुई। जिसमें तीन बच्चे व दो महिलाओं समेत 17 लोगों की मौत हो गयी।